वर्ष – 02 अंक – 07, ISSN-2993-4648

शोध उत्कर्ष
Shodh Utkarsh

A Peer Reviewed Refereed Multidisciplinary Quarterly international E- Research Journal, Impact factor-03

जुलाई - सितम्बर - 2024



https://shodhutkarsh.com

अतिथि संपादक - डॉ.बालेन्द्र सिंह यादव   त्रैमासिक ऑनलाइन जर्नल - 'शोध उत्कर्ष'

शोध उत्कर्ष Shodh Utkarsh (RESEARCH ARETE JOURNAL)

शोध उत्कर्ष
Shodh Utkarsh

A Peer Reviewed Refereed Multidisciplinary Quarterly international E- Research Journal

वर्ष-02 अंक -07 जुलाई - सितम्बर -2024

सलाहकार मण्डल (Advisory Board)

Shri Jai Prakash Pandey
Director-Department of Education And Literacy, Ministery Of Education, Govt.Of India.
Prof. Prabha Shankar Shukla
Vice Chancellor North Eastern Hill University (NEHU) Shillong
डॉ. कन्हैया त्रिपाठी पूर्व (OSD),महामहिम राष्ट्रपति 'भारत'
प्रो. दिनेश कुशवाह,रीवा (म.प्र.)
प्रो. राजेश कुमार गर्ग प्रयागराज (उ.प्र.)
प्रो. अनुराग मिश्रा द्वारका, नई दिल्ली
प्रो. के. एस. नेताम सीधी (म.प्र.)
डॉ.एम.जी. एच. जैदी पन्त नगर (उत्तराखण्ड)
डॉ.राजकुमार उपाध्याय 'मणि' बठिंडा (पंजाब)
डॉ. संगीता मसीह शहडोल (म.प्र.)
डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव मोतिहारी विहार
डॉ. अनिल कुमार दीक्षित,भोपाल (म.प्र.)
श्री संकर्षण मिश्रा ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड
प्रो.एम.यू.सिद्दीक़ी सिंगरौली (म.प्र.)
डॉ. बी.पी. बडोला (हिमांचल प्रदेश)
डॉ.अजय चौधरी,नागपुर (महारष्ट्र)
श्री प्रदीप कुमार- मूल्यांकक केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली
डॉ. रेणु सिन्हा,रांची- (झारखंड)
डॉ. निशा मुरलीधरन,वड़पलनी- चेन्नई
डॉ. अंजलि एस. एर्नाकुलम, (केरल)
श्री पांडुरंग एस. जाधव बेंगलुरु, (कर्नाटक)

संपादक मंडल

प्रधान संपादक -डॉ. एन. पी. प्रजापति सह संपादक - प्रो.यूरी बोत्वींकिन तारास शेव्चेंको कीव (युक्रेन), प्रो.सिराजुद्दीन नूर्मतोव (उज़्बेकिस्तान गणराज्य) डॉ.मंजुला चौहान (कर्णाटक) कार्यकारी संपादक -प्रो. रीनू रानी मिश्रा (उत्तराखंड), डॉ. संतोष कुमार सोनकर अमरकंटक (म.प्र.)प्रो. मोहन लाल 'आर्य' निदेशक एवं डीन IFTM (U.P.) डॉ. बालेन्द्र सिंह यादव, उँचाहार–रायबरेली(उ.प्र.) डॉ.उमाकांत सिंह सिंरौली (म.प्र.) कैप्टन डॉ.बाबासाहेब माने पुणे (महाराष्ट्र)

लेख भेजने के लिए :– Mail-ID-shodh utkasrsh@gmail.com नोट:- पत्रिका में प्रकाशित लेख / शोध आदि में विवाद की स्थिति में लेखक / शोधार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे. पत्रिका के बारे मे विस्तार से जानने के लिए देखें:-
Website:–http:// www.shodhutkarsh.com
प्रकाशक :-
Radha publications
Mail id-radhapub@gmail.com फोन -087505 51515, 9350551515 Website:-https://radhapublications.com
पता :-4231, 1, Ansari Rd, Delhi Gate, Daryaganj, New Delhi, Delhi, 110002

दलित उत्कर्ष समिति द्वारा प्रकाशित

शोध उत्कर्ष
Shodh Utkarsh
A Peer Reviewed Refereed Multidisciplinary Quarterly international Research E-Journal
वर्ष-02 अंक - 07 जुलाई - सितम्बर -2024

Table of Content

S.N.	Title and Name of Author(s)	Page No.
	संपादकीय-	01
1.	मन्नू भंडारी के 'आपका बंटी' उपन्यास में स्त्री-पुरुष सम्बन्धों का बिखराव एवं किशोरवय पर उसका दुष्प्रभाव- **प्रो. यशवंत सिंह**	2-4
2.	गद्दी समुदाय के अधिष्ठाता-कुलदेव कार्तिक स्वामी - **प्रो. (डॉ.) सुमन शर्मा & डॉ. भरत सिंह**	5-8
3.	वागर्थ के गौरव : कवि केदारनाथ अग्रवाल **- प्रो. चंद्रकांत सिंह**	9-12
4.	बघेली भाषा में कविता के विविध आयाम - **डॉ. निरपत प्रसाद प्रजापति**	13-17
5.	ग्रामीण भारतीय विद्यार्थी और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 **- श्रीमती मोनिका शर्मा**	17-18
6.	लोकगीत का महत्व एवं विशेषताएँ महाकौशल क्षेत्र की गोंड जनजाति विशेष सम्बन्ध में- **पूजा दाहिया&गोविंद पाण्डेय**	19-23
7.	तुलसी के राम **- डॉ. निशा पटेल**	23-24
8.	मलयालम लेखिका कमला सुरैया की कहानियों में मातृत्व की झलक - **डॉ. सनोज पी.आर**	25-26
9.	Role of tourism development schemes like VCSGPSY in tourism development in the state of Uttarakhand - **Rohit Joshi & Prof. B. D. Kavidayal**	27-34
10.	International initiatives for Disabled children- **Dr.Nibedita Priyadarshani**	35-39
11.	'JHARCRAFT': An Interventional Development for Tribes in Jharkhand- **Amit Kumar**	40-46
12.	राम भक्ति काव्य परंपरा में महाकवि तुलसी का स्थान **- डॉ. सजिना. पी. एस.**	47-48
13.	अपनों के बीच में पराए हो जाने की पीड़ा की मार्मिक अभिव्यंजना- 'वापसी' कहानी **- डॉ. प्रमोद पडवळ**	49-51
14.	सुभद्रा कुमारी चौहान एवं स्त्री दृष्टि - **प्रियंका सिंह**	52-53
15.	हिमांशु जोशी कृत 'कगार की आग' उपन्यास में ऑचलिकता **- नवीन नाथ**	53-54
16.	परसाई की पारसाईता - **चेतन चंद्र जोशी**	55-56
17.	A Complete Investigation of The Chemistry and Molecular Pharmacology of Benzimidazole - **Ashutosh Pathak**	56-62
18.	Potential Role & efficiency of Goods and services tax (GST) in managing public debt in India – **Indranil Roy& Dr. Mousumi Borah**	63-68
19.	PERCEPTION AND ATTITUDE OF THE PEOPLE OF DIBRUGARH TOWARDS DISTRICT ADMINISTRATION - **DR. LAMKHOLAL DOUNGEL**	69-72
20.	हिंदी दिवस -पखवाड़ा -माह की बधाई– **डॉ. रेनू सिन्हां**	73
21.	Harnessing Artificial Intelligence (AI) for Inclusive Education: A Transformative Approach- **Prof. Mohan Lal 'Arya'**	74-76
22.	The Role of Artificial Intelligence (AI) in Teacher Education **- Prof. Mohan Lal 'Arya'& Dr. Rashmi Yadav**	76-78
23.	The Role of Artificial Intelligence (AI) in Inclusive Education **- Dr. Rajkumari Gola**	79-81
24.	Digital Technologies and online Learning Addiction Negative impact on Mental Health- **Alauddin Middya**	81-84
25.	A study on the appraisal for intestinal bacteria in movable liquid specimen and monitoring them with meditative tree- **Menat Bharatkumar Virabhai & Dr. Devendra Kumar Namdev**	85-89
26.	राजस्थान के प्रमुख लोकनाट्य और उनकी सामाजिक भूमिका- **रितु जाँगिड़ & डॉ. अशोक कुमार**	90-92
27.	Mechanical Behavior of Hybrid Fiber-Reinforced Composites: A Comparative Analysis - **Kalyankar Navnath Sambhaji & Dr. Nirmal Sharma**	93-97

28.Corporate Governance Practices and Environmental Sustainability: A Study of the Relationship and Impact on Business Operations. - **Abhishek Raizada & Dr. Waseem Ahmad Ansari** **98-101**
29. फगुआ पर्व का विश्लेषण - **देवेन्द्र साहू** **101-103**
30.सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदी साहित्य - **श्री राम सजीवन भास्कर** **104-106**



संपादकीय .....

जब से राष्ट्रिय शैक्षणिक नियमों के दबाव ने शोधार्थियों और प्राध्यापकों को शोधालेख के प्रकाशन के लिए बाध्य कर दिया है, तब से बाजार में नित नए शोध जर्नलों का उदय हुआ है। फिर इस बाजार व्यवस्था में एक और शोध जर्नल का प्रकाशन किसी बड़े जोखिम को उठाने से कम न था। हमने यह जोखिम उठाया अपने संबंधों और पूंजी को दांव पर लगाकर गुणवत्ता से बिना कोई समझौता किए बहुविषयक त्रैमासिकी "शोध उत्कर्ष" के रूप में। यह उपलब्धि है कि यह त्रैमासिकी हमारी सृजन और समीक्षा की प्रवृत्ति को एक बेहतर मंच प्रदान करने वाली शोध पत्रिका है।

बहु विषयक शोध जर्नल निकालने के पीछे हमारा उद्देश्य था कि हम अपने शोधालेखों की गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए ज्ञान की विविध शाखाओं जिनके मूल में एकमात्र उद्देश्य मानव जगत का कल्याण है के बीच अंतर्क्रिया बढ़ा सकें। हम अपने शोध जर्नल में अध्येताओं द्वारा दिए गए गंभीर सुझावों को समुचित आदर देते हुए अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाने का हर संभव प्रयास करते हैं और आश्वस्त करते हैं कि आगे भी करते रहेंगे। हमारी इसी ईमानदार स्वीकृति का परिणाम है कि "शोध उत्कर्ष" के अब तक प्रकाशित अंक विद्वत समूह द्वारा उत्साही प्रशंसा प्राप्त कर चुके हैं। इसलिए "शोध उत्कर्ष" के इस सातवें अंक को आप सभी तक पहुंचाते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा। और हो भी क्यों ना जब शोध जर्नल के प्रकाशन के उद्देश्य की हमारी योजना फलीभूत होती नजर आ रही है।

इस अंक के शोधालेखों के चयन में विषय के विशेषीकृत लेखों के साथ अंतर्विषयक प्रकृति के लेखों को प्राथमिकता दी गई है। प्रत्येक लेख स्वयं इस बात के प्रमाण हैं कि वो अपने विषय से संबंधित किसी न किसी समकालीन समस्या से टकराते हैं। क्योंकि वर्तमान समय में हमारा समाज, देश और विश्व समूची मानव जाति, अनेक समस्याओं का सामना कर रही है। यानी समूचे मानव कल्याण के लिए एक ऐसे आदर्श को पाना है जो सबका ध्येय है। इसलिए आज हमारा आदर्श कोई एक विचारधारा नहीं, कोई एक व्यक्ति नहीं वरन सभी विचारधाराओं और सब आदर्श व्यक्तियों का वो सर्वोत्तम अंश है जिसमें सबका हित है। भारतीय होने के नाते हमें भारतीय संविधान में वर्णित मूल्यों को आत्मसात करना होगा।

मुद्दे बहुत हैं पर इस अंक में इतना ही। न तो बहुत जल्द मुद्दे खत्म होने वाले हैं और न ही विचार विमर्श की प्रक्रिया। फिलहाल तो यह अनवरत चलने वाली प्रक्रिया हम सभी को वैचारिक रूप से आंदोलित करती रहेगी। बस अब अंत में उन सभी सृजनकारों को हृदय से आभार जिन्होंने शोधलेख प्रेषित करने के हमारे अनुरोध को सहजता से स्वीकार किया और समय से शोध लेख प्रेषित कर अपने स्नेह से हमें अभिसिंचित किया। साथ ही उन साथियों को भी जो समयाभाव के कारण अपनी रचनाएं/शोधालेख आलेख प्रेषित नहीं कर सके,तहे दिल से शुभ कामनाएं।

हमें यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि शोध उत्कर्ष जर्नल के इस सातवें अंक में विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों के द्वारा प्रस्तुत किए गए महत्त्वपूर्ण शोध-पत्रों का संकलन आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। यह अंक बहुआयामी दृष्टिकोण, विविध विषयों और गंभीर चिंतन को समर्पित है, जिसमें साहित्य, सामाजिक अध्ययन, अर्थशास्त्र, शिक्षा, पर्यटन और विज्ञान जैसे कई क्षेत्रों के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है। प्रो. यशवंत सिंह द्वारा प्रस्तुत मन्नू भंडारी के प्रसिद्ध उपन्यास 'आपका बंटी' में स्त्री-पुरुष संबंधों का बिखराव और उसका किशोरवय पर प्रभाव एक गहन विचारशील अध्ययन है। यह लेख हमारे समाज में टूटते रिश्तों और उनके बच्चों पर पड़ने वाले प्रभाव पर एक नई दृष्टि से विचार करता है। गद्दी समुदाय के अधिष्ठाता कुलदेव कार्तिक स्वामी पर प्रो. सुमन शर्मा और डॉ.भरत सिंह का अध्ययन हिमाचल प्रदेश के इस अनूठे समुदाय के धार्मिक विश्वासों और सांस्कृतिक संरचना की महत्ता को समझने का प्रयास है। यह लेख हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का संदेश देता है। डॉ.निरपत प्रसाद प्रजापति द्वारा बघेली भाषा में कविता के विविध आयामों पर किया गया शोध हमें हमारे देश की विविध भाषाई संस्कृति की ओर ले जाता है। वहीं श्रीमती मोनिका शर्मा द्वारा ग्रामीण भारतीय विद्यार्थियों पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावों का अध्ययन यह दिखाता है कि इस नीति से किस प्रकार शिक्षा के स्तर को और अधिक समृद्ध किया जा सकता है।

महाकौशल क्षेत्र की गोंड जनजाति के लोकगीतों पर पूजा दाहिया एवं गोविंद पाण्डेय का शोध, लोकगीतों की महत्ता और उनकी विशेषताओं को प्रकट करता है। यह अध्ययन हमारे पारंपरिक संगीत और उसके समाज में योगदान पर ध्यान केंद्रित करता है। मलयालम लेखिका कमला सुरैया की कहानियों में मातृत्व की झलक पर डॉ.सनोज पी. आर का विश्लेषण मातृत्व की विभिन्न अनुभूतियों का अनावरण करता है। इसके साथ ही, रोहित जोशी एवं प्रो. बी. डी. कविदायल द्वारा उत्तराखंड में पर्यटन विकास योजनाओं के प्रभाव पर शोध राज्य के पर्यटन और आर्थिक समृद्धि में उनकी भूमिका को दर्शाता है। डॉ.निबेदिता प्रियदर्शनी द्वारा वैश्विक स्तर पर विकलांग बच्चों के लिए उठाए गए कदमों का विश्लेषण सामाजिक न्याय और समावेशिता की दिशा में एक आवश्यक कदम की ओर इशारा करता है। इसी प्रकार अमित कुमार द्वारा झारखंड के JHARCRAFT परियोजना पर किया गया अध्ययन जनजातीय समुदायों के विकास की एक नई दिशा को दिखाता है।

साहित्य के क्षेत्र में, महाकवि तुलसी और उनके राम भक्ति काव्य परंपरा पर डॉ. सजिना पी. एस. का अध्ययन धार्मिक साहित्य के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है। वहीं, डॉ. प्रमोद पडवळ द्वारा वापसी कहानी पर किया गया विश्लेषण मानव मन की गहराईयों को उजागर करता है। सुभद्रा कुमारी चौहान के साहित्य में स्त्री दृष्टि का विवेचन प्रियंका सिंह द्वारा किया गया है, जो उनके साहित्यिक योगदान को नारी सशक्तिकरण के दृष्टिकोण से देखता है। हिमांशु जोशी के उपन्यास 'कगार की आग' में आंचलिकता का अध्ययन नवीन नाथ द्वारा किया गया है, जो क्षेत्रीयता और ग्रामीण जीवन के विभिन्न पहलुओं को सामने लाता है।

इसके अतिरिक्त, चेतन चंद्र जोशी द्वारा हरिशंकर परसाई की व्यंग्यात्मक रचनाओं पर शोध उनके साहित्यिक योगदान को एक नई दृष्टि से प्रस्तुत करता है। विज्ञान के क्षेत्र में, अशुतोष पाठक द्वारा बेजिमिडाज़ोल के रसायन और औषधीय गुणों पर विस्तृत अध्ययन एक महत्त्वपूर्ण योगदान है। वहीं इंद्रनील रॉय और डॉ. मौसुमी बोराह द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (GST) की सार्वजनिक ऋण प्रबंधन में संभावनाओं पर किया गया शोध आर्थिक सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

यह अंक बहु-आयामी दृष्टिकोणों और गहन अनुसंधानों का संग्रह है, जो आपको विभिन्न विषयों पर विचारशील दृष्टिकोण प्रदान करेगा। हमें आशा है कि आप इस अंक को रुचिपूर्वक पढ़ेंगे और यह आपके बौद्धिक क्षितिज को विस्तार देगा।

सादर धन्यवाद!

दिनांक-30.09.2024 डॉ. बालेन्द्र सिंह यादव

मन्नू भंडारी के 'आपका बंटी' उपन्यास में स्त्री-पुरुष सम्बन्धों का बिखराव एवं किशोरवय पर उसका दुष्प्रभाव

प्रो. यशवंत सिंह
हिन्दी विभाग,मणिपुर विश्वविद्यालय,
कांचीपुर, इम्फ़ाल (मणिपुर)

शोध-सार: मानव समाज की इकाई परिवार है, जिसका आधार स्त्री या पुरुष नहीं वरन् इन दोनों का जोड़ है। इन दोनों का साहचर्य एवं सामंजस्य ही पारिवारिक जीवन को आगे बढ़ाता है, समाज विकास के लिए भावी पीढ़ियों का निर्माण करता है। सामाजिक विकास के इतिहास का अवलोकन करें तो देश और काल के विधान से कहीं और कभी पुरुष प्रधान रहा है, तो कुछ समाजों में स्त्री की प्रधानता रही है।

स्त्री-पुरुष सम्बंधों को स्थायी आधार प्रदान करने के लिए 'विवाह' संस्था का निर्माण हुआ, जिसमें पति-पत्नी एक साथ जीवन-यापन करते हैं, संतति उत्पन्न करते हैं, उनका पालन-पोषण करते हैं। पश्चिमी देशों के समाजों से आगत समानता एवं स्वतंत्रता की अवधारणाओं के फलस्वरूप स्त्री-पुरुष के पारंपरिक सम्बंधों में तनाव एवं बिखराव की शुरुआत हुई। सुप्रसिद्ध लेखिका मन्नू भंडारी द्वारा रचित 'आप का बंटी' उपन्यास की पृष्ठभूमि पति-पत्नी सम्बंधों के इसी तनाव एवं बिखराव की करुणगाथा है। जिसमें टकराव तो स्त्री-पुरुष के अहम् का होता है लेकिन इसमें पिसता है निरीह किशोरवय बंटी, जिसमें उसका कोई दोष नहीं है। सच तो यह है कि बंटी किन्हीं दो-एक घरों में नहीं बल्कि आज के अनेक परिवारों में साँस ले रहा है। हम सभी को इस तरह की त्रासदकारी परिस्थितियों से बचने का भरसक प्रयास करना चाहिए।

बीज शब्द: स्त्री-पुरुष, परिवार-समाज, विवाह-संस्था, पति-पत्नी, पति-परमेश्वर, समानता-स्वतंत्रता, टकराव-बिखराव, निरीह बालक (बंटी)।

भूमिका: मानव समाज की इकाई परिवार है, जिसका आधार स्त्री या पुरुष नहीं, वरन् इन दोनों का जोड़ है। इन दोनों का साहचर्य एवं सामंजस्य ही पारिवारिक जीवन को आगे बढ़ाता है, समाज विकास के लिए भावी पीढ़ियों का निर्माण करता है। सामाजिक विकास के इतिहास का अवलोकन करें तो देश और काल के विधान से कहीं और कभी पुरुष प्रधान रहा है, तो कुछ समाजों में स्त्री की प्रधानता रही है।

स्त्री-पुरुष सम्बन्धों को स्थाई आधार प्रदान करने के लिए 'विवाह' नामक संस्था का निर्माण हुआ। जिसके अन्तर्गत दो अलग अलग परिवारों से आनेवाले स्त्री और पुरुष वैवाहिक संस्कारों से गुजरकर पत्नी और पति बन जाते हैं। वे एक साथ रहकर जीवन-यापन करते हैं, संतति उत्पन्न करते हैं, उनका पालन-पोषण करते हैं। जीवन के उतार-चढ़ावों में वे एक साथ चलते हैं, सुख-दुख, कष्ट भोगते हैं, जीवन-संघर्षों का साथ-साथ सामना करते हैं। यहीं स्त्री-पुरुष के गृहस्थ जीवन की शुरुवात होती है, जिसमें टकराव भी संभव होते हैं। लेकिन दोनों के आपसी सामंजस्य से गृहस्थी आगे बढ़ती रहती है, पारिवारिक जीवन सुखमय बना रहता है। यही सदियों से चले आ रहे स्त्री-पुरुष सम्बन्धों का परम्परागत एवं आदर्श स्वरूप रहा है।

स्त्री-पुरुष सम्बन्धों की परम्परागत अवधारणा में दोनों समान नहीं रहे बल्कि पुरुष का स्थान स्त्री से कुछ ऊपर ही रहा है। स्त्री हमेशा कहीं पारिवारिक मर्यादाओं, तो कहीं ममत्व के वशीभूत होकर आत्मसमर्पण करती रही है। इसी से पति परमेश्वर की अवधारणा विकसित हुई, जिसे सती सावित्री एवं माता सीता के आदर्श चरित्रों से महिमामंडित किया गया। लेकिन सदियों से चली आ रही इस पुरुषवादी अवधारणा पर आधुनिक काल में गतिरोध आने लगे। यशोधरा, उर्मिला आदि परम्परागत स्त्रियाँ आधुनिक काल में प्रश्नाकुल नज़र आयीं, जिससे पुरुषवादी महानता पर प्रश्नचिन्ह लगे। बीसवीं शताब्दी के प्रारंभिक दशकों में प्रवाहमान भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन में स्त्रियों ने घर की चारदीवारी को लांघकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, आन्दोलन में पुरुषों के बराबर भागीदारी की।

इससे स्त्रियों में जागरूकता एवं नवीन आत्मविश्वास की भावना का उदय हुआ। देश को आजादी मिलने के उपरांत स्त्री-विमर्श का नया दौर शुरु हुआ, जिससे भारतीय स्त्रियाँ अपनी निजी एवं स्वतंत्र अस्मिता को तलाशती नज़र आयीं। यहाँ पर आकर पति परमेश्वर की परम्परागत अवधारणा के प्रति स्त्री का मोहभंग हुआ तथा वह पुरुष से संघर्ष करते हुए उससे बराबरी अर्थात् समानता के अधिकार को प्राप्त करने के लिए अग्रसर हुई।

विषय-विवेचन: पश्चिमी देशों के समाजों से आगत समानता एवं स्वतंत्रता की इन अवधारणाओं को भारतीय स्त्रियों द्वारा गृहीत किये जाने के परिणामस्वरूप स्त्री-पुरुष के सम्बन्धों में तनाव एवं बिखराव की शुरुवात हुई। सुप्रसिद्ध लेखिका मन्नू भंडारी द्वारा रचित 'आपका बंटी' (प्रकाशन वर्ष 1970) नामक उपन्यास की पृष्ठभूमि स्त्री-पुरुष सम्बन्धों के इसी तनाव एवं बिखराव की करुणगाथा है। जिसमें टकराव तो स्त्री और पुरुष के अहम का होता है लेकिन इसमें पिसता है निरीह किशोरावय बंटी, जिसमें उसका कीई दोष नहीं है। इस उपन्यास के कथानक में कलकत्ता शहर में ऊँचे ओहदे पर कार्यरत अजय बत्रा एवं संभवत: इलाहाबाद शहर के किसी कॉलेज में प्रिंसिपल पद पर कार्यरत शकुन उर्फ मिसेज बत्रा के दस वर्षों के टूटते-बिखरते वैवाहिक सम्बन्धों को रेखांकित किया गया है। अजय और शकुन के वैवाहिक जीवन के प्रारंभिक तीन-चार वर्ष उम्मीदों से भरे हुए रहे, इसी दौरान बालक बंटी का जन्म हुआ। लेकिन इसके बाद उनके गृहस्थ जीवन की धुरी लड़खड़ा जाती है तथा वे दोनों अलग-अलग शहरों में रहने के लिए विवश होते हैं। इसमें बेटे बंटी के प्रति दोनों का भावनात्मक लगाव भी इनको जोड़कर रखने में सहायक नहीं होता। बल्कि बेटा बंटी अपने पिता को छोड़कर माँ के साथ रहने को मजबूर होता है। जबकि वह माता व पिता दोनों के साथ रहना चाहता है। पिता जब अपने बेटे से मिलने इलाहाबाद आते हैं तो बंटी भरसक प्रयास करता है कि माँ और पिता में दोस्ती हो जाय, दोनों साथ-साथ रहने लगें।

लेकिन अपने बेटे के मनोजगत से अनजान शकुन कभी तो बंटी को हथियार बनाकर पति अजय से प्रतिशोध लेती नजर आती है तो कभी बंटी में तन्मय होकर अपने जीवन की सार्थकता तलाश करती दिखती है। अन्ततः दोनों का दस वर्षीय वैवाहिक जीवन टूट जाता है, जिसकी परिणति अदालती तलाकनामे से होती है। अगर लेखिका के शब्दों में कहे तो *"जैनेन्द्रजी ने स्त्री-पुरुष के सम्बन्धों को जिस एकांतिक दृष्टि से देखा है, उसका एक उसका एक अनिवार्य आयाम बंटी भी है।*

शकुन और अजय तो आपसी तनाव की असहनीयता से मुक्त होने के लिए एक दूसरे से मुक्त हो जाते हैं, लेकिन बंटी क्या करे? वह तो समान रूप से दोनों से जुड़ा हुआ है, यानि खंडित निष्ठा उसकी नियति है।"[1]
चूँकि बंटी पिता का साथ छूटने पर अपनी माँ शकुन के साथ अलग शहर में रहता है। इसलिए बंटी के मनोजगत को समझने के लिए माँ-बेटे के आपसी सम्बन्धों का विश्लेषण करना होगा। माँ और बेटे का रिश्ता अन्य रिश्तों की अपेक्षा कहीं अधिक नाजुक और आत्मीयता से परिपूर्ण होता है, जिसमें स्वार्थ का पूर्णतः निषेध माना जाता है। बच्चे की भावनाओं की उपेक्षा करके या कहे कि मातृत्व की उपेक्षा करके किसी भी माँ के लिए अपने व्यक्तित्व के बारे में सोचना या अपनी ही आशा-आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए प्रयासरत रहना असंभव चाहे न हो पर कठिन तो बहुत ही है। लेकिन शकुन चक्की पीस-पीसकर अपने बेटे का जीवन संवारने वाली परंपरावादी माँ नहीं है। बल्कि वह स्वतंत्र व्यक्तित्व, आकांक्षाओं और आजीविका के साधनों से तृप्त आधुनिक माँ है। इस आधुनिक स्त्री और माँ के आपसी द्वन्द्व का विश्लेषण ही शकुन को वर्तमान स्वरूप प्रदान करता है। लेखिका के विचारानुसार *" मातृत्व और व्यक्तित्व का यह द्वन्द्व ही शकुन के चरित्र की पूंजी है। जब उसका मातृत्व प्रबल होता है तो उसका अतृप्त-उपेक्षित व्यक्ति-पक्ष प्रश्नवाचक बनकर उसे मथने लगता है और जब उसका व्यक्ति-पक्ष प्रबल होता है तो उसका मातृत्व तिलमिलाने लगता है। पर शकुन के जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी तो यह है कि व्यक्तित्व और मातृत्व के इस द्वन्द्व में न वह पूरी तरह व्यक्ति (शकुन) बनकर जी सकी और न पूरी तरह माँ।"*[2] यह त्रासदी केवल शकुन की ही न होकर आधुनिक स्त्री जीवन की सामुहिक त्रासदी है।
इस अंतराल में कलकत्ता में निवासरत पति अजय बत्रा मीरा नाम की स्त्री के साथ अपनी दूसरी शादी कर लेता है तथा उनके चीनु नामक एक बालक पैदा होता है। दूसरी ओर इलाहाबाद शहर के एक कॉलेज में पीछले सात वर्ष से कार्यरत तथा विभागाध्यक्ष से प्रिंसिपल के पद पर आसीन पत्नी मिसेज बत्रा उर्फ शकुन शहर के ही प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ जोशी की ओर आकर्षित होती है, जिसका निमित्त बेटा बंटी ही बनता है। लेखिका के शब्दों में *"पीछली सर्दियों में बंटी बीमार हो गया था तो कितनी आत्मीयता और एहतियात से संभाला था उसे। केवल बंटी को ही नहीं, बुखार के बढ़ते हर पाइंट के साथ हौसला खोती और घबराती शकुन को भी संभाला था"*[3] इस तरह बंटी की बीमारी के कारण शकुन का डॉ. जोशी से परिचय हुआ। शकुन अपने पति से अलग होकर रहती है, यह सभी को मालूम था। अतः डॉ. जोशी ने शकुन से बंटी के पापा के विषय में कुछ नहीं पूछा। हाँ, अपनी पत्नी प्रमीला की मृत्यु की सूचना देकर डॉ. जोशी ने बिना कुछ कहे ही बहुत कुछ कह दिया था। लेकिन बंटी को डॉ. जोशी के साथ अपनी मम्मी का मिलना पसंद नहीं आता, जिसका वह प्रतिकार भी करता है। अन्ततः शकुन डॉ. जोशी से विवाहित होकर अपने कॉलेज के बंगले को छोड़कर बंटी के साथ डॉक्टर की कोठी में रहने चली आती है। जहाँ पर डॉ. जोशी की स्वर्गीय पत्नी प्रमीला से उत्पन्न एक लड़की जोत तथा छोटा भय्या अमि का साथ उन्हें मिलता है। लेखिका के शब्दों में *"वह ममी के साथ अकेला ही आया है इस घर में पहली बार। ममी ने कई बार कहा था- कहा ही नहीं आग्रह किया था कि चल बेटा, तुम्हें जोत ने बुलाया है या कि डॉक्टर साहब ने खासकर तुझे आने को कहा है। पर वह कभी नहीं आया।"*[4] लेकिन आज उसे किसी ने नहीं बुलाया है, शायद ममी ने भी कोई आग्रह नहीं किया। फिर भी अपने घर के उजड़ जाने पर उसे आज इस घर में आना ही था, जो उसका घर नहीं था तथा यहाँ पर आकर ममी भी उसकी नहीं रही, वह डॉ. जोशी की होकर रह गयी।

सच तो यह है कि ममी के साथ डॉ. जोशी के घर में आकर बंटी अपने को सहज नहीं रख पाता। वह अपने को इस घर में अनफिट व फालतू महसूस करता है। डॉ. जोशी की डिस्पेंसरी के सामने लगे 'लाल तिकोन' के निशान को बंटी घूर-घूरकर देखता है। तभी उसके जेहन में डॉक्टर जोशी के कहे शब्द तैर जाते हैं – 'इस देश में तो तीन भी नहीं, बस दो बच्चे पैदा करने चाहिए। तीसरा बच्चा फालतू बच्चा- तीसरा बच्चा बंटी, इस घर में फालतू बंटी।' अपने घर से उजड़कर बंटी जैसे सभी जगह से उखड़ गया, उसका मन कहीं नहीं लगता। जब वह अपने स्कूल के क्लास में होता है तो उसके मन में घर तैरता रहता है – 'ममी, अमि, ममी का कमरा, कमरे का जादू और भी जाने क्या-क्या।' और जब वह घर में होता है तो उसके आँखों के सामने कभी स्कूल तैरता है, तो कभी अपना पुराना घर, उसका लगाया बगीचा, ममी- वहाँ वाली ममी, जो उसकी अपनी थी। वह अपने पापा को याद करता रहता है कि वे रेल में बैठकर उससे मिलने आएँगे? साथ ही, वह निश्चय करता है कि 'आज की रात को वह अपने पापा को जरूर-जरूर चिट्ठी लिखेगा, जिसमें अपने मन की सारी बातें लिख डालेगा।'

डॉ.जोशी के घर-परिवार में रहते हुए किशोरवय बंटी के बाहर का ही नहीं बल्कि भीतर का भी जैसे सब कुछ थम गया है। उसकी जिद, गुस्सा, रोना-चिल्लाना थमा ही नहीं बल्कि वह सहमा-सहमा-सा रहने लगा है। आज जब वह स्कूल से लौटा तो मम्मी घर में ही मिलीं, लपककर उसका बस्ता लेते हुए बोलीं –आ गया बेटा! तभी बंटी की नजर पलंग पर बिखरे हुए कागजों पर पड़ी। उसने पहचाना, पापा के लिए लिखे हुए अपने पत्रों को, जिन्हें वह कभी पूरा नहीं कर सका। जाने कितने पत्र उसने शुरु किये और बिना किसी को पूरा किये कपड़ों की आलमारी के नीचे दबाता गया, जिन पत्रों को ममी निकालकर लायी हैं। अगले दिन सुबह मालूम हुआ कि पापा उसे लेने आ रहे हैं, तभी बंटी ने सोच लिया कि वह एकबार भी पापा को मना नहीं करेगा, वह मम्मी को छोड़कर पापा के साथ कलकत्ता शहर चला जायेगा। स्टेशन पर बंटी ने ही पापा को पहचाना, देखते ही हमेशा की तरह लपककर उसे बाँहों में भर लिया और गोद में उठाकर ढेर सारे किस्सू दिये। फिर जोर से अपने सीने से चिपका लिया। पापा की बाँहों में भिंचे-भिंचे, सीने से चिपके-चिपके बंटी के मन में बहुत दिनों से जमा हुआ कुछ पिघलने लगा। अनायास ही उसकी आँखों से आँसू आ गये, उन्हें भीतर-ही-भीतर पीता हुआ वह पापा की गोद से उतर गया।

सरकिट हाउस में ठहरे पापा जब शाम को डॉ॰जोशी के घरआये तो मम्मी ने उन्हें ऐसे नमस्ते किया जैसे अजनबी को कर रही हों। पापा ने जब उसे प्यार से अपनी गोद में बिठाकर पूछा - ' बेटा, हमारे साथ कलकत्ता चलोगे न ? मैं तुम्हें लेने आया हूँ।' तो मम्मी की ओर देखते-देखते ही वह गुस्से में ऐसे बोला जैसे पापा को नहीं, मम्मी को जवाब दे रहा हो – ' जरूर चलूँगा, मैं यहाँ बिल्कुल नहीं रहूँगा।' पापा ने उसे अपनी बाँहों में समेट लिया तो बंटी के मन में जमा हुआ गुस्सा जैसे बह आया। वह पापा से चिपका-चिपका ही रो पड़ा। पापा ने कसकर उसे सीने में चिपका लिया, ' रो मत बेटे, बेटे रो मत।' और पापा की आवाज भी भीग गई। इसी क्षण उसकी ओर देखती मम्मी की आँखें बिल्कुल सूखी हैं, बिना आँसू की भीगी-भीगी आखें। दूसरे दिन भी मम्मी नहीं रोयीं, उसने एक बार भी नहीं कहा कि 'तू मत जा बंटी

तो वह खुद रो पड़ा, छिपकर बाथरूम में। अगले दिन मम्मी कॉलेज नहीं गयीं, चुपचाप बंटी का सामान जमा करती रहीं। पापा जब टैक्सी लेकर घर आये तो बंटी दौड़कर पापा के पास जाकर खड़ा हो गया। भीतर ही भीतर सहमा हुआ, पर ऊपर से जैसे सधा हुआ। तभी घर के भीतर से निकलकर मम्मी आयीं। उन्होंने एकबार पापा की ओर देखा और फिर बंटी की ओर देखा। फिर धीरे से आगे बढ़कर उन्होंने बंटी को पकड़कर अपनी ओर खींचा और प्यार किया, पर बोलीं कुछ भी नहीं। स्टेशन पर लोगों की भीड़, रेलगाड़ी में बैठा खिड़की से झांकता बंटी और इसके साथ ही बहुत सारा शोर। तभी गाड़ी चल दी और जो लोग स्टेशन पर छोड़ने आये थे, वे भी छूट गये, हाथ हिलाते हुए डॉ. साहब, अमि और जोत। अब अपरिचित चेहरों के बीच दहशतभरा बंटी, वह उठकर पापा के पास चला गया और उनसे एकदम सट गया।

कलकत्ते में बंटी के पापा का बहुमंजिला इमारत में स्थित घर। सीढ़िया चढ़कर एक गलियारे में खड़े पापा कॉलबेल की बटन दबा रहे हैं। 'खट' की आवाज से दरवाजा खुलता है, बंटी की नजरें झुक जातीं हैं। तभी आवाज सुनाई पड़ती है – 'अरे आ गए तुम? मैं सोच रही थी, एकाध दिन की देर हो जाए इस बार।' बंटी के मन में पहली बात यह उभरी – 'यह ममी नहीं है।' तभी एक बाँह पूरी पीठ को घेरती हुई बंटी के कंधे पर आ टिकी – 'ओहो! यह है बंटी साहब! तुम तो बहुत प्यारे -प्यारे हो भाई! हमारे पास आओ बच्चे इतना शरमा क्यों रहे हो ?'

'बच्चे' का संबोधन कान में पड़ते ही बंटी की नजर ऊपर उठी, सामने मुस्कराता हुआ चेहरा लेकिन ममी से अलग। सब लोग खाने की मेज पर बैठे हैं, बंटी वैसे ही चुपचाप, नजरें नीची किये हुए बैठा है।

कलकत्ता के स्कूल में दाखिले के लिए बंटी का साक्षात्कार हो रहा है,

'सर पूछ रहे हैं- 'व्हाटस योर नेम डियर?'

'अरूप बत्रा!' बंटी को लग रहा है, जैसे उसकी आवाज काँप रही है।

'यू हेव कम विद योर फादर?'

बंटी सिर्फ धीरे से सिर हिला देता है।

'व्हाटस योर फादर?'

बंटी एक क्षण सर की तरफ देखता है, फिर नीचे देखने लगता है। समझ ही नहीं आता कि क्या कहे।

'टेल मी अरूप!'

पर जवाब नहीं आता। उसे मालूम ही नहीं। तभी...

'माइ मम्मी इज प्रिंसिपल!'

जाने कैसे उसके मुँह से निकल जाता है और कहने के साथ वह खुद रूआँसा हो जाता है।

निष्कर्ष:- दरअसल अपनी जड़ों से कटकर किशोरवय बंटी का व्यक्तित्व संकुचित हो जाता है तथा स्कूल में दाखिला पाने में वह असफल होता है। अतः उसके पापा रामकृष्ण मिशन के हॉस्टल में रखकर उसकी पढ़ाई का इंतजाम करते हैं। जिससे वह माता व पिता दोनों से ही दूर रहकर एकाकी जीवन जीने के लिए विवश होता है। लेखिका के अनुसार – "बंटी की यह यात्रा घर-परिवार की संश्लिष्ट इकाई से टूटकर क्रमशः अकेले, जड़हीन, फालतू और अनचाहे होते जाने की यात्रा है। साथ ही, बंटी किन्हीं दो-एक घरों में नहीं बल्कि आज के अनेक परिवारों में साँस ले रहा है- अलग-अलग संदर्भों में , अलग-अलग स्थितियों में।"[5] जो किशोरवय बालकों के लिए अत्यंत त्रासदकारी स्थिति होती है। जिसके लिए आधुनिक जीवन में टूटते-बिखरते स्त्री-पुरुष सम्बन्धों को जिम्मेवार ठहराया जा सकता है। साथ ही, हम सभी को इस तरह की परिस्थितियों से बचने का भरसक प्रयत्न करना चाहिए।

****

संदर्भ सूची:-

1. मन्नू भंडारी, आपका बंटी, राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा. लि., दिल्ली, 17वाँ संस्करण -2022 जन्मपत्री: बंटी की से उद्धृत ;
2. मन्नू भंडारी, एक कहानी यह भी, राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा. लि., दिल्ली, 5वाँ संस्करण -2019, पृष्ठ -119-120 ;
3. मन्नू भंडारी, आपका बंटी, पृष्ठ -46 ;
4. वही पृष्ठ -126 ;
5. मन्नू भंडारी, आपका बंटी, राधाकृष्ण प्रकाशन प्रा. लि., दिल्ली, 17वाँ संस्करण -2022 जन्मपत्री: बंटी की से अलग- अलग उद्धृत |

गद्दी समुदाय के अधिष्ठाता-कुलदेव कार्तिक स्वामी

प्रो. (डॉ.) सुमन शर्मा
कुलसचिव
हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला

डॉ. भरत सिंह
सहायक आचार्य,
हिंदी विभाग, डीएवी. महाविद्यालयकाँगड़ा, हि.प्र.
मो. 8219775906

शोध सार :-

गद्दी समुदाय भगवान शिव के पश्चात जिस अधिष्ठाता देव को अपना आराध्य एवं कुलदेव की संज्ञा देते हैं वह भरमौर जनपद से 28 कि. मी. दूर प्राकृतिक सुषमा से सम्पन्न जैविक गाँव कुगती की तलहटी पर विराजमान 'केलंग'(कार्तिकेय) बजीर हैं। लोकमान्यताओं के अनुसार जब भगवान कार्तिकेय को ज्ञात हुआ कि माता पार्वती ने गणेश का राज्याभिषेक करवा दिया है तो वे क्रोधित हो उठे और माता पार्वती को उनके द्वारा दिए गए शरीर और दूध वहीं अर्पण करके अपना कंकाल स्वरूप लेकर कैलाश पर्वत से निकल पड़े। कहा जाता है कि कैलाश पर्वत से कार्तिकेय स्वामी सीधे कुगती पहुँचे थे और वहाँ पर कुछ देर विश्राम करने के पश्चात लाहौल की ओर प्रस्थान कर गए। कुगती में जिस स्थान पर भगवान कार्तिकेय स्वामी ने विश्राम किया था उस स्थान पर आज भी लोग पूजा करते हैं। लाहौल में कई देवताओं के मनाने के बावजूद भी कार्तिकेय स्वामी नहीं माने और अंततः भोलेनाथ ने स्वयं आकर उनको मनाया और उन्हें पुनः कैलाश पर्वत पर चलने को कहा। लेकिन, कार्तिकेय ने भोलेनाथ से कहा कि वह अब कैलाश तो नहीं जाएंगे, किन्तु पिता जी की आज्ञा का पालन करते हुए कैलाश पर्वत के पीछे एक पहाड़ी पर निवास करने का वचन दिया। बताया जाता है कि जिस स्थान को कार्तिकेय ने अपने आवास के लिए चुना उस स्थल को 'शिव-भयाली' कहा जाता है। पौराणिक जनश्रुतियों के अनुसार केलंग, भगवान शिवजी के पुत्र तथा देवताओं के बजीर (सेनापति) हैं। लोकगीतों के अनुसार कार्तिकेय लाहौल के 'केलांग' नामक स्थान से' बरसैंण' उपजाति के पुहाल के नर भेड (मेढ़ा) के सींग पर नाग अथवा संगल/'सोठू' रूप में कुगती की तलहटी में आकर पहुँचे थे। वर्तमान में' भुण्खार' नामक स्थान पर कार्तिकेय अपनी बहन मराली के साथ विराजमान हैं। कहा जाता है कि इस स्थान पर कार्तिक स्वामी की स्वयंभू मूर्ति भी प्रकट हुई है । यह मूर्ति आज भी मन्दिर में विराजमान है। इनका वाहन मोर है।

इस मन्दिर में सदियों से जो प्रथाएं प्रचलित हैं, उनका स्वरूप वर्तमान में भी दृष्टव्य होता है। गद्दी समुदाय का मुख्य व्यवसाय भेड़-बकरी पालन रहा है अतः यह समुदाय अपने रेवड़ सहित पर्वतीय-समतलीय भूभाग में विचरण करते रहते हैं। विचरण की इस प्रक्रिया के निमित्त कुलदेव कार्तिक स्वामी सदैव उनके रक्षक का कार्य करते हैं। गद्दी समुदाय में भगवान कार्तिक स्वामी की इतनी मान्यता है कि इनके परिवार/कुटुंब के किसी एक सदस्य को इनका 'लांण'/लैब (पहनावा, टोप-नुरआर) लगाना अपरिहार्य होता है। इस मन्दिर की विशेषता यह है कि नवम्बर महीने के अंत में इनके कपाट बंद हो जाते हैं और अप्रैल में बैसाखी के दिन विधिवत रूप से खुलते हैं। प्रस्तुत शोध आलेख में भगवान कार्तिक स्वामी की उत्पत्ति, मन्दिर के संदर्भ में लोकमान्यता, 'लांण'/लैब पहनने, कलश रखने की मान्यता, कपाट खुलने और बंद करने आदि के सम्बन्ध में विवेचनात्मक अध्ययन किया गया है।

बीज शब्द : कार्तिक स्वामी, केलंग बजीर, माता मराली, गद्दी, कुगती, भरमौर

मूल आलेख :-देव सेनापति नायक, शिव-पार्वती सपुत्र, तारकासुर संहारक भगवान कार्तिक स्वामी को भारतवर्ष में भिन्न-भिन्न नामों से जाना जाता है। दक्षिण भारत में इन्हें सुब्रह्मण्यम्, महाराष्ट्र में 'कुमारस्वामी' तथा अन्य क्षेत्रों में 'मुर्गन', गांगेय, गुह, महासेन, कुमार चन्द्र आदि नामों से अलंकृत किया जाता है। वहीं उत्तरी भारत का गद्दी समुदाय इन्हें 'केलंग-बजीर' के नाम से पूजता है। पुराणों और गद्दी लोकसंस्कृति में कार्तिकेय की उत्पत्ति के सम्बन्ध निम्नलिखित मान्यताएँ हैं-

धार्मिक ग्रंथों में कार्तिकेय की उत्पत्ति –

धार्मिक ग्रथों में कार्तिकेय की उत्पत्ति के सम्बन्ध में दो कथाएँ प्रचलित हैं। "एक कथा के अनुसार इन्हें अग्नि और 'स्वाहा' का पुत्र माना जाता है और दूसरी कथा के अनुसार इन्हें शिव और पार्वती का पुत्र माना जाता है। दोनों दशाओं में इनका जन्म गंगा नदी के पानी में हुआ अतः यह गांडेय के नाम से प्रसिद्ध हुए।" किन्तु इन्हें सर्वदा शिवपुत्र माना जाता है। सृष्टि के आरम्भ में शिवजी को देवताओं के सेनापति का कार्य निभाना पड़ा। काफी समय अपना कर्तव्य निभाते हुए शिवजी थक गए। अतः कैलाश पर्वत पर तपस्या में लीन हो गए। सुअवसर पाकर राक्षसों ने उत्पात मचाना प्रारम्भ कर किया। उन्होंने इन्द्र का हाथी, कुबेर के एक हजार घोड़े और ऋषि की कामधेनु गाय चुरा ली। इन्द्र जी यह सबकुछ सहन न कर सके अतः वह जंगलों में पलायन कर गए। एक दिन जंगल में क्या देखते हैं 'केसनी' नामक राक्षस ने देवसेना नामक युवती को दबोच लिया है। उसका सतीत्व खतरे में था अतः उसने शोर मचाना आरम्भ किया। भाग्यवश इन्द्र उसकी रक्षा के लिए प्रकट हुए। युवती ने सुरक्षा पाकर इन्द्रदेव से प्रार्थना की कि उसका पति इतना वीर हो कि इन राक्षसों का संहार कर सके। इस वर की प्राप्ति के लिए इन्द्रदेव ब्रह्मा के पास गए। ब्रह्मा ने कहा 'इस प्रकार के वीर का जन्म गंगा के पानी में होगा, वही इस युवती का पति होगा।'

इसी प्रसंग के निमित्त एक बार सप्तऋषि एक स्थान पर हवन करने में व्यस्त थे। अतः अग्निदेव सप्तऋषि की पत्नियों पर मोहित हो गए। वह आशा पूर्ण न होने पर जंगल में चले गए। उधर दक्ष प्रजापति की पुत्री स्वाहा ने मौका पाकर अपना रूप बारी-बारी से सात ऋषियों की पत्नियों का धारण किया और सात बार अग्नि का अंश प्राप्त कर एक सोने के बर्तन में रखा। उस सोने के बर्तन को गंगा नदी में डाल दिया। वहीं कार्तिकेय ने जन्म लिया। यह बच्चा छः राजकुमारियों को मिला वे उसकी सुन्दरता देखकर उन्हें अपनाने का प्रयत्न करने लगीं। कार्तिकेय ने छः मुख धारण कर प्रत्येक की छाती से दूध पिया अतः उन्हें षण्मुख भी कहा जाता है।

वहीं दूसरी कथा के अनुसार देवताओं के महा सेनानायक शिवजी कैलाश पर्वत पर तपस्या में मग्न हो गए। उनकी तपस्या को कोई भी व्यक्ति या देव भंग करने में समर्थ न था। वहीं तारकासुर ने मौका पाकर ब्रह्मा से वर प्राप्त किया कि उसे शिव पुत्र के अतिरिक्त अन्य कोई भी मारने में असमर्थ होगा। वह जानता था कि शिव तपस्या में लीन हैं और उनका पुत्र उत्पन्न होना असम्भव है अतः उसने सोचा अब वह अजर-अमर है। फलस्वरूप उसने देवताओं पर अत्याचार करने शुरू किए। देव उसके उत्पात से आतंकित होकर ब्रह्मा के पास गए। ब्रह्मा ने उन्हें आश्वासन दिया कि गंगा के पानी में शिव-पार्वती के

अंश से एक पुत्र की उत्पत्ति होगी वही तारकासुर का संहार करेगा।

देवताओं की इच्छा से सती ने उमा के रूप में जन्म लिया। उमा हिमालय या हिमवान् राजा की पुत्री थी। उसने शिव की प्राप्ति के लिए घोर तपस्या आरम्भ की, उधर देवताओं ने कामदेव के माध्यम से शिव की तपस्या भंग करनी चाही। कामदेव ने तपस्या भंग करने हेतु शिव पर कामवाण फेंका। शिव की समाधि भंग हुई। तीसरा नेत्र खुला। कामदेव को भस्म कर दिया। देवताओं के आग्रह पर अग्निदेव ने कबूतर का रूप धारण किया तथा शिव-पार्वती का अंश प्राप्त करने में सफल हुए किन्तु उस वीर्य का ताप इतना अधिक था कि अग्निदेव उसे सहन नहीं कर सके अतः अग्निदेव ने उस अमोघ वीर्य को गंगा नदी को सौंप दिया जब देवी गंगा उस दिव्य अंश को लेकर जाने लगी तब उसकी शक्ति से गंगा का पानी उबलने लगा। भयभीत गंगा ने उस द्विय अंश को 'शरवण' वन में लाकर स्थापित कर दिया किन्तु गंगाजल में बहते-बहते वह दिव्य अंश छः भागों में विभाजित हो गया था। भगवान शिव के शरीर से उत्पन्न उत्पन्न वीर्य के उन दिव्य अंशों से छः सुंदर व सुकोमल शिशुओं का जन्म हुआ। उस वन में विहार करती हुई छः कृतिका कन्याओं की दृष्टि जब उन बालकों पर पड़ी तब उनके मन में मातृत्व भाव जागृत हुआ और वह उन्हें अपने साथ ले जानकर उनका लालन-पोषण करने लगी। जब यह प्रसंग नारदमुनि ने माता पार्वती को सुनाया तो वह अपने पुत्र से मिलने के आतुर हो गयी। जब माँ पार्वती ने अपने अपने छह पुत्रों को देखा तो वह मातृत्व भाव से भावुक हो उठी और उन्होंने उन बालकों को इतने जोर से गला लगाया कि वह छः शिशु एक ही शिशु में परिवर्तित हो गए जिनके छः शीश थे। तत्पश्चात शिव-पार्वती ने कृतिकाओं को कार्तिकेय की उत्पत्ति का ध्येय बताते हुए उन्हें अपने साथ कैलाश पर्वत पर ले आए। इस कालान्तर में कार्तिकेय ने तारकासुर का वध किया।

गद्दी लोकसंस्कृति के अनुसार कार्तिकेय की उत्पत्ति :- धार्मिक ग्रथों के समकक्ष गद्दी लोकथाओं में भी कार्तिकेय की उत्पत्ति की कथा वर्णित है। गद्दी लोकपरम्परा के अनुसार जब शिव किष्किन्धा पर्वत की कन्दरा में तपस्या करने गए तो इसका सुअवसर पाकर दैत्य मनुष्यों का संहार करने लगे। इन्द्रादि समस्त देवताओं ने सृष्टि की भलाई हेतु ब्रह्मा के पास गए। ब्रह्मा स्वयं इस विकट समस्या का निदान करने में असमर्थ थे अतः सभी देवगण विष्णु के पास गए। इस सम्बन्ध में भगवान विष्णु ने कहा 'इस विकट समस्या का समाधान केवल महादेव ही कर सकते है।' लेकिन उस समय महादेव किष्किन्धा पर्वत की कन्दरा में साधनारत थे। भगवान शिव को कन्दरा से बाहर लाने हेतु समस्त देवताओं ने उनकी अराधना की। विष्णु भगवान ने मोहिनी का रूप धारण करके नृत्य किया फलस्वरूप शिवजी उस कन्दरा से बाहर आए और विष्णु भगवान का मोहिनी रूप देखकर शिवजी का वीर्य स्खलित हुआ एवं नाभि के रास्ते उसके पेट में चला गया। विष्णु वीर्य के ताप को सहन न कर सके और उसे बाहर निकाल दिया। बाहर निकले हुए वीर्य को एक कबूतर ने खा लिया। उस कबूतर से भी वीर्य सहन नहीं हुआ तो उसने उस वीर्य को अग्नि में डाल दिया। अग्नि से भी वीर्य का ताप सहन नहीं हुआ, तो उसने उक्त वीर्य को समुद्र में फेंक दिया। समुन्द्र में एक टोकरी में वह वीर्य एक शिशु का रूप धारण करते हुए जलधारा में बहुता हुआ आया जहाँ ऋषियों की छः कन्याएं (कृतिकाएँ) स्नान कर रही थी। जब ऋषि कन्याओं ने उस टोकरी में पड़े सुंदर बालक को देखा तो उस बच्चे को उन्होंने अपनी गोद में उठा लिया और अपने आश्रम ले जाकर उसका पालन पोषण करने लगी। तदोपरांत पार्वती को अपने पुत्र का आभास हुआ और उन्होंने शिवजी से पूछा 'मेरा बच्चा कहाँ हैं'। तब शिवजी और पार्वती दोनों विष्णु भगवान के पास गए। भगवान विष्णु ने कहा आपकी संतान ऋषि कन्याओं के पास है अतः वह सभी ऋषि कन्याओं के आश्रम में चल पड़े।

जब ऋषि कन्याओं ने त्रिदेवों को अपने आश्रय की ओर आते देखा तो उन्हें भान हो गया कि यह बालक लेने आए हैं। त्रिदेवों ने उनसे पूछा 'हमारा बालक कहाँ है' तो उन कन्याओं ने उक्त बालक के अलग-अलग पाँच मुख लगाए और उनके नाम क्रमशः कुमार, स्कन्द, मूर्गन, षडानन, गुह्य बताए। अंत ने ऋषि कन्याओं ने कहा 'आप स्वयं अपने शिशु की पहचान लीजिए। तब महादेव ने अपने असली वीर्य को पहचानते हुए कार्तिक स्वामी के नाम से पुकारा और उन कन्याओं ने बालक कार्तिकेय को उन्हें सौंप दिया। बालक कार्तिकेय को महादेव पार्वती के पास ले आए। पार्वती ने शिवजी से पूछा 'यह छः सिर कहाँ से आए, तो शिवजी ने कहा यह सब हमारे ही अंश हैं। कालान्तर में इन्हीं ऋषि कन्याओं अर्थात कृतिकाओं के द्वारा लालन-पालन होने के कारण कार्तिकेय नाम पड़ा। इस प्रकार गद्दी लोक मान्यताओं में 'कार्तिकेय' की उत्पति मानी जाती है।

मन्दिर को लेकर लोकमान्यताएँ - लोकमान्यता के अनुसार जब कार्तिकेय और गणेश बड़े हुए तो शिव-पार्वती ने इच्छा प्रकट की कि दोनों पुत्रों में से किसका राज्याभिषेक एवं पूज्य देव माना जाए। प्रतिउत्तर में पार्वती ने कहा जो सर्वप्रथम पृथ्वी की परिक्रमा पूर्ण करके कैलाश पर्वत पर पहुँचेगा उसे सृष्टि का उत्तराधिकारी एवं पूज्य देव घोषित किया जाएगा। अतएव कार्तिक स्वामी अपना रौद्र रूप धारण करके अपने मयूर वाहन पर बैठकर तीव्र वेग से पृथ्वी की परिक्रमा करने निकल पड़े। वही गणेश अपने मूषक की स्वारी पर बैठ गए। जब मूषक अपने बिल में घुसने लगा तो माता पार्वती ने कहा कि गणपति त्रिलोकीनाथ यहीं हैं अतः आप अपने माता-पिता की परिक्रमा करो तुम्हारा राज्याभिषेक और सर्वप्रथम पूज्य देव की उपाधि मिल जाएगी। गणपति ने शीघ्रता से शिव-पार्वती की परिक्रमा की और कहा मेरे लिए माता-पिता ही सबकुछ हैं। अतः महादेव ने प्रसन्न होकर गणेश का राज्याभिषेक करके उन्हें सर्वप्रथम पूज्य देव घोषित कर दिया।

जब कार्तिक स्वामी सृष्टि की परिक्रमा करके कैलाश पर्वत की ओर आ रहे थे तो रास्ते में उन्हें महर्षि नारदमुनि से भेंट हुई। नारदमुनि ने कार्तिक स्वामी को प्रणाम करने के उपरांत कहा- 'कार्तिकेय आप कहाँ से आ रहे हैं ? प्रतिउत्तर में कार्तिकेय ने कहा मैं तीव्र वेग से सृष्टि की परिक्रमा करके लौट रहा हूँ अतः अब मैं सर्वप्रथम पूज्य देव बनूंगा। तभी नारदमुनि ने कहा माता पार्वती ने गणपति को इस सृष्टि का उतराधिकारी और पूज्य देव घोषित करवा दिया है। जब कार्तिकेय को इस बात का पता चलता है कि माता पार्वती ने गणेश जी का राज्याभिषेक करवा दिया है तो वे क्रोधित हो उठे और तत्काल प्रभाव से उसी समय उनको मांस और दूध वहीं अपर्ण कर दिया और कंकाल स्वरूप लेकर कैलाश पर्वत से निकल पड़े। कहा जाता है कि कैलाश पर्वत से कार्तिकेय सीधे कुगती पहुँचे थे और वहाँ पर कुछ देर विश्राम करने के उपरांत सीधे लाहौल की ओर चल पड़े। कुगती में जिस स्थान पर भगवान कार्तिकेय ने विश्राम किया था, उस स्थान पर आज भी लोग उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। लाहौल जाते समय कार्तिकेय काफी क्रोधित थे, और जिस स्थान पर उन्होंने अपना निवास वह सारा स्थल उनके हुंकार से काला पड़ चुका है।

जब महर्षि नारदमुनि कैलाश पर्वत पर पहुँचे तो उन्हें शिव-पार्वती से कहा 'कार्तिकेय रुष्ठ होकर लाहौल चले गए हैं। माता पार्वती ने कहा महादेव कार्तिक स्वामी को कैलाश पर्वत पर लाना होगा, अन्यथा उनका रौद्र रूप सृष्टि का विनाश कर देगा। अतएव अपने कंकाल स्वरूप में कार्तिकेय लाहौल में तपस्या करने लगे। कुछ समय पश्चात माता मराली कार्तिकेय के आसपास भेड़-बकरियाँ चराने लगी और उन्हें अपना भाई मानते हुए उन्हें दूध पिला दिया, जिसके

परिणामस्वरूप कार्तिक स्वामी पुनः अपनी वास्तविक काया में आ गए। किन्तु लाहौल में कई देवताओं के मनाने के बावजूद भी कार्तिकेय नहीं माने और अंततः महादेव ने स्वयं आकर उनको मनाया और अपने साथ कैलाश पर्वत चलने को कहा। कार्तिकेय ने कहा आपने गणेश का राज्याभिषेक करवाया है अतः मैं यही तपस्या करूँगा लेकिन कैलाश पर बापिस नहीं जाऊँगा। कार्तिकेय ने कहा 'मैं अपनी माता से असंतुष्ट हूँ और नारी जाति को यह श्राप देता हूँ जो सुहागिन औरतें मेरे छः मुख दर्शन करेगी वह विधवा हो जाएगी। लेकिन, कार्तिकेय ने महादेव से कहा कि वह अब कैलाश तो नहीं आएंगे, लेकिन अपने पिता की आज्ञा को शिरोधार्य करते हुए कैलाश पर्वत के पीछे एक पहाड़ी पर उनका निवास रहेगा। लोकमान्यताओं के अनुसार भगवान कार्तिक स्वामी लाहौल की धरा से निर्वासित होकर नर भेड़ के सींग पर संगल\सोठू (कुछ लोग नाग रूप) रूप में कुगती जनपद में आए थे।

मन्दिर निर्माण के संदर्भ में प्रसंग :- लाहौल से कार्तिक स्वामी ने प्रस्थान किया और सीधे कुगती पहुँच गए। एक मान्यता के अनुसार कुगती का नामकरण कार्तिक स्वामी के नाम से हुआ है। जबकि दूसरी मान्यता के अनुसार कुगती का नाम चार कन्दराओं के नाम से पड़ा है। विदित है कि कार्तिकेय लाहौल से सीधे 'डुग्गी' नाली एवं वहाँ से 'शिव-भियाली' नामक स्थल पर विराजमान हुए और वहीं पर तपस्या करने लगे। फिर एक दिन दत्तात्रेय वंश के किसी बुजुर्ग को स्वप्न में दर्शन दिए और उनसे कहा 'मैं यहाँ शिव-भियाली में प्रकट हुआ हूँ अतः उक्त स्थान पर मेरी स्थापना करो'। इसके उपरांत वह बुजुर्ग ग्रामीणों सहित शिव-भियाली गए और वहाँ पर कार्तिकेय की स्थापना कर दी। 'शिव-भियाली' अति दुर्गम क्षेत्र होने के साथ-साथ यहाँ पर अत्याधिक बर्फवारी पड़ती थी। जिसके परिणामस्वरूप आमजनमानस के लिए यहाँ पहुँचना अत्यंत कठिन कार्य था। लोकमान्यताओं के अनुसार एक दिन कार्तिकेय के गुर (चेला) ने उनसे आग्रह किया कि 'हे भगवन' मैं वयोवृद्ध हो चूका हूँ और इस दुर्गम स्थान पर आपके सभी भक्त पहुँच नहीं पाते हैं, इसलिए प्रभु आप ऐसे स्थल पर विराजमान हों, जहाँ पर आमजनमानस आसानी से आपके दर्शनार्थ हेतु पहुँच सके। तभी चेले के माध्यम से कार्तिकेय ने संकेत दिया कि यहाँ से कूट की थाली अथवा 'भाणा' में 'चणिया का भात' (चावल) से भरा पात्र शिव-भियाली से नीचे गिराओ, पात्र जिस स्थान पर रुकेगा वहीं मेरे मन्दिर का निर्माण कर देना। इसके बाद लोगों ने वैसा ही किया और 'भाणा' पहाड़ी के काफी नीचे आकर ऐसे स्थान पर रुका, जहाँ पर लोगों का पहुँचना काफी सुलभ था। जहाँ 'भाणा' रुका उस स्थान पर लोगों ने खुदाई करना प्रारम्भ कर दी और खुदाई करते हुए उन्हें पत्थर की एक मूर्ति मिली। उसी मूर्ति के स्थान पर उन्होंने कार्तिकेय की स्थापना कर दी।

लोकमान्यताओं के अनुसार जिस स्थान पर कार्तिकेय का वर्तमान मन्दिर बना है, उस स्थान पर पहले पानी की समस्या थी। जैसे ही मन्दिर निर्माण का कार्य प्रारम्भ हुआ वैसे ही पानी के स्रोत की सात जलधाराएँ स्वयमेव ही प्रस्फुटित हुई। जहाँ पर कर्तिकेय की मूर्ति की स्थापना की, वहाँ से भी पानी बहने लगा। बहते पानी से वहाँ पर एक 'डली' (बाबड़ी) बन गयी जिसका नाम 'भुण्खार' है। इसी 'भुण्खार' नामक स्थान पर कार्तिकेय का मन्दिर विद्यमान है। बताया जाता है कि उक्त 'डली' का पानी कार्तिकेय के चरणों से आता है। यह अलौकिक जलधारा बहुत पवित्र और औषधीय गुणों से युक्त है। इस जल से अनेकों बिमारियों का निवारण होता है। कार्तिकेय के मन्दिर के ठीक नीचे पानी का एक 'नाडा' है। उस नाड़े का पानी जहाँ गिरता है वहाँ का रंग लाल है। लोकमान्यताओं के अनुसार उक्त पानी से चर्म रोग दूर होता है। नाड़े का पानी आयरनयुक्त है और उसका स्वाद तांबे के पात्र में रखे पानी के समान प्रतीत होता है। सम्प्रतिकाल में कुगती में कार्तिकेय का भव्य मन्दिर बना हुआ है। "राजा श्री सिंह(1844-70ई.) ने अष्टधातु की एक स्थानक मुद्रा में मूर्ति दी थी जिसके एक हाथ में दण्ड था। कहा जाता है कि यह मूर्ति कभी चोरी हो गई थी।" जिसके पश्चात "सम्वत(विक्रमी) 2027 को पुजारी परिवार के श्री जोधाराम ने परगना वस्सु के लोगों के सहायता से नव-निर्मित पीतल की मूर्ति चढाई है। इसे श्री पूर्णचंद

(केलंग बजीर-कार्तिकेय स्वामी)

(माता-मराली)

केलंग देवता के का रूप सौन्दर्य मूछें, मेखला, यज्ञोपवीत, सिर पर टोप (टोपी), कोढ़ा चोलू, कमर में 'नुरआर'(पटका, जिसे कमर में बांधा जाता है) तथा हाथों में दण्ड (छड़ी) के माध्यम से यह स्वष्ट परिलक्षित होता है कि गद्दी समुदाय में केलंग देवता के प्रति असीम श्रद्धा भाव है। गद्दी समुदाय के प्रत्येक परिवारों के ज्येष्ठ पुत्र को कुगती के केलंग मंदिर में आकर त्रिशूल/होठू)छड़ी) तथा 'लाण'(वस्त्र जिसमें ऊनी तोप तथा नुरआर) लगाना रक्षार्थ हेतु अपरिहार्य है। गद्दी समुदाय के अधिकतर लोग केलंग देवता के चिन्ह अपने घरों में ले आते हैं और अपने घर या गाँव में इनका मन्दिर स्थापित कर नित्य-प्रतिदिन पूजा-अर्चना करते हैं।

कार्तिक स्वामी मन्दिर के ठीक सामने 'मराल' पर्वत पर माता 'मराली' (अशोकसुन्दरी) का मन्दिर है। जब 'भुण्खारा' में कार्तिक स्वामी का मन्दिर बना तो कार्तिकेय ने अपने भक्तों से अपनी बहन मराली को मराल पर्वत से लाकर अपने समीप विराजमान करने को कहा। अतः उनकी आज्ञा का पालन करते हुए कार्तिक स्वामी मन्दिर के पास ही थोड़ी चढ़ाई चढ़कर माता मराली का मन्दिर भी स्थापित किया गया। लोग कार्तिक स्वामी मन्दिर के दर्शन करने के उपरांत माता मराली के मन्दिर में पूजा-अर्चना करते हैं। माता मराली कार्तिकेय की बहन है और जहाँ भी कार्तिकेय का मन्दिर होता है वहीं साथ में माता मराली का भी मन्दिर होता है। "गद्दियों का मूल व्यवसाय भेड़-बकरी पालना है। अतः गडरिए इस देवता को भेड़-बकरियों के रक्षक तथा निर्जन एकांत, वीरान स्थानों पर अपना सहायक मानते हैं। इस देवता का स्वरूप गद्दियों जैसा है।" भक्तों की मनोती पूर्ण होने पर कार्तिकेय के मन्दिर में घंटी, संगल या छड़ी तथा माला मराली के मन्दिर में त्रिशुल चढ़ाते हैं।

कुगती स्थित कार्तिक स्वामी के मन्दिर के अतिरिक्त कार्तिकेय का एक अन्य भव्य मन्दिर भरमौर जनपद के कुलेठ नामक स्थान पर है। इस मन्दिर में स्थापित मूर्ति के संदर्भ में अमरसिंह रणपतिया लिखते हैं कि- "मूर्ति के छः हाथों में छः चिन्ह इस प्रकार से हैं – तीन दाएं हाथों में क्रमशः खड्ग, बर्छा और साँप हैं। जैसा की कथा में स्पष्ट है कि कार्तिकेय का जन्म तारकासुर के वध के लिए हुआ था अतः खड्ग

और बर्छा आयुध के द्योतक हैं। साँप मृत्यु का द्योतक है। तीन बाएं हाथों में क्रमशः कबूतर, डमरू और ध्वजा है। कबूतर अग्नि का दूसरा रूप है। डमरू शिवजी का प्रतीक है।"

मन्दिर में क्लश रखने की परम्परा :-

अत्यधिक हिमपात के होने कारणवश 'केलंग' मन्दिर के कपाट छः महीने तक बंद रहते हैं। लोकमान्यताओं के अनुसार छः मास के लिए कार्तिक स्वामी दक्षिण भारत चले जाते हैं। यहाँ सदियों से एक परम्परा चलती आ रही है जिसके अनुसार मन्दिर के कपाट बंद करने से पूर्व गर्भ गृह में पानी की एक गड़वी अथवा क्लश रखा जाता है। अतः छः महीने पश्चात जब 13 अप्रैल को मन्दिर के कपाट खुलते हैं तो स्थानीय चेले (गुर) तथा पुजारी द्वारा विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की जाती है और सर्वप्रथम उस क्लश को देखा जाता है। अगर इस अंतराल के उपरांत गड़वी पानी से भरी मिले तो उस वर्ष समूचे भूभाग में अच्छी बारिश, फसल और सुख-समृद्धि होने की भविष्यवाणी मानी जाती है। इसके विपरीत यदि गड़वी में पानी की मात्रा आधी अथवा कम मिले तो उक्त जनपद में सूखे अथवा किसी अप्रिय घटना कि संभावना व्यक्त की जाती है।विवेच्य लोकपरम्परा सदियों से पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही है और वर्तमान में भी परम्परित है।

स्थानीय लोगों की मान्यता के अनुसार शरद ऋतु के आगमन से पूर्व यहाँ पर प्रकृति बर्फ की सफेद चादर ओढ़कर सुप्त अवस्था में चली जाती है, अतः इस कालाब्धि में देवता लोग भी स्वर्ग की ओर प्रस्थान कर जाते हैं। अतएव इस कालखण्ड में देवता 'अंद्रोल' में पड़ जाते हैं और देव कपाट बंद कर दिए जाते हैं। इस अवधि के दौरान मन्दिर कि तरफ जाना और पूजा-अर्चना करना वर्जित माना जाता है । क्योंकि देवताओं के अभाव में किसी अप्रिय घटना होने की आशंका रहती है। इसी के निमित्त कार्तिकेय मन्दिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। कुछ लोगों का मानना है इस अवधि में कार्तिकेय दक्षिण भारत की ओर प्रस्थान करते हैं।

कार्तिकेय का 'लाण' (पहनावा) -कार्तिकेय गद्दी समुदाय के कुल देव हैं अतएव इस समुदाय के लोगों को इनका लाण (पहनावा) पहनना अपरिहार्य होता है। नुआला पुस्तक में वर्णित है- **"कोढ़ा ता लांदा चोलू देवा, ढाकनुए नुरआरी"** के आधार पर कहा जा सकता है कि कार्तिकेय का 'लाण' अथवा पहनावा भेड़ की ऊन से स्वनिर्मित लाल टोपी, कोढ़ा चोला और नुरआर (कमरबंद) है, जो मफलर की भांति होता है। कार्तिक स्वामी का 'लाण' सर्वदा कुगती मन्दिर में जाकर लगाया जाता है। 'लाण' लगाने की प्रक्रिया मन्दिर के चेले तथा पुजारी करते हैं। लाण लगने के उपरांत उक्त व्यक्ति कार्तिकेय का गुर बन जाता है और तदोपरांत उनके मुख से कार्तिकेय की शक्ति का संचरण होता है। ऐसी स्थिति में वह अनेक प्रकार की भविष्यवाणी और दुःख-कष्ट, जादू-टोने आदि को दूर करता है। 'लाण' पहनने वाले व्यक्ति के लिए मांस, मदिरा, मछली, मुर्गा, अंडे आदि का सेवन वर्जित माना जाता है।

विशेष रूप से भादो मास की सक्रांति के दिन विभिन्न क्षेत्रों से लोग यहाँ आकर जात्रों में सम्मिलित होते हैं। भेड़पालन के व्यवसाय के कारणवश बहुत से लोग इस जात्रा के दौरान 'बकरे' की बलि भी देते हैं। कुगती जात्रा के दौरान बहुत से गद्दी परिवार 'केलंग' का 'लाण'लगाते हैं तथा केलंग के प्रधान चेले से 'पीठहत्था' (आशीर्वाद) प्राप्त कर केलंग का 'चेला'(गुर) बनते हैं। यह परम्परा वर्तमान में भी विद्यमान है।

निष्कर्ष :-

अन्ततोगत्वा कहा जा सकता है कि शिवनगरी ब्रह्मपुर जनपद की समूची संस्कृति देवी-देवताओं के इर्द-गिर्द घूमती है। यहाँ के देवी-बल्कि इनके आस्था के केंद्र हैं अपितु सदैव इनके संगी, साथी, पथ-प्रदर्शक, संबल, सहारा तथा रक्षक आदि भी हैं। यहाँ के देव प्रत्यक्ष रूप से इनसे बातचीत करते हैं, रुठते हैं, मानते हैं और प्रत्येक सुख-दुःख में भागीदार बनते हैं। प्रसंगवश कार्तिक स्वामी तो इनके अधिष्ठाता-कुलदेव हैं। अतएव यहाँ ईश्वर और भक्ति में अद्भुत संगम दृष्टव्य होता है। प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, अकाल, संकट आदि सभी परिस्थितियों से कार्तिक स्वामी के प्रतिनिधि गुर, पुजारी आमजनमानस की रक्षा करते हुए सदैव उनके कर्णधार बनते हैं। वास्तव में उपर्युक्त विवेच्य प्रसंग गद्दी लोकसंस्कृति में परम्परित लोकमान्यताओं पर आधारित है। लोकसंस्कृति एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होती है। ऐसी स्थिति में कार्तिकेय के सम्बन्धं में विवेचित लोकमान्यताओं में कतिपय शास्त्रीय भिन्नता हो सकती है लेकिन उसका भाव शास्त्रीय बंधन के समान है।

****

संदर्भ सूची:-

1. रणपतिया, अमर सिंह, हिमाचली इतिहास और संस्कृति के अंश, सन्मार्ग प्रकाशन, दिल्ली, 1988, पृ. 115
2. वही, पृ. 60
3. रणपतिया, अमर सिंह, गद्दी भरमौर की लोक संस्कृति एवं कलाएं, हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी शिमला, संस्करण ,2010 पृ. 49
4. शर्मा, गौत्तम व्यथित, हिमाचल प्रदेश लोकसंस्कृति और साहित्य, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली, पृ. 35
5. रणपतिया, अमर सिंह, हिमाचली इतिहास और संस्कृति के अंश, सन्मार्ग प्रकाशन, दिल्ली, 1988, पृ. 115
6. डॉ. भरत सिंह, नुआला, रुद्रादित्य प्रकाशन, प्रयागराज, 2023, पृ. 145

वागर्थ के गौरव : कवि केदारनाथ अग्रवाल

प्रो. चंद्रकांत सिंह
प्रोफेसर (हिंदी विभाग)
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय,
धौलाधार परिसर-एक, धर्मशाला, जिला-कांगड़ा, हि.प्र.-176215 मो. न.- 09805792455

शोध-सारांश-

कवि केदारनाथ अग्रवाल की कविताओं में सृजन की अपूर्व छाप है | यह सृजन कवि के व्यक्तिगत स्वार्थ एवं लाभ-हानि के लिए नहीं प्रत्युत जनता के लिए है | कवि जनता के लिए लिखते हैं, उनकी कविताओं का गहन अर्थ है जिसे रुपवाद के साँचे में आबद्ध कर नहीं देखा जा सकता | शब्द के गहरे बोध का पता उनके लेखन से चलता है | शब्दों की जुगाली करते हुए सत्ता के गीत गाने वाले कवियों में उनकी समाई नहीं है और न ही जनता के सपनों को निगलने वालों में ही उनकी गिनती होती है | उनकी कविता विराट है जिसमें जीवन की सचाईयाँ उभरती हैं, जिन्हें कवि भाव-भाषा, शब्द-कौशल की जुगत से खड़ा करते हैं | एक अर्थ में यह कला या बाजीगरी भी नहीं बल्कि यथार्थ की गहरी ध्वनियाँ हैं जिनमें रूप-रस, ज़रा-मरण, जीवन-मृत्यु के साथ वे सभी उपक्रम हैं जिनसे जीवन बनता है | कवि ने जीवन का यथोचित सम्मान किया है, जीवन से ही उनकी कविता अर्थकरी एवं महत्वपूर्ण बनती है | जीवन अनुभव से गुजरते हुए कवि यथार्थ के उस शिखर तक पहुँचते हैं जहाँ जीवन का आशय स्वार्थ-लिप्सा या भौतिक चकाचौंध भर नहीं है | भोगवृत्ति एवं अवसरवादिता के कुहासे से विलग उनकी कविता को गहरे आत्म-विवेक की कविता कहा जा सकता है | जहाँ सच को निर्भीक होकर कहने एवं झूठ के किलों को ललकारने की हिम्मत है | इसी के बल पर कवि बड़े से बड़े अवसरवादियों की टोह लेते हैं और सत्य का रूपक रचते हैं |

बीज शब्द- भाव-भाषा,प्रणय, प्रगतिशीलता, सामाजिक-बोध, धरती,राग, सौंदर्य

प्रस्तावना-

कई बार कवियों के लिए कविता का आशय केवल शब्द एवं अर्थ की छायाओं की व्याप्ति भर है | कवि केदारनाथ अग्रवाल हर प्रकार के शब्दजाल से ऊपर उठकर भाव-जल की संहति पर विश्वास रखते हैं | यही कारण है कि उनकी कविता चमत्कार नहीं है बल्कि सत्य, नैतिकता एवं आत्म-जगत का प्रकाश है जिसके बल पर कवि वास्तविक सत्य की निर्मिति चाहते हैं | कवि के लिए रचना-प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है | उनकी रचना-प्रक्रिया 'स्व' से प्रारम्भ होकर 'पर' तक पहुँचती है और एक विस्तृत रूप ग्रहण करती हुई इससे भी आगे निकल जाती है | एक गहरे अर्थ में उनकी कविता की आत्म से अनात्म का संलाप रचती हुई गहरे जीवन-बोध की कविता कहा जा सकता है जहाँ जीवन का उत्सव है, मस्ती है आह्लादकता है और इन सबसे ऊपर दूसरों के दुखों में रमने और भींगने का मन है |

केदार जी की कवितायें आकार में छोटी हैं | कई बार इनके स्थापत्य एवं वागर्थ को देखकर लगता है मानो जीवन के निमिष पलों की अभिव्यक्तियाँ साकार हो उठी हों | विराट समुद्र की तरह फैले हुए यथार्थ को कवि देखते हैं, मुस्कुराते हैं और उन्हें कविता में ढालते हैं | अनगढ़ता, विराटता एवं व्यापकता को सघनता के साथ अतारने का काम कवि करते हैं | इस गहरे अर्थ में उनकी कविता बड़ी है क्योंकि उसका ओर-छोर बड़ा है | यहाँ निजता की अभिव्यक्ति, प्रणय का खट-राग एवं युवा-मन की मुश्किलें हैं जिन्हें कवि ने जिया है | यही कारण है कि बांदा के जनजीवन को दर्शाने के बाद भी कवि की कवितायें देश-काल की सीमा से ऊपर विस्तीर्ण कैनवस का चुनाव करती हैं |

कवि के लिए कविता का प्रयोजन स्पष्ट है | वह आत्मलोभ या लालसा के लिए नहीं लिखते बल्कि व्यापक जन-जागृति के लिए लिखते हैं | इसलिए कविताओं को परिवर्तनकारी अग्नि-रेखा भी कह सकते हैं | जो कवि के मन को आर्द्र करने के साथ जीवन का गहरा सोद्देश्य लेकर चलती हैं | अपने होठों की मुस्कराहट को बनाये रखने के साथ कवि दूसरों के जीवन में खुशनुमा बताश लाने की भावना से साहित्य रचते हैं इसलिए उनकी कविता पर-पीड़ा से नम और जीवन को उर्वर बनाने वाली महत्वपूर्ण जीवन-धारा है |

'आस्था का शिलालेख' केदारनाथ अग्रवाल की जीवन पर अथाह विश्वास की कविता है | अत्यंत मौन रहकर कवि जीवन के सौंदर्य को बचाए रखते हैं | कवि की कविता में आशा की अभिव्यक्ति है | इस संदर्भ में कवि लिखते हैं-

मैं हूँ अनास्था पर लिखा
आस्था का शिलालेख
नितान्त मौन,
किन्तु सार्थक और सजीव
कर्म के कृतित्व की सूर्याभिमुखी अभिव्यक्ति ;
मृत्यु पर जीवन के जय की घोषणा।

कवि केदारनाथ अग्रवाल की कविता 'तुम मिलती हो' प्रेयसी के सानिध्य एवं नैकट्य की कविता है | इस कविता में अग्रवाल जी सहज प्रेम को स्वीकारते हैं | प्रेयसी की सहजता एवं अबोधता पर टिप्पणी करते हुए वह कहते हैं-

तुम मिलती हो
हरे पेड़ को जैसे मिलती धूप,
आँचल खोले,
सहज
स्वरूप।

'फूल-से दिन' कविता जीवन-उत्सव की कविता है जिसमें कवि ने उत्साह और अतिरेक में भीगे हुए पल को याद किया है | इस कविता को प्रणय-राग की कविता कहा जा सकता है जिसमें जीवन के प्रति एकनिष्ठता का बोध मिलता है | इन्द्रियों की गहन तृप्ति केदार जी के यहाँ है, एक-एक इन्द्रियाँ सौंदर्य के रूप-चित्र पर रीझती हैं और आकंठ डूब जाती हैं-

गेंदे के फूल-से
फूले हैं दिन,
आओ तुम आओ तो
गुलाब भी खिलें,
बाहों से बाहों में एक हो मिलें,
मिलने के फूल-से
फूले हैं दिन।

पति-पत्नी का रिश्ता नेह-छोह पर टिका होता है | उसमें किसी भी तरह के दुराव-छिपाव की आकांक्षा नहीं होती बल्कि सब कुछ नेह के जल से भीगा हुआ पारदर्शी होता है | जिसमें पारस्परिक सम्मान के साथ हल्की नोक –झोंक भी चलती रहती है |

'तुम-हम' कविता गार्हस्थ्य जीवन को दर्शाती है जहाँ जर्जर स्वास्थ्य के साथ रिश्तों की तापहीन शुष्कता को कवि ने स्वर देना चाहा है | कवि केदार लिखते हैं-

सत्ताइस साल में तुम
न तुम रह गए तुम
न हम रह गए हम
तुम हो गए खूँखार
हम हो गए बीमार
अभाव-ग्रस्त लाचार

कवि केदारनाथ अग्रवाल जी के यहाँ शमशेर की कविताओं की तरह रंगों का इन्द्रधनुषीय प्रयोग दिखता है | यह अलग बात है कि शमशेर की कविता में प्रेम और क्रांति के गीत जहाँ मिलते हैं वहीं रंगों का जगत दिखता है | जबकि केदार जी की कविताओं में पूरे निसर्ग के सौंदर्य में रंग की छटाएँ उभरती हैं | उनकी कविताओं में भाँति-भाँति के रंग हैं जो जीवन को गंभीर अर्थ देते हैं | फूलों की गंध से लेकर प्रकृति की रूप -माधुरी तक विविध रंगों का उत्सव वहाँ है | जीवन से उपजे रंगों के उठाव को जीवन की परिभाषा कह सकते हैं | फूलों के प्रतीक द्वारा कवि ने प्रणय और रास के सुंदर पलों की रचना की है जिसमें हर्ष के वातावरण के साथ जीवन की अपूर्व साझेदारी है-

फूलों ने
होली
फूलों से खेली
लाल
गुलाबी
पीत-परागी
रंगों की रँगरेली पेली
काम्य कपोली
कुंज किलोली
अंगों की अठखेली ठेली

केदार जी जीवन से अतिशय प्रेम करते हैं इसलिए जहाँ भी वह सौंदर्य, कोमलता और भावमयता देखते हैं वहाँ भीतर तक रमते-रीझते दिखते हैं | उनकी कविता को निर्दोष हृदय की कविता कहा जा सकता है, जहाँ जीवन का अबोधपन है जिसे बचाए रखने की चिंता के साथ कवि की कविता का रूप खुलता है |

अच्छा लगता है
जब कोई
बच्चा खिल-खिल
हँसता है।
वैभव का विष
तुरत उतरता है।
जीने में
सचमुच जीने का
सुख मिलता है।

कवि केदार उद्दाम आकर्षण के कवि हैं, उनकी कविताओं में प्रेम का निश्छल रूप है | कवि ने यहीं से चाह के जगत में प्रवेश किया है | उनकी कविताओं में रूप के जगत में विचरण करने की आतुरता है और यही आतुरता कवि को प्रेम के मार्ग का धीर-पथिक घोषित करती है | कवि अपनी प्रेयसी की तुलना पूर्णिमा के चाँद से करते हैं जिसकी रूप-छवि में में सम्मोहन है, ऐन्द्रजालिक अनुभव है जिसे कवि ने बारहा महसूस किया है | कवि प्रेयसी के सौन्दर्य पर लिखते हुए कहते हैं-

तुम
पूनम के
चंद्रोदय हो
मैंने
तुम पर
तन-मन वारा
जब
आँखों ने
तुम्हें निहारा

'न बुलाओ तुम मुझे' कविता में कवि व्यक्तिगत प्रेम की बजाय अपनी सामाजिक भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हैं | यह कविता जीवन के प्रति गहरे विश्वास की कविता है जिसमें विषम जीवन की एक-एक साँस को बचाए रखने का यत्न कवि द्वारा हुआ है | निजी संबंधों के शिविर से निकलकर समाज को जीवन देने की उदग्र प्यास इस कविता में मिलती है | यहाँ कवि की सामाजिक प्रतिबद्धता कवि को अपने समय का बड़ा कवि सिद्ध करती है-

न बुलाओ तुम मुझे इस समय अपने पास
खोदनी है अभी मुझे
आसपास उग आई बेकार विचारों की घास,
तोड़ने हैं मुझे अभी
भाव की भूमि की कुंठा के बाँस,
जोड़नी है मुझे अभी
टूट चले जीवन की एक-एक साँस !
न बुलाओ तुम मुझे इस समय अपने पास |

कवि केदारनाथ अग्रवाल जीवन की जीवटता को स्वीकारते हैं | उनकी कविता में संघर्षों की लोमहर्षक ध्वनियाँ जिनको कवि ने बखूबी चित्रित किया है | 'समय बदला' कविता में केले के पेड़ के माध्यम से कवि ने जीवन में हार न मानने और पुरजोर हौसला रखने की बात कही है | विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में कवि की कविता प्रेरणा देती है | एक तरह से कहें तो उनकी कविता को गत्यात्मकता की कविता कहा जा सकता है | जहाँ बदलते हुए जीवन की पल-छिन रेखाएँ हैं जिन्हें चिन्हित करते हुए कवि कहते हैं-

समय बदला
कटे पत्ते बड़े लम्बे हौंसलों के;
खड़ा केला
जड़ें गाड़े
अब अकेला;
तना भर है
जिए चाहे जिए जैसे
बना भर है
हरा हरदम गया
ग़म से नहीं दहला !

कवि सत्य के पक्ष में अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं | उनकी कविताओं में असत्य की केंचुल उतरती दिखती है | उनका अपरिमित विश्वास है कि सत्ता के मद में चूर व्यक्ति चाहे जितना स्वांग कर लें, सत्य आखिर एक दिन सामने आता ही है | सचाई के रास्ते पर चलते हुए अपनी प्रतिबद्ध जीवन-दृष्टि से वह नए समाज के निर्माण की आकांक्षा रखते हैं | 'झूठ नहीं सच होगा साथी!' कविता में अग्रवाल

शोध उत्कर्ष Shodh Utkarsh Online Available at https:// www.shodhutkarsh.com ISSN-2993-4648
वर्ष - 02 अंक– 07 जुलाई - सितम्बर -2024 Impact factor– 03

जी लिखते हैं-

झठ नहीं सच होगा साथी!
गढ़ने को जो चाहे गढ़ ले
मढ़ने को जो चाहे मढ़ ले
शासन के सौ रूप बदल ले
राम बना रावण सा चल ले

झठ नहीं सच होगा साथी!
करने को जो चाहे कर ले
चलनी पर चढ़ सागर तर ले
चिउँटी पर चढ़ चाँद पकड़ ले
लड़ ले एटम बम से लड़ ले

झठ नहीं सच होगा साथी!

भारत की पंचवर्षीय योजनाओं की कवि केदार समीक्षा करते हैं | विदेशी मुद्रा के प्रसार और निवेश के अबाध प्रसार को उन्होंने शब्द देना चाहा है | उनकी 'वास्तव में' कविता भारत के दुर्भाग्य को दिखाती है जहाँ आर्थिक विषमता की तसवीरें हैं | कवि ने ऋण के बोझ तले दबे हुए भारत की तस्वीर को मुखर अभिव्यक्ति देनी चाही है | भारत की विदेश नीतियाँ किस तरह विफल होती हैं और जनता के दुर्भाग्य का उदय होता है इसे कवि ने भाषिक अभिव्यक्ति दी है | कवि केदारनाथ अग्रवाल लिखते हैं-

पंचवर्षी योजना की रीढ़ ऋण की श्रृंखला है,
पेट भारतवर्ष का है और चाकू डालरी है।
संधियाँ व्यापार की अपमान की कटु ग्रंथियाँ हैं
हाथ युग के सारथी हैं, भाग्य-रेखा चाकरी है।।

केदारनाथ अग्रवाल की कविताओं में रोमान के साथ-साथ प्रगतिशील जीवन-दृष्टि भी मिलती है | कवि को सबसे अधिक भरोसा शब्द पर है उनका मानना है कि उनके गीतों के द्वारा सामाजिक हलकों में व्यापक परिवर्तन घटित होगा | उनके गीत यथास्थितिवादिता की चूलें हिला देंगे | उनकी कविताओं में राग के सौंदर्य के साथ आग के दहकते अंगारे हैं जिनका उपयोग कवि समाज की जिजीविषा-शक्ति के पक्ष में करते हैं | क्रांतिदूत की शक्ल में कवि ने लिखा है-

मालवा में गीत मेरे गूँज जाएँ,
मैं यहाँ पर गीत गाऊँ,
वह वहाँ पर घनघनाएँ,
मालवा में आग का डंका बजाएँ।

मालवा में गीत मेरे गूँज जाएँ,
मैं यहाँ से नाग छोडूँ,
वह वहाँ पर फनफनाएँ,
मालवा में क्रांति का भूचाल लाएँ।

मालवा में गीत मेरे गूँज जाएँ,
मैं यहाँ से तीर मारूँ,
वह वहाँ पर सनसनाएँ,
मालवा में रक्त की ज्वाला जलाएँ।

कवि को जीवन धरती से प्राप्त होता है, इसी धरती में रच-बसकर उनका जीवन पुष्प विहँसता है | अकेलेपन के घुप्प एकाकीपन को अस्वीकृत करते हुए कवि ने सामूहिक जीवन को स्वीकारा है | उनकी कविताओं में लोक का उत्सव है, प्रकृति की स्निग्धता है और कर्मरत मन का कौशल है जिससे कवि को अनुभव की तराश मिलती है | युग को परिवर्तित करने वाले महत्वपूर्ण हस्ताक्षर के रूप में उन्हें देखा जा सकता है | उनकी कवितायेँ नये युग का प्रस्थान बिंदु कही जा सकती हैं | कवि लिखते हैं-

मेरा फूल नहीं खिलता है,
सूने और अकेलेपन में,
सूनेपन के जर्जर वन में,
बंध्या धरती के आँगन में।

मेरा फूल सदा खिलता है,
ऊँचे चौड़े वक्षस्थल पर,
कर्मठ हाथों के करतल पर,
युग के बजते पल प्रतिपल पर।

चूँकि कवि केदारनाथ अग्रवाल प्रकृति के राग-रंग से जीवन प्राप्त करते हैं इसलिए उनकी कविताओं में जड़ता नहीं है बल्कि गतिशीलता है जिसे वह नया रूप देते हैं | धरती, खेत, फसल, श्रम, पसीना आदि उनके प्रिय रूपक हैं जिन्हें कविता में कवि लगातार रचते हैं | उनकी कविता को किसानी-बोध की कविता कहा जा सकता है | एक नए युग का स्वप्न लिए उनकी कविताएँ मेहनत और श्रम का राग रचती हैं | इन कविताओं में जीवन को प्रभावकारी, अर्थयुक्त बनाने की लालसा है, साथ ही नए सौंदर्य-बोध के निर्माण का अपूर्व स्वप्न भी | 'किसानों का गाना' कविता परत-दर-परत विषमता, शोषण एवं अनाचार को खोलती चलती है | इस कविता में गहन उत्खनन है, कवि धरती के गर्भ से मूल्यवान थाती सँजोकर लाने के पक्षपाती हैं | उन्मुक्त हृदय से जनवाद पर लिखते हुए वह कहते हैं-

हमारे हाथ में हल है,
हमारे हाथ में बल है,
कि हम बंजर को तोडेंगे-
बिना तोड़े न छोड़ेंगे।

कड़ी धरती इधर भी है,
कड़ी धरती उधर भी है,
कि हम उसको विदारेंगे-
न चूकेंगे, न चूकेंगे ।

पसीना खूब सींचेंगे,
रुधिर सारा उलीचेंगे,
कि हम मिट्टी भिगोएँगे-
छने आटे-सी माड़ेंगे।

कवि की भाषा जीवन की भाषा है इसलिए इसमें खुरदरापन है, जीवन की तपिश है और संघर्षधर्मी चेतना है | 'वह जन मारे नहीं मरेगा' कविता में कवि ने आँधियों से लड़ने वाले, कभी भी पराभूत न होने वाले आम जनजीवन को अभिव्यक्ति देनी चाही है | कविता की भाषा आम फहम है लेकिन इसमें जीवन का आर्तनाद है | जीवन में गहरे धँसकर जीवन का अर्थ खोजने वालों को सच्ची श्रद्धांजलि कवि ने देनी चाही है | जीवन का आसव पीकर बड़े होने वाले भूमि-पुत्रों पर लिखते हुए कवि का मन पसीज उठता है | उनकी कविताओं में धरती की सुगंध को बचाकर रखने वाले किसानों की मूक-कथा है जिसे कवि ने बानी देनी चाही है | कवि का मानना है कि दुखों और व्यथाओं के जंगल में रहने वाले इन मनुष्यों का काल भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता | उनकी जीवनी-शक्ति को अजेय मानते हुए उनकी सफलता के लिए

कवि-मन कामना करते हैं | कवि केदार स्पष्ट शब्दों में लिखते हैं-

जो जीवन की धूल चाटकर बड़ा हुआ है,
तूफानों से लड़ा और फिर खड़ा हुआ है,
जिसने सोने को खोदा, लोहा मोड़ा है,
जो रवि के रथ का घोड़ा है,
वह जन मारे नहीं मरेगा,
नहीं मरेगा !!

कवि केदार जीवन पर लिखते हुए जीवन के विस्तीर्ण फलक को आधार बनाते हैं | उनकी कविता में प्रकृति, प्रेम, संघर्ष की ध्वनियों के साथ विरूपित छवियों का भी चित्र है | जहाँ बदले हुए चेहरे लिये हुए कई लोग हैं जो समाज की आवाज़ दबाने की कोशिश करते हैं | जिन्हें राजनीति में रस है, जो सत्य एवं ईमानदारी की चादर ओढ़े हुए सत्य को पराभूत करने की प्रवृत्ति लिए हुए हैं | कवि ऐसे दोमुँहे लोगों की कथनी-करनी के भेद को न केवल खोलते हैं बल्कि उन्हें जिंदगी के लिए बड़ा अभिशाप मानते हैं | मार्क्सवाद में आस्था होने के बाद भी कवि केदार को कहने में ज़रा भी संकोच या हिचक नहीं है कि कुछ लोग सभ्यता की आड़ में अपनी नृशंसता का परिचय दे रहे हैं | जिनके कृत्यों से मानवता शर्मसार है जो जनवाद की आड़ में मनुष्यता का लहू पी रहे हैं | 'ज़िन्दगी' कविता में ऐसे झूठे लोगों की कलई कवि ने खोली है, वह व्यंग्य की मुद्रा में कहते हैं-

देश की छाती दरकते देखता हूँ !
मैं अहिंसा के निहत्थे हाथियों को,
पीठ पर बम बोझ लादे देखता हूँ।
देवकुल के किन्नरों को,
मंत्रियों का साज साजे,
देश की जन-शक्तियों का,
खून पीते देखता हूँ ,
क्रांति गाते देखता हूँ !!

निष्कर्ष-

केदारनाथ अग्रवाल की कविता भाव और शिल्प की अद्भुत पच्चीकारी है | कवि ने कोमल-अनगढ़, सौंदर्य-घृणा, रूप-अरूप, दृश्य-अदृश्य का ऐसा देशांतर अपनी कविता में खींचा है जो लोमहर्षक है | जीवन को बचा कर रखने की चाह लिए कवि की कवितायें दुःख एवं पीड़ा की कथायें हैं जिनसे कवि ने कविता को बुना है | शब्दों के कई पर्याय, सुंदर एवं मनोहारी रूप लिये हुए उनकी कविता में प्रकट होते हैं | कवि एक-एक शब्द को ऐसे पिरोते हैं जैसे वे मणिमुक्ताएँ हों और उनका गंभीर अर्थ हो | मानवता की आँख का जल बचाने की चिंता कवि को सालती है, उनसे उद्यम भी कराती है और कविता के द्वारा एक नई रोशनी लेकर प्रकट होती है | उनकी कविता को महज कौशल समझना भारी भूल होगी, असल में उनकी कविता का वागर्थ जनमानस की आशा का प्रदीप है जिसे हर हाल में कवि रोशन चाहता है | ताकि संघर्षों एवं अंधेरों में रास्ता उदास एवं हताश न हो | कवि की कविता प्रतिरोध का शिविर है और सौंदर्य का अभिलेखागार | जहाँ भाँति- भाँति के दृश्य हैं जिनसे न केवल कवि के मानस का विस्तार होता है बल्कि पाठक की मनोभूमि का भी परिष्कार होता है | उनकी कविता में छिपे अर्थ के वैभव को देखकर पाठक न केवल जीवन-ऊर्जा प्राप्त कर सकेंगे बल्कि राग की शीतलता से मन की शांति का अनुभव कर सकेंगे जो कभी भी स्फूर्तिहीन एवं स्पंदनहीन न होगी | एक गहरे अर्थ में कह सकते हैं कि कवि केदारनाथ अग्रवाल शब्द-शिल्पी हैं जिनके एक-एक अक्षर में धरती का सोया हुआ राग है जो सहृदय को रस-सिक्त करने में समर्थ होगा | जिनकी कविताओं के पाठ से निश्चय ही सुंदर भविष्य का निर्माण हो सकेगा |

संदर्भ सूची :-

1. केदारनाथ अग्रवाल, 'फूल नहीं रंग बोलते हैं', संस्करण 2009,पृष्ठ संख्या-148
2. केदारनाथ अग्रवाल, 'फूल नहीं रंग बोलते हैं', संस्करण 2009, पृष्ठ संख्या-150
3. केदारनाथ अग्रवाल,'पंख और पतवार, संस्करण 2009, पृष्ठ संख्या-106
4. केदारनाथ अग्रवाल, 'कहें केदार खरी-खरी, संस्करण 2009, पृष्ठ संख्या-186
5. केदारनाथ अग्रवाल, 'खुली आँखें खुले डैने, संस्करण 2009,पृष्ठ संख्या-54
6. केदारनाथ अग्रवाल, 'खुली आँखें खुले डैने, संस्करण 2009,पृष्ठ संख्या-56
7. केदारनाथ अग्रवाल, 'खुली आँखें खुले डैने, संस्करण 2009,पृष्ठ संख्या-80
8. केदारनाथ अग्रवाल, 'फूल नहीं रंग बोलते हैं', संस्करण 2009, पृष्ठ संख्या-16
9. केदारनाथअग्रवाल, 'अपूर्वा, संस्करण 2009, पृष्ठ संख्या-22
10. केदारनाथ अग्रवाल,'कहें केदार खरी-खरी, संस्करण 2009, पृष्ठ संख्या-98
11. केदारनाथ अग्रवाल, 'कहें केदार खरी-खरी, संस्करण 2009,पृष्ठ संख्या-110
12. केदारनाथ अग्रवाल, 'खुली आँखें खुले डैने, संस्करण 2009,पृष्ठ संख्या-95
13. केदारनाथ अग्रवाल, 'खुली आँखें खुले डैने, संस्करण 2009, पृष्ठ संख्या-96
14. केदारनाथ अग्रवाल, ,'गुलमेंहदी', संस्करण 2009, पृष्ठ संख्या- 67
15. केदारनाथ अग्रवाल,'गुलमेंहदी', संस्करण 2009, पृष्ठ संख्या- 131
16. केदारनाथ अग्रवाल, 'कहें केदार खरी-खरी', संस्करण 2009, पृष्ठ संख्या-65

बघेली भाषा में कविता के विविध आयाम

डॉ. निरपत प्रसाद प्रजापति
सहायक प्राध्यापक -हिंदी
शासकीय महाविद्यालय बाणसागर,जिला -शहडोल (म.प्र.)

सारांश:-
आदि भाषा संस्कृत को हिंदी भाषा की जननी कहा जाता है. संस्कृत – पालि-प्राकृत -अपभ्रंश -हिंदी के अनुक्रम में हिंदी भाषा का विकास हुआ। पूर्वी हिंदी के अंतर्गत तीन बोलियां या उपभाषाएँ आती हैं – अवधी, बघेली, और छत्तीसगढ़ी। बघेली भाषा हिंदी भाषा के पूर्वी हिंदी प्रभाग की एक प्रमुख भाषा है। बघेली भाषा क्षेत्र को बघेलखंड के नाम से जाना जाता है। इस प्रदेश का उल्लेख प्राचीन समय से मिलता है। रामायण काल में इस भू-भाग को कौशल प्रांत या महाकौशल के नाम से जाना जाता था। 11वीं-12वीं शताब्दी के लगभग आल्हलवाड़ा पाटन के सोलंकी राजपूतों की शाखा के व्याघ्रदेव बघेल ने यहां के शासक को पराजित करके बघेल राजवंश की नींव डाली, तब से देशी राज्यों के विलीन होने तक बघेलखंड में बघेल राजपूतों द्वारा शासन किया जाता रहा है। बघेल वंश के नाम से इस भू-भाग को बघेलखंड के नाम से जाना जाने लगा तथा बघेल वंश द्वारा शासित भूभाग में बोली जाने वाली भाषा को 'बघेली' के नाम से जाना जाता है। प्रारम्भ में बघेली भाषा का साहित्य लोक गीतों, लोक कथाओं, संस्कार गीतों, लोकोक्तियों, मुहावरों, कहानियों, मुकरियों, किस्से आदि के रूप में मौखिक रूप में प्राप्त होता है। मौखिक होने के कारण उनके स्वरूप में परिवर्तन आना स्वाभाविक है जिससे हमें बघेली बोली के प्रारम्भिक स्वरूप का ज्ञान नहीं हो पाता है। हिन्दी भाषा के पूर्वी प्रभाग की रीवा, सीधी, सतना, शहडोल क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषा को बघेली भाषा कहा जाता है, जिसके मूर्धन्य कवि - सैफुद्दीन सिद्दीकी,सैफू जी,कवि सुखई प्रसाद अटल,बाबूलाल दाहिया,शम्भू काकू, हैं। श्री निवास शुक्ल सरस जिन्होंने बघेली काव्य परंपरा को नए आयाम दिया व एक सुदृढ़ काव्य परंपरा प्रदान की जिसमें देश व समाज की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना चित्रित हुई है।बघेली कवियों ने समाज में पनपी विकृतियों और समाज की रूढ़िगत विसंगतियों पर प्रहार अपने रचनाओं में किया है। किसान, दहेज प्रथा, बेरोजगारी, बाल-विवाह, जनसंख्या वृद्धि, बढ़ती महंगाई, सूखा, अकाल, पर्यावरण आदि समस्याओं व बुराइयों से मुक्ति की छटपटाहट को बघेली भाषा साहित्य का अंग कमोबेश सभी कवियों नेरचना का विषय बनाया। बघेली कवियों ने भारतीय परंपरा से प्रभावित भारत की प्रगतिशील सामाजिक परिस्थितियों,राष्ट्रीय चेतना व मानवतावादी दृष्टिकोण को प्रसारित किया व नारी के प्रति श्रद्धा व सम्मान व्यक्त किया। बघेली भाषा का साहित्य विविध विधाओं में समृद्ध है और अन्य क्षेत्रीय बोलियों से किसी भी मामले में कमतर नहीं है।

बीज शब्द :- बघेली, क्षेत्रीय बोली, रिमर्हर या रिमाई,रिमही,कैथी, शोषण उत्पीडन,गरीबी, किसान आदि।

बघेली साहित्य का विकास :- बघेली भाषा का साहित्य मौखिक रूप से आगे बढ़कर लिखित रूप में विकसित हुआ, बघेली कविता का प्रामाणिक आदि कवि के रूप में (सन-1857) ईस्वीरदास को माना जाता है। जिनके उपरांत बघेली कविता में अनवरत लेखन जारी है। जिस कड़ी में बैजनाथ 'बैजू, सैफुद्दीन सिद्दीकी 'सैफू, शम्मू काक, रामदास पयासी व रामनाथ सोनी आदि कवि हैं। जिन्हें प्रो. सेवाराम त्रिपाठी ने परम्परागत भावबोध के कवि माना है। पंडित हरिदास की कविता हास्य व व्यंग्य प्रधान कविता है। उन्होंने समाज की समस्याओं का चित्रण काव्यात्मक रूप में किया है जैसे-

"कोहू केर गिरा है अगरा-पगरा,
अऊ कोहू केर गिरा ओसार।
हरीदास के मुड़हर गिरिगा,
रोमई धरे कपार।"[1]

प्रारम्भिक बघेली कविता में प्रकाशित कृतियां कम मिलती हैं, पंडित हरिदास का कोई संग्रह प्राप्त नहीं होता है। बैजनाथ पाण्डेय 'बैजू' की सूक्तियां, सैफुद्दीन सिद्दीकी 'सैफू' की 'भारत केर माटी, दिया बरी भा अंजोर, एक दिन अइसन होई। रामदास पयासी की 'माटी केर महक आदि काव्य संग्रह प्राप्त होते हैं। परम्परागत भाव बोध के कवियों के बाद बघेली कवियों की लम्बी श्रृंखला है, जिनमें प्रो. आदित्य प्रताप सिंह,डॉ.भगवती प्रसाद शुक्ल, गोमती प्रसाद 'विकल', कालिका प्रसाद त्रिपाठी, डॉ. अमोल बटरोही, बाबूलाल दाहिया, डॉ. शिवशंकर मिश्र 'सरस', सुदामा 'शरद', भागवत प्रसाद पाठक, रामचन्द्र सोनी 'विरागी', हरिनारायण सिंह 'हरीश, विजय सिंह परिहार,धीरेन्द्र त्रिपाठी, मैथिलीशरण शुक्ल 'मैथिली',अनूप 'अशेष', डॉ. सुखई प्रसाद 'अटल' श्रीमती विनोद तिवारी, श्रीनिवास शुक्ल 'सरस', लक्ष्मण सिंह परिहार,ओम द्विवेदी आदि हैं, जिन्होंने बघेली कविता को समृद्ध किया है और कर रहे हैं। इस आलेख में हम बघेली भाषा में लिखे गए काव्य साहित्य के विविध आयाम को विस्तार से देखने का प्रयास करेंगे :-

बघेली काव्य का सामाजिक आयाम:- बघेली काव्य में समाज के विविध पक्षों पर रचना देखने को मिलती है। बघेली का कवि समाज के वर्तमान विकृत स्वरूप के प्रति चिन्तित प्रतीत होता है। समाज में फैली हुई कुरीतियों, रुढ़वादिता, शोषण, उत्पीड़न और अन्यान्य, अनैतिक कृत्यों के कारण कवि में आक्रोश, नैतिक मूल्यों में ह्रास हुआ है, सामाजिक व्यवस्था चरमरायी है ऐसे में कवि भी अपनी बात रचनाओं के माध्यम से व्यक्त करता है :-

बारह बरिश कै बिटिया बपुरी, बईठ राणपा भोगै.
बडमंसी का लइके अपने, नाव समाज के रोबै ।[2]

समाज में व्याप्त आपाधापी, स्वार्थ की प्रवृत्ति और खुद तक सीमित जीवन यानी मात्र अपना पेट भरने तक की सोच एक स्वस्थ्य समाज के लिए ठीक नहीं है कुछ पक्तियाँ दृष्टव्य हैं-

मनई अन्धेरि करै देखा अँखिमुन्द ।
आपुसु माँ गोरुअन अस मचिगा खुरखुन्द।
काज कहौ लगा नहीं, होइगा मटिमगरा।
एँह अंधाधुन्ध माँ सँघरा हो सँघरा।
पानिउ भर मिलइ कहउँ, लाइन माँ लागा,
तू पी लेऽ आन का धँघोय देऽ,
होय जउन होय देऽ.....।।[3]

इस तरह का अंधेर मचा हुआ हो, तो जीवन यापन के लिए मात्र एक ही रास्ता बचता है और वह है कि समाज के ऐसे लोगों से साठ -गांठ करना जो असमाजिक तत्व हैं, अपने ताकत और दांव-पेंच के बल पर समाज में बर्चस्व स्थापित करते हैं :-

नंगन के साथ चला, नेतन से पटि लेऽ,

मन पसार रुपिया के सथरी माँ सँटि लेऽ,
नंगदाँय खूब करा, दुनिया सब लूटि लेऽ,
पाहुँच भर बनी रहै, सरकारी छूटि लेऽ,
बरत देखा राहा जो कोहू के,
तुहूँ पहुँचा अउर थोर का खोय देऽ,
होय जउन होय देऽ.. ।। [4]

सामाजिक भेदभाव पर प्रहार :-बघेली कवि समाज में फैले सामाजिक भेदभाव, जाति-पाति, ऊंच-नीच आदि असमानता के कारकों को नकारते हुए सामाजिक समानता पर बल देते हैं। भेदभाव से समाज में अराजकता का माहौल है, इसलिए भेदभाव को मिटाने व सामाजिक सौहार्द की अपील करते हुए कहते हैं कि-

जात-पाँत के भेद माँ, चलिहैं लाठी बोंग,
कितनेव सरगे जहल माँ, मनई बना चिपोंग।
कोऊ ऊँच न नीच, एक चाकै के माटी,
भेदभाव कानून कायदा, हम तुम छाँटी।[5]

शोषण-उत्पीडन का चित्रण:- पारिवारिक विघटन व समाज में व्याप्त अत्याचार के कोलाहल से व्यथित होकर कवि समाज या परिवार का साथ देने में असमर्थ नजर आते हुए कहता है:-

"अब नहीं सहा करै त का करी,
कोउ नहीं कहा करै त का करी
जहाँ तक बस चला त बाँह गहेन
अब नहीं गहा करै त का करी।"[6]

आडम्बर और पाखंड पर प्रहार :- बघेली कवि समाज में फैलाए गए ढोंग-आडम्बर का पर्दापाश करते हुए समाज को सचेत करते हैं। भाग्य के भरोसे न बैठने, कर्मवादी बनने की प्रेरणा देते हैं। पोथी, पत्रा, सुदिन आदि केवल आडम्बर है। हमारा भाग्य हमारे कार्यों पर आधारित होता है।इसी संदर्भ में कुछ पंक्तियाँ देखिये :-

पंडित बाबा सुदिन बनाइन पोथी पत्रा देखिन।
करम राम का लिखा है,ओऊँ नहीं सरेखिन ।।[7]

मानवतावादी चिंतन के आयाम:- बघेली काव्य साहित्य में प्रत्येक मानव के अंदर मानवतावादी सोच को विकसित करने औरआपसी द्वेष, घृणा के भाव को मिटाकर देश में मिल-जुल कर रहने के लिए प्रेरणा प्रत्येक बघेली कवि देने का प्रयास करता है । वास्तव में कवि का धर्म यही होता है कि वह समाज को जोड़ने का कार्य करे –

आवा एक काम करी, पहिले मन साफ करी ।
न हमका देखके तू ज़रा, न तोहका देखके हम जरी. । ।

महँगाई और बेरोजगारी का चित्रण:-समाज में फैली महंगाई जैसी आपदा का चित्रण बघेली साहित्य में यथार्थ रूप में किया गया है। महंगाई से समाज में अराजकता फैली हुई है। किसान का अनाज सस्ता है लेकिन पूंजीपतियों द्वारा बनाए गए सभी उत्पाद महंगे हैं। जिससे ग्रामीण लोगों की हालत जर्जर होती जा रही है। किसान पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है।

चरसा उधेर लिहिस आय महंगाई सब,
नोन-तेल लकड़िन माँ बिकेंगे, गिरहस्ती ।
महंगा केराना, अनाज सब सस्ता है,
खाद अऊर बीज केर करजा गठि आयेन है। [8]

राष्ट्रीय भावधारा एवं देश प्रेम:- बघेली की काव्य कृतियों में राष्ट्रीय भावना का कई स्थानों पर चित्रण हुआ है। उनके हृदय में देश-प्रेम और देश भक्ति का अंकुरण है। वे व्यक्ति की अपेक्षा देश को और अपनी माटी को बड़ा मानते हैं।

हमका न चाही हेवाल अउ हवेली।
हमका न चाही ऊ कुरसी बरेली।
अन्तिम मा एत्ता भर ताँकि लिहे सरस,
माथे मां मलि लीन्हे माँटी बघेली ।।[9]

काव्य सौंदर्य:- बघेली कविताओं में सौन्दर्य के नए-नए आयाम हैं। कवियों ने अपने समय के यथार्थ को उसी रूप में नहीं देखा बल्कि यथार्थ को विविध आयामों से देखने का प्रयास किया हैं। बघेली कविता में जीवन के विविध आयाम उद्घाटित होते हैं। व्यंग्य का करारापन बहुत प्रभावी है। ग्रामीण व किसान जीवन का जीवंत बेबाक व सटीक वर्णन भी किया गया है। ऐसे बिम्बों को रूपायित किया है कि ग्रामीण जीवन आंखों के सामने परिलक्षित होने लगता है। ग्रामीण जनों की दैनिक दिनचर्या, दैनिक जीवन का जीवंत बिम्ब देखिये :-

'फुदुकि उठी ओरिन मा छोटि छोटि गउरड्या,
चलै लागि मनइन कै डोरि,
कुहुकी दै चरबाह लै-लै गाय चलें,
बजैं लागि घाँटी खोरि-खोरि ।।"[10]

प्रकृति चित्रण:-प्रकृति के रणमीय चित्रण में भी बघेली कवि पीछे नहीं हैं । सुबह का वर्णन करते हुए प्रकृति के मनोहारी बिम्ब का चित्रांकन कविताओं के माध्यम से किया गया है:-

चिरईउ व गाइ रहीं, उड़ि-उड़ि के जाइ रही,
पूरब माँ सुरुज है ललान । देखा रे! होइ रहा बिहान।"[11]

कृषक जीवन का चित्रण:- किसान जीवन का यथार्थ वर्णन बघेली कवियों ने अपनी कविताओं में किया है। किसान जीवन कितना श्रमशील व आर्थिक रूप से कमजोर है, उन्हें केवल नमक रोटी भोजन के रूप में प्राप्त होता है जबकि किसान विविध प्रकार के फसलों को उपजाता है।

"फेंड बाँधि सब किसान खेतन मा जोति रहें,
खाइ-खाइ रोटी अरु लोन।
काने माँ अँगुरी के बिरहा धै तानि रहें,
माँगि रहैं धरतिऊ से सोन।"[12]

राजनीति पर करारा व्यंग्य :- बघेली कवियों ने राजनीति पर करारा व्यंग्य करते हुए नेता व सरकार के यथार्थ चरित्र का बखूबी उद्घाटन किया है। किस प्रकार जनता सरकार व उसके रीति-नीति से दुखी हैं। वे देखते हैं कि नेता वही है जो अत्याचारी व अन्यायी हो, जिस पर अपराधिक मामले दर्ज हों:-

जेसे जेतना बनि सका,ओतना लूटिन देश.
अबहूँ साजिश चल रही, बदलि बदलि के भेष।"[13]

देश में अत्याचार, अन्याय, शोषण अपने चरम पर है, चारों तरफ भ्रष्टाचार फैला हुआ है, जनता भूख से दम तोड़ रही है, लेकिन सरकार लूट मचाए हुए है:-

"चारिऊ कइति ई देस मा उजार मचा हइ।
कुर्सी निता अगार अउ पछार मचा हइ।
आधे से अधिक हैं जे पेट मुरुरि रहे हाँ,
एक कइती जनता म रार मचा हई।"[14]

वर्तमान समाज के नेताओं द्वारा किए जा रहे शोषण से व्यथित होकर कवि सोच समझकर चुनाव में वोट डालने का सुझाव दे रहे हैं। जो देश को अन्दर-अन्दर खोखला कर रहे हैं, जिनकी कथनी-करनी में अन्तर है, उनका चुनाव सोच-समझकर करें।

"अबकि सोचि समझि के ठप्पा मारा जई भला,
राजा बदलै का है, मुकुट उतारा जई भला।"[15]

समाज के लोगों व नेताओं में हो रहे त्वरित बदलाव से कवि खिन्न है, जिस प्रकार नेता चुनाव के बाद व चुनाव से पहले अपने

अन्दर त्वरित बदलाव लाते हैं, उसका चित्रण किया है।
'अइसन चुपरय अइसन चाटँय कहाँ सिखेऽ,
दाना धरय, पछोरन, बॉटय कहाँ सिखेड
कुछ दिन पहिले कुछ दिन बाद माँ अतना अन्तर,
मुहु जोरय, अऊ मन से काटय कहाँ सिखेऽ।"[16]

चुनाव जीतने के बाद भारतीय राजनीती में पांच साल तक जनता का शोषण किस तरह से नेता करता है उसका सुंदर चित्रण बघेली कविताओं में मिलता है :-

गइरी कस कचरि-कचरि नटई भर अदरि लेय।
अँइठी कस अइढ़-अइढ़ लॉपा कस बररि लेय।
काल्हु इया अमरित इँदरामन होई सरस-
मन पसार मनई का पाँच बरिस नररि लेय।[17]

बघेली मुक्तक:-बघेली भाषा काव्य के विविध विधाओं में अपनी अभिव्यक्ति दी है चाहे वह मुक्तक हो, गजल हो या अन्य कोई भी माध्यम, बघेली मुक्तक का उदारण देखिए:-

चाउर मां उरदा मेराय नहीं कबौ ।
हाड़ी का हाड़ा, डेराय नहीं कबौ।
लाख जतन कइके तू देखि लेय 'सरस'-
पानी मां पूड़ी, सेराय नहीं कबौ ।।[18]

बघेली गजल: -गजल अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है, इस विधा से कहने में प्रभाव बढ़ जाती है और व्यक्ति सुनते ही अभिभूत हो जाता है :-

अरे तू निहुरि के न आबा करा हो।
पछीती म लुकिके न गाबा करा हो।
न चउमॉस मॉही गरिब्बा के भीती,
कुदारी म खनिके गिराबा करा हो।
न लाँगर न आँधर न असहाय काँही,
बिसरिके कबौ ना बिराबा करा हो।
दऊ दूत कॉही न बिसराइ केंही,
चबेना क नॉई न चाबा करा हो।[19]

वैयक्तिक रागात्मक अनुभूति:-वैयक्तिक जीवन से जुड़े विषय वस्तु, यथार्थ से जुड़े होने के कारण अनुभूति परक होते हैं। अँजुरी भर अँजोर काव्य कृति से चन्द पंक्तियाँ दृष्टव्य है । :-

"आई कीन हाँथ से छटिगै राम दोही कै।
मन कै बाति मनै मां रहिगै राम दोही कै ।।"

xxx

भूंख लकलकान कबों थामें न थमै
उमिर गड़गड़ान कबौ थाम्हे न थमै ।।"[20]

ग्राम्य परिवेश एवं लोक जीवन:- बघेली भाषा में ग्रामीण परिवेश का चित्रण कमोवेश सभी रचनाकारों के साहित्य में देखने को मिलता है. इसका मूल कारण यही है कि बघेली का भौगोलिक क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्रों का रहा है ।सभी कवि ग्रामीण परिवेश में ही जीवन यापन किया है। कुछ पंकियाँ ग्रामीण परिवेश कि देखते चलें :-

सोहबत केर सुपारी पाउब, अबहूँ अपने गाँव माँ ।
नीमी केरि मुखारी पाउब, अबहूँ अपने गाँव माँ ।।[21]

नारी के प्रति दृष्टिकोण:-भारतीय नारी समग्रत: उपेक्षित रही है, पितृसत्तात्मक समाज में नारी कि हालात को लेकर कवियों ने अपने रचनाओं में स्थान दिया है । यह स्पष्ट होता है कि भारतीय नारी की प्रतिष्ठा को उस रूप में नहीं प्रतिष्ठित कर पाये जितना नारी को प्रतिष्ठा चाहिए । एक माँ की ममता और वात्सल्य-अनुराग को बघेली कवि सरस जी ने बहुत ही मार्मिक ढंग से चित्रांकित किया है। माँ अनगिनत मुशीबतों को झेलती हुई अपने पुत्र को हँसते-खेलते हुये देखकर अपार सुख की अनुभूति करती है तथा बोल उठती है-

"भूंखे पियासे रही दूनउ जून पय,
लाला का देखे अघान रही ।
लाला के लागै न दूब कै साँटी हो,
एहीं के लाने सधान रही।।"[22]

नारी का एक रूप, माँ के रूप में कवि सरस की काव्य कृति का विषय बना है तो दूसरा रूप दुल्हन के रूप में यथा-

"दाँद की दुलही एतनी है गोर ,
कि निकारे से उनखे होई जात है अँजोर. ।।[23]

(3) आशावादी दृष्टिकोण:-बघेली भाषा की काव्य रचना चाहे 'अँजुरी भर अँजोर' हो और चाहे 'आयाम के पंख' अथवा 'रुद्रशाह' खण्ड काव्य, सबमें आशावाद की सुन्दर अभिव्यक्ति हुई है। कथ्य में कवि का आत्म विश्वास एक चारुत्व लाता हुआ प्रतीत होता है। -

"भले आज करिया अमाबास हिबै सरस,
काल्हु मिली देख लीन्हे उज्जर पुनमासी।" [24]

परम्परावादी दृष्टिकोण:-बघेली काव्य में कवि प्रगतिशीलता के बहाव में अवश्य बहते हुये प्रतीत होते हैं, किन्तु वह परम्परागत नॉव में सवार होकर। वे स्पष्ट शब्दों में लिखते हैं: -

चाहे करोड़ उपाय करै कोऊ
देब न दीदी कै दीन कमाई ।।"[25]

यह कमाई है-भारतीयता, भारतीय परम्परा, लोक रीति और लोकनीत की मान्यताएँ एवं परम्परायें। परम्परा का अनुशरण भी प्रगतिशीलता हो सकती है। फलतः बघेली भाषा के माध्यम से कवि गुरु की महत्ता को प्रतिपादित करते हुये अभिव्यक्ति देता है:-

"माने महल मड़झ्या आपन, मखमल मानें सथरी।
गद्दा-पल्ली के चक्कर मा दिहे ना घर कै कथरी.. ।।"[26]

आधुनिकतावादी दृष्टि:- आमतौर पर बघेली काव्य में परम्परागत रुढ़ियों, कुरीतियों, और मान्यताओं को महत्त्व नही देता। वे बाल-विवाह के प्रबल विरोधी और विधवा विवाह के खिलाफ हैं। जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिये 'ना परिवार बढ़ावा' का उद्घोष करते हैं, समाज एवं राष्ट्र की चिन्ता को वे अपनी निजी चिन्ता मानते हैं और अपनी लेखनी में व्यक्त करते हैं:-

"हमरे अन्तस के पीरा का कोऊ आज मिटाबा।
भूल करा न 'दुई से तीसर' ना परिबार बढ़ावा ।।" [27]

समाज के हर वर्ग में विधवा विवाह का प्रचलन प्रारम्भ करने का प्रयास बघेली कवियों में देखने को मिलता है, जो आधुनिकतावादी दृष्टिकोण का द्योतक है।

बघेली भाषा में नए प्रतीक और बिम्ब :- नये-नये प्रयोगों और प्रतीकों से बघेली काव्य को सजाने- (सवॉरने और सामर्थ्य बनाने में बघेल खंड के शताधिक रचनाकार साधनारत हैं। अब बघेली बोली की कविताए वर्णन प्रधान तथा हास्य-विनोद शैली से ऊपर उठकर चिन्तन परक विषय-वस्तुओं के लिए प्रेरणा प्रदान करती है। "हायकू और कणिका' जैसी सूक्ष्म रचनाओं को समझने हेतु स्थिर मानसिकता और सूक्ष्म-दृष्टि की आवश्यकता होती है। गहनतम भावों का बोध कराने वाली कणिकाएं प्रमाण के लिए सम्प्रेषित हैं यथा-

'मुरहर मां मगरगोह,
मगरोहन गाउँ-
ओलिया सिंगोहि के।"[28]

इसी प्रकार विदेशी विधाओं पर भी बघेली रचनाकारों ने सफलतम प्रयोग किया है। हायकू जैसी क्लिष्ट विधा जिसके अर्थवत्ता में

व्यापकता होती है- "जो देखन में छोटे लगे, घाव करें गंभीर" कहावत को चरितार्थ करते हैं, एक नमूना प्रस्तुत है:-

"जड्ड बगार मां नधा,
नबा नटबा
पोकै पिल्ली।"[29]

उपमा और रूपक सादृश्य अलंकारों से युक्त तथा आम आदमी की कराह भरा चित्र उभारनें वाली रचना "बघेली कणिका" का लेखन भी साहित्य की इस धरा में हुआ है। एक उदाहरण देखिये:-

"नीचे धरती,
ऊपर आकास
दूनौ के बीच मां-
सुपारी कस
सरउता के धारि मां
कटिगा मनई।"[30]

इन पंक्तियों में क्या मार्मिक संवेदना नहीं निहित है? क्या धरती और आकाश सरौता के दोनों हिस्से की भाँति नहीं लगते? फिर क्या सुपाड़ी की भाँति मानव इसके धार में नहीं कट रहा? इतना ही नहीं बघेली कविताएं कभी हँसाती है,कभी हल्की चुटकी करती हैं तो कभी रुलाती भी हैं। कभी-कभी तो इन कविताओं से ऐसा व्यंग्य-बाण निकलता है जो तीखे घाव भर नहीं करते बल्कि अव्यवस्था की नग्न झाँकी तक जन-मानस के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। बघेली कि काव्य कृति 'अंजुरी भर अंजोर से कुछ मुक्तक, निवेदित है-

मारि-मारि सनकी सब साढ़ी सरपोटि लेय।
परगति कई फुन्नी सब भाजी कस खोटि लेय।
चप्पल चटकाबत फेर बगिहे खोर-खोर-
जइ दिन हैं नहा पुष्ट तै दिन खरभोटि लेय ।।[31]

आज के बदलते परिवेश में गिरते हुए मानव मूल्यों तथा पराकाष्ठा पर पहुँचती हुई अनैतिकता को रोकने के लिए बघेली साहित्य में जिन चुटीले भावों को समाहित किया गया है, एक झलक प्रस्तुत है बघेली पंक्तियों में:-

काका अउ काकी कै लागु-बाग लागें लाग।
चटर-चटर चटनी चऊराहा मां झारै लाग।
चारिउ कइत निहारि के चला करा 'सरस'-
मंदिर मां "महुआ महारानी" अब रहैं लाग ।।[32]

बघेली साहित्य में एक नयी विधा, जिसे जन-भाषा की एक उपज मान्य की जा सकती है- "पुछल्ला दोहा" नाम धारण कर, आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। बघेली भाषा में अक्षुण्य प्रयास के रूप में इसे स्वीकार करना अतिश्योक्ति नहीं होगा:-

"आँखी मां काजर गड़ें, बेंदी गढ़े लिलार।
नारी मां चूरी गड़ें, माहुर सब सिंगार ।।
बीतिगा बिन बरसै चऊमांस
अगुन छगुन माँ दिन कटे,उक्सुर,पुक्सुर रात
बिन मतलब भिन्सार भा,ललिक रहा अहिबात।।
बीतिगा बिन बरसै चऊमांस
गादर उमिर हमारि हइ, महकै घिव कस सोध।
दुइ कुरूआ खाये बिना, होय न जिउ का बोध। -
बीतिगा बिन बरसै चऊमांस।।[33]

हिन्दी की भाँति ही बघेली बोली में, गीत-व्यवस्था की परिधि में 'बघेली गीत' विविध रसों में लिखे जा रहे हैं। इन गीतों से कहीं वेदना के स्वर निकलते हैं तो कहीं प्राकृतिक सर्व भौम से सत्यापित तथ्य प्रतीकात्मक शैली में, गीत 'अँजुरी भर अंजोर से उद्धरित है:-

बोलि दे रे कोइली, एक बेरि बोलिदे।
मिसिरी घुरी बानी, एक बेरि बोलिदे।
सुद्ध-मुद्ध काली कस रूप-रंग तोर,
खुरूहुर के भेली कस हिरदय है गोर,
केसर-कस्तूरी कंस बास घोलि दे। मिसरी ....– ।।
अंग-अंग थिरिक परें तोरे फूंक से,
पात-पात महक परें तोरे कूक से,
थन्ना से अपने एक बेरि डोलिदे। मिसरी.....- ।।
आमा-अमराई अउ कुल्ल गदरांय,
पत्ता-पतरोई तक लागें बिदरांय,
पोर-पोर पेड़ मां परेम बोरि दैं। मिसरी.....-।।[34]

जनभाषा को, जन-जीवन की भावनाओं से जोड़ने का, अथक प्रयास बघेली कवियों द्वारा किया जा रहा है। बघेली में अनेक ऐसी रचनाएं लिखी जा रही हैं, जिसमें सांगोपांग रूपक के दर्शन होते हैं। उपमायें तो अपने आप साथ-साथ चलती ही हैं। व्याकरण के सांचे में ढली हुई, ऐसी कविताओं का अपना अनूठा महत्व है। बघेली काव्य कृति "अमरउती" से ऐसी ही प्रयोगवादी चंद पंक्तियाँ, यहाँ पर प्रस्तुत है:-

धरम केरि खुरपी से, अधरम के चारा का,
गुन-गल्ला गाहैं का, राहा कस छोलि देय।
लगन केर बरदा, करतूति केरि दउरी नाध,
दमदार दानन का, बूसा से झोलि देय।।
भाग केर खेतबा मां, करम केर बिजहा बोई,
खाद लउलितिया केर, अमिस-खमिस छींटि देय।
पबरित मन पम्प सेही, पैसरम केर पानी का
बढ़नउक बिरबन के जरि मांही सींचि देय ।।
बुद्धि केरि बढ़नी से, अगना घमण्ड केर,
सूदक अउ सोबर कस, कूरा हटाइ देय।
छाप-लीपि उज्जर, बिचार केरि छुही से,
भीत मां परेम अगरबत्ती जलाइ देय ।।[35]

निष्कर्ष :-निष्कर्ष रूप में हम कह सकते हैं कि बघेली भाषा व काव्य के विविध आयाम को लेकर बघेली काव्य के कवियों ने विपर्यय, व्यंग्यात्मक रूप में अपनी बात कही है। समाज और राजनीति के प्रति भाषा का तीखापन भी बघेली साहित्य में भरा पड़ा है। भाषा के रूप में सामान्य आमजन के बोल-चाल की भाषा रही है,जिसमें ठेठ देशज शब्दों के साथ आम बोल-चाल की भाषा से विलुप्त हो रहे शब्दों का प्रयोग भी किया गया है। उपरोक्त विषय पर व्यापक दृष्टि डालने के बाद समग्रत:यह कहा जा सकता है कि बघेली साहित्य विविध विधाओं में समृद्ध है और रूपक, बिम्ब, प्रतीक, चित्रात्मक प्रयोग के साथ-साथ इस उपभाषा को देश और प्रदेश से जोड़ने का प्रयास इस जिले के रचनाकारों ने तन्मयता से किया है, और कर भी रहे हैं। तभी तो यह बोली अपनी सहेली-अवधी, बुंदेली, भोजपुरी और छत्तीसगढ़ी के तुल्य ही इस परम्परागत धरातल से ऊपर उठ चुकी है और विविध आयाम में अपना पंख फैलाकर विस्तार को प्राप्त कर रही है, वर्तमान में सोसल मीडिया और यूट्यूब, रील्स, शार्ट फिल्म और फीचर फिल्म भी युवा पीढ़ी द्वारा बनाया जा रहा है।

****

संदर्भ :-

1.हिंदी नाटक, निबंध तथा स्फुट गद्य विधाएं एवं मालवी,बघेली,बुन्देली भाषा साहित्य - VIKAS PUBLICATION HOUSE PVT.LTD,E-28,SECTOR-8NOIDA-201301(U.P.)पृष्ठ -339
2.अजुरी.भर अँजोर-डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस, पृ.91

3. हिंदी नाटक, निबंध तथा स्फुट गद्य विधाएं एवं मालवी,बघेली,बुन्देली भाषा साहित्य - VIKAS PUBLICATION HOUSE PVT.LTD,E-28,SECTOR-8NOIDA-201301(U.P.)पृष्ठ -336
4. हिंदी नाटक, निबंध तथा स्फुट गद्य विधाएं एवं मालवी,बघेली,बुन्देली भाषा साहित्य - VIKAS PUBLICATION HOUSE PVT.LTD,E-28,SECTOR-8NOIDA-201301(U.P.)पृष्ठ -336
5. हिंदी नाटक, निबंध तथा स्फुट गद्य विधाएं एवं मालवी,बघेली,बुन्देली भाषा साहित्य - VIKAS PUBLICATION HOUSE PVT.LTD,E-28,SECTOR-8NOIDA-201301(U.P.)पृष्ठ -343
6. हिंदी नाटक, निबंध तथा स्फुट गद्य विधाएं एवं मालवी,बघेली,बुन्देली भाषा साहित्य - VIKAS PUBLICATION HOUSE PVT.LTD,E-28,SECTOR-8NOIDA-201301(U.P.)पृष्ठ -378
7. बघेली बिरवाही, सं. डॉ. सूर्यनारायण गौतम,जी. एच. पब्लिकेशन प्रयागराज (उ.प्र.)पृष्ठ -58
8.हिंदी नाटक, निबंध तथा स्फुट गद्य विधाएं एवं मालवी,बघेली,बुन्देली भाषा साहित्य -शिव शंकर मिश्र सरस,VIKAS PUBLICATION HOUSE PVT.LTD,E-28,SECTOR-8NOIDA-201301(U.P.)पृष्ठ -374
9. अजुरी.भर अँजोर-डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस, पृ.14
10.हिंदी नाटक, निबंध तथा स्फुट गद्य विधाएं एवं मालवी,बघेली,बुन्देली भाषा साहित्य - VIKAS PUBLICATION HOUSE PVT.LTD,E-28,SECTOR-8NOIDA-201301(U.P.)पृष्ठ -373
11. हिंदी नाटक, निबंध तथा स्फुट गद्य विधाएं एवं मालवी,बघेली,बुन्देली भाषा साहित्य -शिव शंकर मिश्र सरस,VIKAS PUBLICATION HOUSE PVT.LTD,E-28,SECTOR-8NOIDA-201301(U.P.)पृष्ठ -374
12..हिंदी नाटक, निबंध तथा स्फुट गद्य विधाएं एवं मालवी,बघेली,बुन्देली भाषा साहित्य - VIKAS PUBLICATION HOUSE PVT.LTD,E-28,SECTOR-8NOIDA-201301(U.P.)पृष्ठ -373
13. अजुरी.भर अँजोर-डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस, पृ.22
14. 12..हिंदी नाटक, निबंध तथा स्फुट गद्य विधाएं एवं मालवी,बघेली,बुन्देली भाषा साहित्य - VIKAS PUBLICATION HOUSE PVT.LTD,E-28,SECTOR-8NOIDA-201301(U.P.)पृष्ठ -374
15.हिंदी नाटक, निबंध तथा स्फुट गद्य विधाएं एवं मालवी,बघेली,बुन्देली भाषा साहित्य -शिव शंकर मिश्र सरस,VIKAS PUBLICATION HOUSE PVT.LTD,E-28,SECTOR-8NOIDA-201301(U.P.)पृष्ठ -374
16 हिंदी नाटक, निबंध तथा स्फुट गद्य विधाएं एवं मालवी,बघेली,बुन्देली भाषा साहित्य - VIKAS PUBLICATION HOUSE PVT.LTD,E-28,SECTOR-8NOIDA-201301(U.P.)पृष्ठ -374
17.अँजुरी भर अँजोर-श्रीनिवास शुक्ल सरस-सिद्धांत पब्लिकेशन वर्ष-2003,पृष्ठ-12
18.सीधी ज़िले का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विकास- श्रीनिवास शुक्ल सरस- सिद्धांत पब्लिकेशन उत्तरी करौंदिया सीधी सन्-1994 पृष्ट -42
19.देश केंहीं देहि मा- श्रीनिवास शुक्ल सरस-युगधारा फ़ाउंडेशन लखनऊ उत्तरप्रदेश वर्ष-2003 पृष्ठ-11
20. अजुरी.भर अँजोर-डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस, पृ.75)
21.अंजुरी भर अँजोर : श्रीनिवास शुक्ल सरस – पृष्ठ- 45
22.अंजुरी भर अँजोर : श्रीनिवास शुक्ल सरस – पृष्ठ- 96
23.अंजुरी भर अँजोर : श्रीनिवास शुक्ल सरस – पृष्ठ- 23
24.अंजुरी भर अँजोर : श्रीनिवास शुक्ल सरस – पृष्ठ- 23
25.अमरउत्ती : श्रीनिवास शुक्ल सरस – पृ. 4
26.अंजुरी भर अँजोर : श्रीनिवास शुक्ल सरस – पृष्ठ- 04
27.रसखीरः श्रीनिवास शुक्ल सरस – पृष्ठ- 42
28.सीधी ज़िले का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विकास- श्रीनिवास शुक्ल सरस- सिद्धांत पब्लिकेशन उत्तरी करौंदिया सीधी सन्-1994 पृष्ट -18
29.सीधी ज़िले का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विकास- श्रीनिवास शुक्ल सरस- सिद्धांत पब्लिकेशन उत्तरी करौंदिया सीधी सन्-1994 पृष्ट -18
३०.सीधी ज़िले का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विकास- श्रीनिवास शुक्ल सरस- सिद्धांत पब्लिकेशन उत्तरी करौंदिया सीधी सन्-1994पृष्ट-18
31.सीधी ज़िले का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विकास- श्रीनिवास शुक्ल सरस- सिद्धांत पब्लिकेशन उत्तरी करौंदिया सीधी सन्-1994 पृष्ट -19
32.सीधी ज़िले का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विकास- श्रीनिवास शुक्ल सरस- सिद्धांत पब्लिकेशन उत्तरी करौंदिया सीधी सन्-1994 पृष्ट -19
33.सीधी ज़िले का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विकास- श्रीनिवास शुक्ल सरस- सिद्धांत पब्लिकेशन उत्तरी करौंदिया सीधी सन्-1994 पृष्ट -19-20
34.सीधी ज़िले का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विकास- श्रीनिवास शुक्ल सरस- सिद्धांत पब्लिकेशन उत्तरी करौंदिया सीधी सन्-1994 पृष्ट -19-20
35.सीधी ज़िले का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विकास- श्रीनिवास शुक्ल सरस- सिद्धांत पब्लिकेशन उत्तरी करौंदिया सीधी सन्-1994 पृष्ट -20-21

ग्रामीण भारतीय विद्यार्थी और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020

श्रीमती मोनिका शर्मा
सहायक प्राध्यापक -शिक्षा
सिंगरौली इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी ,सिंगरौली (म.प्र.)

सारांश:-
राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020, भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जो भारतीय शिक्षा प्रणाली के समग्र सुधार की दिशा में तैयार की गई है। इसके अंतर्गत, ग्रामीण भारतीय विद्यार्थियों के लिए कई प्रमुख नीतिगत पहल की गई हैं: शिक्षा तक पहुंच: NEP 2020 ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने के लिए विशेष प्रयासों पर जोर देती है। इसके अंतर्गत, स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों के नेटवर्क को मजबूत करने, और बच्चों के लिए परिवहन और स्कूल सामग्री की सुविधा प्रदान करने पर ध्यान दिया गया है। स्थानीय भाषा और संस्कृति का संरक्षण: NEP 2020 में स्थानीय भाषाओं और संस्कृतियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं में शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे कि बच्चों को अपनी मातृभाषा में शिक्षा मिल सके और सांस्कृतिक मूल्य संरक्षित रह सकें। डिजिटल शिक्षा का विस्तार: डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म और डिजिटल सामग्री का विकास किया जाएगा। हालांकि, यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है, विशेषकर ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी को ध्यान में रखते हुए। स्वास्थ्य और पोषण: NEP 2020 के अंतर्गत, शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के मुद्दों को भी प्राथमिकता दी गई है। 'मिड-डे मील' योजना के तहत बच्चों को पोषक आहार प्रदान करने पर जोर दिया जाएगा, जिससे उनकी समग्र वृद्धि और विकास सुनिश्चित हो सके।कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा: ग्रामीण इलाकों में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर भी ध्यान दिया गया है। इससे विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों के लिए तैयार किया जाएगा और उनके कौशल को बढ़ाया जाएगा। शिक्षक प्रशिक्षण और क्षमता वृद्धि: शिक्षकों के प्रशिक्षण और क्षमता वृद्धि पर जोर दिया गया है, जिससे कि वे ग्रामीण इलाकों में भी उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान कर सकें। इन पहलों के माध्यम से, NEP 2020 का उद्देश्य ग्रामीण भारतीय विद्यार्थियों के लिए एक सशक्त, समावेशी, और गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रणाली का निर्माण करना है।

बीज शब्द :- शिक्षा तक पहुंच - शिक्षा का सार्वभौम वितरण. स्थानीय भाषा, मातृभाषा, डिजिटल शिक्षा,कौशल विकास, शिक्षक प्रशिक्षण, संवेदनशीलता - समावेशिता, सामाजिक न्याय.

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020: प्रस्तावना और परिभाषाएँ -

प्रस्तावना:- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020), भारत सरकार की शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है। इसे जुलाई 2020 में जारी किया गया और यह भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा और दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। NEP 2020 का उद्देश्य शिक्षा प्रणाली को समग्र, समावेशी, और गुणवत्ता युक्त बनाना है। यह नीति शिक्षा के सभी स्तरों पर सुधार की दिशा में एक रोडमैप प्रदान करती है, जिसमें प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा तक सभी पहलुओं को शामिल किया गया है।

मुख्य उद्देश्य:- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का मुख्य उद्देश्य निम्नानुसार है :-

शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार: NEP 2020 का एक

प्रमुख लक्ष्य है सभी बच्चों और युवाओं को समान और गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना, विशेषकर ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में।

स्थानीय भाषाओं और सांस्कृतिक संरक्षण: स्थानीय भाषाओं और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना और संरक्षित करना।

डिजिटल शिक्षा और तकनीकी सुधार: डिजिटल शिक्षा और तकनीकी उन्नति के माध्यम से शिक्षा को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाना।

स्वास्थ्य और पोषण: विद्यार्थियों की समग्र स्वास्थ्य और पोषण में सुधार करना।

कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा: व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास पर जोर देना ताकि छात्र रोजगार के अवसरों के लिए तैयार हो सकें।

शिक्षक प्रशिक्षण और क्षमता वृद्धि: शिक्षकों के प्रशिक्षण और विकास पर ध्यान देना ताकि वे उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान कर सकें।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 और ग्रामीण भारतीय विद्यार्थी:

- ग्रामीण भारतीय विद्यार्थियों पर इसके प्रभाव को विस्तार से चर्चा करते हैं:

1. शिक्षा तक पहुंच और समान अवसर:-

NEP 2020 का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है शिक्षा की पहुंच को सभी वर्गों तक विस्तारित करना, विशेषकर ग्रामीण इलाकों में। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

स्कूलों की संख्या बढ़ाना: छोटे गांवों और आदिवासी क्षेत्रों में स्कूलों की संख्या बढ़ाना और मौजूदा स्कूलों की आधारभूत संरचना को सुधारना।

शिक्षा के लिए परिवहन: स्कूल जाने के लिए सुरक्षित और सुलभ परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करना, जिससे बच्चों को स्कूल पहुंचने में कोई बाधा न आए।

आंगनवाड़ी और बाल विकास: प्री-प्राइमरी शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त करना, ताकि छोटे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा मिल सके।

2. स्थानीय भाषाओं और सांस्कृतिक संरक्षण

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं और सांस्कृतिक मूल्य का संरक्षण और सम्मान बढ़ाने के लिए **NEP 2020** में कई कदम उठाए गए हैं:

मातृभाषा में शिक्षा: शिक्षा को स्थानीय भाषाओं में प्रदान करने की योजना, ताकि बच्चों को अपनी मातृभाषा में शिक्षा मिल सके और वे अपनी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रख सकें।

सांस्कृतिक शिक्षा: स्थानीय सांस्कृतिक और पारंपरिक ज्ञान को पाठ्यक्रम में शामिल करने की व्यवस्था, जिससे बच्चों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूक किया जा सके।

3. डिजिटल शिक्षा और तकनीकी सुधार

डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए **NEP 2020** कई महत्वपूर्ण पहल कर रही है:

ई-लर्निंग संसाधन: डिजिटल शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रम और संसाधनों का विकास।

इंटरनेट कनेक्टिविटी: ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की योजना, ताकि डिजिटल शिक्षा के अवसर सभी के लिए उपलब्ध हों।

टेक्नोलॉजी का उपयोग: शिक्षा में टेक्नोलॉजी के उपयोग को बढ़ावा देना, जिससे शिक्षा को अधिक इंटरैक्टिव और आकर्षक बनाया जा सके।

4. स्वास्थ्य और पोषण:-

NEP 2020 के अंतर्गत, ग्रामीण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और पोषण पर भी ध्यान दिया गया है:

मिड-डे मील योजना: स्कूलों में मिड-डे मील योजना के तहत पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाएगा, जिससे बच्चों की शारीरिक और मानसिक विकास में मदद मिले।

स्वास्थ्य सेवाएं: स्कूलों में नियमित स्वास्थ्य जांच और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की व्यवस्था, ताकि बच्चों की स्वास्थ्य समस्याओं को समय पर हल किया जा सके।

5. कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा:-

ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा पर **NEP 2020** का फोकस है:

व्यावसायिक शिक्षा: स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समावेश, जिससे छात्रों को रोजगार के लिए तैयार किया जा सके।

कौशल विकास केंद्र: ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास केंद्र स्थापित करना, जहां छात्र व्यावसायिक कौशल सीख सकें और स्थानीय उद्योगों में रोजगार प्राप्त कर सकें।

6. शिक्षक प्रशिक्षण और क्षमता वृद्धि:-

शिक्षकों की गुणवत्ता और प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करना भी **NEP 2020** का एक महत्वपूर्ण पहलू है:

शिक्षक प्रशिक्षण: ग्रामीण इलाकों में शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन, ताकि वे उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान कर सकें।

प्रोफेशनल डेवलपमेंट: शिक्षकों की क्षमता वृद्धि के लिए निरंतर प्रोफेशनल डेवलपमेंट कार्यक्रम, जिससे वे शिक्षा के नए तरीकों और तकनीकों से अवगत हो सकें।

निष्कर्ष:-

NEP 2020 का प्रस्तावना और परिभाषाएँ भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक व्यापक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। यह नीति शिक्षा को समावेशी, गुणवत्तायुक्त और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करने का एक रोडमैप प्रस्तुत करती है, जो सभी विद्यार्थियों के लिए समान अवसर और बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करती है।Top of Form **NEP 2020** ग्रामीण भारतीय विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक व्यापक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत शिक्षा की पहुंच बढ़ाने, स्थानीय भाषाओं और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहित करने, स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान देने, कौशल विकास को बढ़ावा देने, और शिक्षकों के प्रशिक्षण पर जोर देने जैसे पहल किए गए हैं। ये सभी कदम ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को एक सशक्त और समावेशी शिक्षा प्रणाली प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

****

संदर्भ सूची:-

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: **प्रस्तावना और परिभाषाएँ**: सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध दस्तावेज़। NEP 2020 (Government of India)

शिक्षा तक पहुंच और ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार: **विस्तृत रिपोर्ट और आंकड़े**: ग्रामीण शिक्षा की स्थिति पर सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों की रिपोर्टें। Report on Rural Education in India (World Bank)

डिजिटल शिक्षा और तकनीकी सुधार:डिजिटल शिक्षा और टेक्नोलॉजी के प्रभाव पर अध्ययन। Digital Education in Rural India (EduTech India)

इंटरनेट कनेक्टिविटी और चैलेंजेस: ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट और तकनीकी बाधाओं पर रिपोर्ट। Internet Connectivity Challenges (Telecom Regulatory Authority of India)

कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा: Skill Development Initiatives (Ministry of Skill Development and Entrepreneurship)

लोकगीत का महत्व एवं विशेषताएँ महाकौशल क्षेत्र की गोंड जनजाति विशेष सम्बन्ध में

पूजा दाहिया
शोध छात्रा
इतिहास विभाग
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय ,अमरकंटक

गोविंद पाण्डेय
शोध छात्र
इतिहास विभाग
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय ,अमरकंटक

सारांश :-

मध्यकालीन भारतीय इतिहास में मध्य भारत के गोंडवाना साम्राज्य का अद्वितीय स्थान रहा है , जिसने प्रारंभ में तो स्वतंत्र सत्ता स्थापित की किंतु बाद में समय के प्रभाव व परिस्थितियों के वशीभूत होकर पहले मुगल सत्ता से तत्पश्चात मराठा सत्ता से स्वयं के अस्तित्व हेतु लगातार संघर्ष करता रहा | राम नगर से मिले शिलालेख के अनुसार यहाँ पर 52 राजाओं ने राज्य किया है | जिन्होंने अपने साम्राज्य के अस्तित्व की रक्षा हेतु लगातार लड़ाइयाँ लड़ी एवं राज्य की समृद्धि हेतु कार्य भी किए संस्कृति संरक्षण की इस कड़ी में साहित्य एवं लोक गीतों का भी अत्याधिक योगदान रहा | यह गीत सामाजिक परिस्थितियों , सम-सामायिक घटनाओं , सांस्कृतिक धार्मिक मान्यताओं , देवी- देवताओं की पूजा पद्धति, पर्व उत्सव त्यौहार जैसे विशेष अवसरों की पृष्ठभूमि से निर्मित होते थे | गोंडी लोक साहित्य में लोकगीतों की संख्या अनगिनत है यह वस्तुतः मौखिक रूप में पाए जाते है | यह लोक गीत आज भी समाज की जड़ो में रचे बसे है और जनजातीय लोक संस्कृति को बयां करते है | यह लोकगीत हर सुअवसर पर गाये बजाये जाते है | जैसे वीर गाथाएं, कृषि गीत, लूट खसोट के गीत, मद्य निषेध के गीत, अल्प बचत का लोक गीत, राजनीति के लोकगीत आदि | परंतु साहित्यिक संपदा में ऐसे बहुत कम ही प्रमाण हमें प्राप्त होते हैं , जिससे गोंडवाना साहित्य के बारे में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त हो सके| अतः शोध पत्र का उद्देश्य उन गीतों को सामने लाना है जो उस बदलते दौर में स्वयं की अस्मिता की रक्षा करने में सहायक सिद्ध हुए | लोकगीतों के बारे में विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था "लोकगीतों में "लोकगीतों में धरती गाती है, पहाड़ गाते, फसलें गाती है, उत्सव और मेले, ऋतुएं और परम्पराएँ भी गाती है"|

कूट शब्द :- लोकगीत, गोंडी लोकगीत , रानी दुर्गावती, गोंडी साहित्य सम्पदा |

प्रस्तावना:-

भारत का ह्रदय गाँव में निवास करता है क्योंकि यहाँ की सभ्यता संस्कृति ही भारत को भारत बनती है | यहाँ कण- कण में रची बसी परम्पराएँ, प्रथाएं, रीति-रिवाज़, बोली-भाषा , रहन-सहन, खान-पान, गीत-संगीत कला जीवन स्तर, वैवाहिक पधातियाँ धार्मिक मान्यताओं एवं कृषि आधारित लोकगीत सुनने को मिलते है | ये लोकगीत स्थान विशेष की पहचान होते है | मध्य प्रदेश के चार प्रमुख अंचलों में यह गीत अलग - अलग है | मसलन बुंदेलखंड में आल्हा, बम्बुलिया, बुंदेला,देवरी, जगदेव का पुवारा, ढोलामारू, बघेलखंड में विदेशिया, बिरहा, दादर, सुआ, बसदेवा, मालवा में मालवी, बरसाती,, संजा हीड और भरथरी गायन और निमाड़ निर्गुनिया, नागपंथी, कलगीतुर्रा, संतसिंगा जी, मसांडयां, फाग ,गरबा, गरबी, गबलन आदि | यह लोकगीत चार प्रमुख अंचलों के हिसाब से है परन्तु इसके अलावा भी अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जहाँ लोकगीत की स्वयं की एक विशिष्ट पहचान है और यह लोकगीत आज भी इन ग्रामीण क्षेत्रों में अवसरों पर गाये जाते हैं | गोंड जनजाति के पर्व या त्यौहार जैसे बिदरी, बकबंधी, हरढील, नवाखानी, जवारा , मड़ाई , छेरता , दीपावली एवं होली इत्यादि में इनकी अपरिहार्य भूमिका होती है |

लोकगीत क्या है ?

"मानव ह्रदय का भाव-विलास अपनी उत्कट स्थिति में लयात्मक कारी हावरोहों में जब भाषा- बद्ध होकर प्रवाहित होने लगा तो शब्द शास्त्रियों ने उसे गीत कहा और इसी गीत परम्पराकी एक धारा जब अपनी देशज बोलियों में (अपनी घरेलु भाषा) लोकवाणी को प्रवाहित करने लगी तो उसे लोकगीत के नाम से नामित किया गया" | लोक में व्याप्त ऐसे अकृत्रिम और वास्तविक गीत जिसमे भाषा और शब्द स्थानीयता पर आधारित हो लोकगीत कहलाते है | किसी देश की वास्तविक संस्कृति जानने के लिए वहां के लोकगीतों का संकलन किया जाता है | इसलिए लोक साहित्य को संरक्षित करने में लोकगीतों का नितांत महत्व आवश्यक है | विदेशों में तो लोकगीतों के संरक्षन हेतु अनेक सोसाईंटी और अकादमियों का निर्माण किया गया है जो इसका काम करती है | "लोकगीतों का सृजन सामूहिक चेतना द्वारा स्वाभाविक रीति से होता है, वह किसी निश्चित एवं नियंत्रित संगीतात्मक अथवा साहित्यिक प्रक्रिया का परिणाम नहीं है" | "लोकगीतों के संग्रह का सर्वप्रथम उद्योग पंडित रामनरेश त्रिपाठी ने किया" | इन्होंने गीतों का संग्रह कर इन देहातों और उपेक्षितों की संस्कृतियों की रक्षा करने का कार्य किया है | त्रिपाठी जी ने समस्त भारत की यात्रा कर स्वयं के खर्च पर किया | जिसे इन्होंने स्वयं की कविता कौमुदी के भाग 5 में ग्राम गीत के नाम से प्रकाशित किया है| "जैसे जैसे हमारा शिष्ट समाज पश्च्यात सभ्यता के प्रभाव से मुक्त हो रहा है वह अपने जीवन मूल्यों के प्रति सजग होता जा रहा हैं | वह अपने खेत खलिहानों, नदी नालों, वन पर्वतों, किसान मजदूरों, हरिजन अन्तज्यों , अशिष्ट और असंस्कृत लोगों की ओर देखने लगा है| उनके गीतोंमें अभिनय में उन तत्वों को खोजने लगा है जिनके सहारे वे सहस्त्राब्दीतक पीड़ित, शोषित, पददलित रहने पर भी जिंदा रह सके"|

लोक गीतों की विशेषताएँ

"यह लोकगीत तो जीवन की सहज क्रियाओं और व्यापारों में लीं जन समुदाय के निछचल ,सरल और स्वाभाविक भाव, गीतों के ओस बनकर उनके उनके कंठ स्वर में तैरने लगते है | खेत नदी पहाड़ पहाड़ मैदान घर सभी इसके निर्माण के स्थल है | हल चलते हुए, पशु चरते हुए, चक्की पीसते हुए बर्तन मांजते हुए प्रत्येक सामान्य कार्य व्यापार के समय इन गीतों का उदय हुआ है" | लोकगीतों में सरल स्वाभाविक प्राकृतिक जीवन की अभिव्यक्ति रहती है | लोग प्रकृति को आस्था एवं आनंद का केंद्र बिंदु मानकर अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करते है | प्रकृति से सीधा संवाद इसके संबंधों को पुष्ट करता है | प्रकृति के समक्ष उनकी कल्पनाएँ साकार रूप लेती है | इसमें दो तरह के पक्ष होते है एक भाव पक्ष , एक ह्रदय पक्ष दोनों की प्रधानता होती है | इसमें लोक जीवन की कथाओं का निर्मल चित्रण होता है | "लोकगीत की एक- एक बहू के चित्रण पर रीतिकाल की सौ- सौ मुग्धाएं, खंडिताए और धाराएँ निछावर की जा सकती है, क्योंकि ये

निरंलाकर होने पर भी प्राणमयी है और वे अलंकारों से लदी होकर भी निष्प्राण है | ये अपने जीवन के लिए किसी शास्त्र - विशेष की मुखापेक्षी नहीं है और अपने आप में परिपूर्ण है" | लोकगीतों को रचने वालों की बौधिकता को नहीं मापा जा सकता न जाने वे कौन लोग होंगे और उन्होंने शब्दों को किस तरह गढ़ा होगा, किस तरह के शब्द संयोजन को प्रथमिकता दी होगी | यह सब एक शोध का विषय है कि यह लोकगीत कैसे परिष्कृत होते - होते आज तक जीवित बचे हुए है | लोकगीतों की विशेषता उनका अनोखापन, रसानुभूति, सरसता, सुन्दर काव्य, स्वाभाविक पन आदि है | इसमें काव्य का शुद्धतम रूप परिलक्षित होता है इसमें ऊँचे दर्जे की परिकल्पना भी निहित होती है | यह रसमय वात्सल्यमय हँसी ठिठोली और सुगमता युक्त होता है |

लोकगीतों के विविध रूप :-

लोक साहित्य के प्रथम चेता पंडित रामनरेश त्रिपाठी ने लोकगीतों का निम्नाकित रूप से वर्गीकरण उपस्थित किया है-

1.संस्कार सम्बन्धी गीत
2.चक्की और चरखे के गीत
3.धर्म गीत
4.ऋतु सम्बन्धी गीत
5.खेती के गीत
6.भिखमंगी के गीत
7.मेले के गीत
8.जाति गीत
9.वीरगाथा
10.गीतगाथा
11.अनुभव के वचन

त्रिपाठी जी वर्ग विभाजन में वैज्ञानिकता का अनुभव दिखता है इनकी खोज में वैज्ञानिक एवं प्रमाणिक न होकर संग्रह सुविधानुसार नाम भेद के आधार पर है | इसने वर्गीकरण में अनेक त्रुटियाँ होती है भिन्न - भिन्न वर्गों के गीत प्रायः एक ही वर्ग में शामिल किये जा सकते थे | जैसे खेती,भिखमंगी और मेले के गीतों को पृथक श्रेणियों में रखना आवश्यक नहीं है साथ ही वीर गाथा और गीत गाथा की एक ही श्रेणी हो सकती है | इसके अतिरिक्त बहुत से वर्गीकरण भी किये गये है जैसे राजस्थानी लोकगीतों के सन्दर्भ में श्री सूर्यकरण पारीख द्वारा इसमें भी नाम भेदात्मक प्रणाली अपने गयी है | पारीख जी द्वारा किये गये वर्गीकरण इसमें भी क्रमबध्ता का आभाव है | ब्रज भाषा के लोक साहित्य के प्रथम अध्येता डॉ. सत्येन्द्र एवं डॉ. कृष्ण देव उपाध्याय आदि द्वारा दिए गए विवरण | परन्तु गोंडी परिवेश के आधार पर यह वर्गीकरण उचित प्रतीत होता है इसलिए इसका वरन किया गया है.

प्रमुख गीत :-

गोंडी समुदाय द्वारा विभिन्न अवसरों में गए जाने वाले लोकगीत निम्न है:-गोंडी समाज में यह गीत अधिकतर प्रकृति परक, श्रृंगार परक व तत्कालीन परिस्थति पर अधिक आधारित होते है| सुआ गीत अक्सर सुआ पक्षी के द्वारा भेजे जाने वाले गीतों पर आधारित होते है| सुआ गीत गाते समय एक चौड़ी सी टोकनी में सुआ के आहार के लिए धान की बालें अवश्य रखी जाती है| गोंडी गीत, प्रायः संयोग एवं वियोग श्रृंगार के गीत होते है|

सुआ लोकगीत:-

"पेंयां में लागूं चंदा सूरज के रे, सुआ रे
तिरिया जनम जनम झनि दे |
तिरिया जनम मोरे गउ के बराबर रे, सुआ हो
जहाँ पठ्वये जहां जाय |"

प्रस्तुत लोकगीत में विवाह उपरांत स्त्री पुरुष में परिवर्तित होने वाले सामाजिक भेदभाव को बतया गया है| एक आदिवासी महिला सुआ को संबोधित करते हुए अपने विचारों को व्यक्त करती हुई कहती है कि चंदा और सूरज मै तुम्हारे पैर पड़ती हूँ कि मुझे अगले जनम में लड़की का जनम न देना| महिला ने लड़की की तुलना गाय के बराबर की है और यह कहते हुए कहा है की जैसे गाय को जिस खूंटे से बाँधा जाता है वह सदैव उसमे ही बंधी रहती है ठीक उसी प्रकार जहाँ लड़की का बियाह किया जाता है उसे वहाँ जाकर रहना ही पड़ता है उसके अलावा कोई उपाय नहीं जबकि इसी सन्दर्भ में लड़का कभी अपने परिवार को छोड़कर नहीं जाता| यही भाव महिला सुआ गीत के माध्यम से कहने का प्रयास कर रही है|

कृषि गीत:-

"री रीना रीना री हलो रीना हो,
रीना ही हलो, हाय, कि सुआ हो, रीना री हलो, हाय |
बारी के तीर, बोथयुं झलर धान
हो हिरनागर,मिरग चरि जाय |
होंको रे भईया, अपने मिरग ला हो
मई मारो बिछुआ मंगाय, की सुआ हो
बिछुआ के मारे सर कति जाय हो
रक्तान के नदी बह जाए, कि सुआ हो
हिरनागर मिरग चरि जाये, सुआ हो|"

इस लोकगीत में फसल की सुरक्षा और हेतु चरने आने वाले जानवरों की हत्या का कारण बताई गयी है| महिला कहती है बारी के किनारे धान की फसल को चरने के लिए मृग आते है उसे हांको उसे भगाओ| उसे मार भागने के लिए बिछुआ मंगाया जाता है लेकिन दुविधा यह है की बिछुआ मारने से सिर कट जयेगा और खून की नदियाँ बहने लगेंगी| हिरन धान चरती जा रही है और ताकने वाला या ताकने वाली मृग को मारना चाहती है| इसी मारने की इच्छा का विरोध किया जा रहा है|

वीर रस प्रधान सुआ गीत

"लछिमन लाल तमाकें उठि बोलिन
की सुअना हो, बोलो राजा वाचां संभार||
एसी सभा रघुनाथ विराजे
की सुअना हो, नहिं फवे गोठ तुम्हार||
धरती ला फोरि डारौं, चंदा ला टोरी डारौं,
कि सुअना हो, लानौ मैं पहार उखार||
सदेंसे धनुष ला, माखुर साहि मलिन्हों
कि सुआना हो , तब राघुवंस कुमार"||

यह सुआ गीत वीर रस प्रधान है| इसमें राजा जनक के प्रति लक्ष्मण के कोप का वर्णन है| जनक द्वारा श्री राम को वनवास दिए जाने पर छोटे भाई लक्ष्मण गुस्से में लाल हो उठे है वह कहते है तुम्हे रघुनाथ की भरी सभा नहीं सुहा रही है गुस्से में आगे वे कहते है की मैं इस धरती को फोड़ डालूँगा और चन्द्रमा को तोड़ डालूँगा या मैं पहाड़ को उखाड़कर फेंक दूंगा| मैं शिव के धनुष को तमाकू जैसे मसल डालूँगा लक्ष्मण के इस क्रोध की कल्पना, अभूतपूर्व है|

अनुराग गीत:-

"लाली गुलाली सीचंत आयौं|
तोर घार कै दुआरी पूछत आयौं||
मारे तो मछँरी, उधरे छिहरा|
कहाँ डारें चिरैया तबैं के चेहरा||
करिया तो धोती किनारी नहिं आं|

परदेसी तो भैं गये चिन्हारी नहिं आं||
खाल्हे खलौव हांका लें बरदी|
तोर जात है जुवानी सिंचाय ले हरदी||
लीली बछेरी में जीन कसना|
भगि जावे सकारे रेन बसना||
पानी तो बरसैं पातैरा ओधि
चुतुक हंस के तो देख ले हमार कोधी||
पथरा के मोती माटी के नह-डोर|
गारी बोली डै ले ले मायाला झिन टोर||
आमा के अमचूर कदम चटनी|
तोला गाड़ी में चढ़ाय के, ले जानहू कटनी||
गगरी के पानी गरम करि लें|
तोर चढ़ती जुवानी धरम करि ले||
झीनी पिछौरी, उलटी खिलान |
कबें हो ही चिरौया, तेरे से मिलना"||

प्रस्तुत लोकगीत में 10 पद है इसमें हर के भाव अलग-अलग है| इस पूरे गीत में नायिका अपने नायक\ प्रेमी से स्नेह की आस लगाकर उसे मानाने का प्रयास करती है| इसमें दोनों के अनुराग का वर्णन है पहले पद में नायिका कह रही है कि वह अपने प्रेमी का घर नहीं जानती इसलिए उसका घर पूछते पूछते आई है उसका नाम बार बार लेने से अभी को उसका नाम पता चल गया है और सभी उसे चिढ़ा भी रहे है जिससे पूरे मार्ग का रंग लाल हो गया है| जब नायिका अपने प्रेमी के घर पहुँचती है तो तो प्रेमी उसकी दशा देखकर जो बखान करता है उसे दूसरे पद में समाहित किया गया है, दूसरे पद में नायक अपनी नायिका को उदास देखकर दुःख प्रकट करता हुआ कहता है की तुम पहले बहुत आकर्षक थी, लेकिन इस विरह के कारण तुम निश्तेज़ हो गयी हो| इस पर प्रेमिका का स्पष्ट रुख दिखता है कि शायद उसका प्रेमी विदेश से लौटने के कारण उससे विमुख हो रहा है उससे उदासीनतादिखा रहा तीसरे पद में प्रेमी की इसी उदासीनता का वर्णन है| चौथे पद में प्रेमिका अपने प्रति प्रेमी में उत्पन्न हुई उदासीनता मिटाने हेतु प्रेमी से स्वयंवर स्वीकार करने की प्रार्थना कर रही है, वह कहती है की तुम्हारी उम्र अधिक होती जा रही है यदि तुम प्रार्थना स्वीकार करो तो मैं तुम्हारे उपर हल्दी सिंचवाकर स्वयंबर का दस्तूर पुरा कर दूं| पांचवे पद में प्रेमिका अपने प्रेमी के प्रति अधिक अनुराग महसूस करती है और प्रेमिका अपने से ही रात भर रुक जाने की प्रार्थना करती है| छठे पद में प्रेमिका अपने मन के विरह का सांकेतिक रूप में वर्णन करती हुई कहती है की जंगल के उस पार वर्षा हो रही है, जो दिखाई नहीं देती| प्रेमिका अपने प्रेमी से अनुराग चाहती है और कहती है की इसी प्रकार तुम हंस हंस कर देख लो, तुम्हारी प्रसन्नता को देखकर मेरा दिल खिल जायेगा| सातवे पाद में नायिका ने सांकेतिक रूप में कहा है कि यहाँ का मकान पत्थर का है जिसकी दीवारे मोटी और विशाल है परन्तु स्नानागार मिटटी का है| अपने प्रेमी के इस वर्ताव पर नायिका कहती है तुम मुझे ताने मार लो, गाली दे लो पर गुस्सा मत रहो| आठवे पद में नायक अपनी प्रेमिका के समक्ष भाग चलने का प्रस्ताव रखता है और कहता है की मैं तुम्हे रेलगाड़ी से चढ़ा का कटनी ले जाऊंगा वहां हम दोनों मजदूरी करेंगे| नवें पद में नायक अपनी प्रेमिका से या प्रेमिका अपने नायके से प्रेम व्यापार में स्वीकृति चाहते हुए जवानी के दिनों में धर्म और दान पुण्य की बात करने की बात कहता है की यही सही समय है धरम पुण्य करने का| दसवे पद में विरह की व्याकुलता प्रदर्शित की गयी है की अब कब मिलना होगा|

धन और ग़रीबी पर आधारित गीत :-

"लायेला रांपाछोले ला दूबी|
लेना देना कुछ नइये, मया हैं खूबी||
रायपुर शहर माँ बड़े बड़े सेठ|
चार पैसा के मिठाई मा भरे न पेट||
चना रे भाजी चटोरा चिखना|
कौन मेटे मोर गियां करम के लिखना"||

इस गीत में ग़रीबी की दशा का वर्णन किया गया है की कैसे किसी रायपुर शहर में बड़े बड़े सेठ है जिनके पास बहुत अधिक धन धन्य है नाना प्रकार की वो मिठाई खाते है| लेकिन वही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के पास चना भाजी और नमक रोटी के अलावा कोई दूसरा उपाय नहीं है यही करम का लिखा बदा है|

उलाहना गीत :-

"आसों के अमली फरेला चपटी|
तोर मुख में माया , भीतर कपटी||
तिवरा के दार मा बनामे भाजी|
तोर मनमा हवय दगलबाज़ी||
चार के चरौता चराई तो दिन के|
कोलकी भाग्वैया, दुई तो दिन के
मन कतेंव सूत्री, उलट भांजेवडोर|
गारी झन देवे मामी, मई भांजा लागौं तोर"||

उपरोक्त गीत में मामी द्वारा भांजे पर किये जाने वाले अत्याचार का वर्णन है| भांजा अपनी मामी को कहता है की तुम मुख में माया रखती हो और अन्दर से कपट भाव रखती हो| आगे कहता है की तुम त्यौरा की दाल की भाजी बनाती हो मन में दगाबाजी रखती हो मुझसे इतना काम करवाती हो और मुझे गाली देती हो जबकि मैं तुम्हारा भानेज लगता हूं|

"तारी रे नाना, तारी नारी नाना रे।
तारी रे नाना, तारी नारी नाना। बारी कचरिया फरे लटी झोर रे।
भाभी के चुटका ला लेंगे देवर चोर।
देवर खों पकर पातों मार तों मूसर चार रे।
भाभी के बिंदिया ला देंगे देवर चोर रे।
छेवर खों पकर पातों मारतों मूसर चार रे"

भावार्थ-देवर और भाभी का इस गीत में मजाक है- बाड़ी में कचरिया खूब फली हुई है। भाभी की चुटकी को देवर चुरा कर ले गया। भाभी कहती है कि-देवर को पकड़ पाती तो चार मूसल मारती। भाभी की अँगिया को देवर चुराकर ले गया। भाभी कहती है कि देवर को पकड़ पाती तो चार मूसल मारती। भाभी की बिंदिया को देवर चुराकर ले गया। भाभी कहती है कि अगर देवर को पकड़ पाती तो चार मूसल मारती। इस प्रकार गीत के माध्यम से भाभी और देवर हास-परिहास व मनोरंजन करते है।

महत्व:- गोंड आदिवासियों का सम्पूर्ण जीवन लोकगीत लोकनृत्य लोक चित्रकल के लालित्य से भरपूर रहा है| यह जीवन में नयापन लाते है| इसमें कठिन से कठिन कार्य करने की नवीन प्रेरणा मिलती है| पर्वतों की कठिन चढ़ाई हो या घने जंगलों में विचरण लोकगीत के सहारे सारे पथरीले रास्ते सुगम मार्ग में बदल जाते है| आभावों के बीच हँसना, कठिनाइयों में मुस्कुराना, विपत्तियों के बीच झूम कर चलना, पर्वत के शिखर पर बैठकर मुरली बजाना, तप्ती गर्मी में आनंदमय होकर ढोल बजाना, सर्द मौसम में अगीठी के पास बैठकर प्रकृति प्रेम के गीत गुनगुनाना आभाव में भी स्वयं की मस्ती एवं हस्ती को जिंदा रखना, आदिवासियों से ही सीखा जा सकता है| साथ ही इनका उपयोग

मनोरंजन के लिए भी होता है| संस्कृति जीवन के विभिन्न पहलुओं का ज्ञान होता है| लोकगीतों और गाथाओं में इतिहास की प्रचुर सामग्री भरी पड़ी है इसमें स्थानीय इतिहास पुष्ट होता है और विस्मृत इतिहास में पूर्ण प्रकाश पड़ता है|

लोक साहित्य में सामाजिकता का वर्णन भी निहित होता है इतिहास के समृध ग्रंथो में भले ही में युद्ध प्रसंग वीरता और घटनाओं का वर्णन भले ही मील जाये परन्तु वास्तविकता को जानने हेतु धरातल पर उतरना होता है| बैरियर एल्विन के अनुसार लोकगीतों की सामाजिकता के निर्धारक तत्वों में से एक है| इनके अनुसार " इनका महत्व इसलिए नहीं है की इनके संगीत, स्वरुप और विषय में जनता का वास्तविक जीवन प्रतिबिम्ब होता है| इसमें मानवशास्त्र के अध्ययन की प्रमाणिक एवं ठोस सामग्री हमे उपलब्ध होती है"| लोकगीतों में लौकिक सभ्यता, लौकिक आचार, लौकिक व्यवहार, लौकिक रीति रिवाज एवं परम्पराओं का प्रतिबिम्ब झलकता है|"ग्रामगीतों का समस्त महत्व उनके काव्य-सौन्दर्य तक ही सीमित नहीं है इनका एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य एक विशाल सभ्यता का उदघाटन जो अब तक या तो विस्मृति के समुद्र में डूबी हुई है या गलत समझ ली गई है| जिस प्रकार वेदों द्वारा आर्य सभ्यता का ज्ञान होता है, उसी प्रकार ग्राम गीतों द्वारा आर्य पूर्व सभ्यता का ज्ञान हो सकता है| ईट पत्थर के प्रेमी विद्वान यदि घ्रुपत्ता न समझे तो जोर देकर कहा जा सकता है की ग्राम गीतों का महत्व मोअन-जो-दड़ो से कहीं अधिक है| मोअन-जोदड़ो सरीखे भग्न स्तूप गरम गीतों के भाष्य का काम दे सकते है" |

लोकगीतों का महत्व :-

साहित्यिक महत्व : लोकगीत साहित्य का एक प्रमुख अंग जिसके माध्यम से हैं विभिन्न विषयों पर कविताएँ और कहानियों को प्रस्तुत किया जाता हैं। ये गीत लोक साहित्य को रचने बसने में के एक महत्वपूर्ण योगदान देते है इसके बिना साहित्य अधूरा हैं। सामाजिक संगठन के साथ एकता को बढ़ावा : लोकगीतों में समाज के हर धर्म समुदाय वर्गों स्ताऔर भावनाओं को सम्मलित किया जाता है जिससे समाज की तरक्की और वृद्धि होती है । ये गीत समाज में एकता और सामूहिक भावनाओं को बढ़ावा देते हैं।

जीवन की अनुभूतियों का अभिव्यक्ति : -

लोकगीतों के माध्यम से लोग अपनी जीवन की अनुभूतियों, संघर्षों, और सुख-दुख को साझा करते हैं। जिससे एकाकीपन समाप्त होता है|सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण : लोकगीतें संस्कृति और ट्रेडिशन को संजीवनी देती हैं। ये गाने विभिन्न घटनाओं, उत्सवों, और परंपराओं को साक्षात्कार करने का माध्यम होते हैं।

भाषा और साहित्य के विकास में योगदान : लोकगीत भाषा और साहित्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये गाने विभिन्न भाषाओं और शैलियों को प्रस्तुत करने में मदद करते हैं।

संविधानिक महत्व :-

कई लोकगीत राष्ट्रीय या स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण होते हैं, जैसे कि राष्ट्रगान। ये गाने एक सामाजिक और राष्ट्रीय एहसास का संवेदनशीलता बढ़ाते हैं।लोकगीतों का महत्व समाज में सामूहिक भावनाओं, सांस्कृतिक विरासत, और साहित्यिक विकास में विशेष होता है। ये गीत समृद्धि, सामाजिक समरसता और साहित्यिक समृद्धि का महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं। हमारे लोकगीत लोक जीवन के सारे तत्वों को उभारने वाले, उन पर प्रकाश डालने वाले है सीधे सादे सच्ची भावनाओं को प्रकट करने वाले गीत है|"लोकगीतों का अर्थ तो अत्यंत सीधा और सरल होता है"|"लोक साहित्य, लोक गीत, लोक नृत्य तथा लोक कला की ओर आकृष्ट होना, उनका पुनूल्य्यांकन करना उनके जीवित तत्वों से प्रेरणा लेना हमारी सदा गहरी होती हुई राष्ट्रीय चेतना का ही परिचायक है"|

लोकगीतों का संग्रह एवं चुनौती:-

गोंडजनजाति अत्यंत स्वाभिमानी होती है अतः उनमे सास ननद मोरी जनम की बैरन किस्म के लोकगीत बहुत कम मिलते है | शहरों में बैठकर देहाती जीवन की झलक, उसकी भाषा और संस्कृति का ज्ञान मिल सकता है परन्तु गीत संकलन हेतु कठिन तपस्या करनी पड़ती है| गाँव में जाकर गाँव वालों के हृदयों को स्पर्श करना पड़ता है, उनसे मेल जोल बढ़ाना पड़ता है, तब कहीं बहुत परिश्रम के बाद एकाध रत्न हाथ में लगता है| पुस्तकालयों में बैठकर का अध्ययन हो सकता है, संग्रह नहीं हो सकता|"लोकगीत एसी वस्तु नहीं है जिनका अध्ययन लोकजीवन से अलग रहकर बंद कमरे में बैठ कर किया जा सके | इन्हें समझने इनका मूल्य पहचानने इनकी सही व्याख्या क्र पाने के लिए हमे वहां जाना पड़ेगा उस लोक में जाना पड़ेगा जहाँ जाने से अग्नि देव भी इनकार करते है | इन गीतों में रमकर ही हीरा प्राप्त किया जा सकता है" | लोकगीतों का संग्रहण करते समय श्रृंगार परक गीत की उपलब्धता अधिक होती है, परन्तु यदि किसी खास व्यक्ति परक या घटनाओं पर आधारित गीतों का संग्रह करने का साहस दिखाया जाये तो अत्यंत मुश्किल होती है | इसमें ऐतिहासिकता और रस दोनों की कमी होती हैं| लोकगीत अब प्रायः लुप्त होते जा रहे हैं | इसका मुख्य कारण है आज का बदलता परिदृश्य तथा भौतिकतावादी युग| इन लोकगीत का प्रस्तुतीकरण साहित्य के माध्यम से किया जाता है| सामान्यतः लोक साहित्य दो प्रकार का होता है जो सामाजिक वातावरण के आयाम का चित्रण प्रस्तुत करता है|अच्छा साहित्य का संग्रहण तो फिर भी आसन होता है परन्तु गन्दा साहित्य समाज की बदनामी का कारक बनता है| इसी प्रकार लोकगीतों का संग्रह भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है|"सन 1866 में टेम्पल महोदय के उद्योग से रेरेंड एस. हिस्लाप के लेखों का प्रकाशन हुआ| इन आलेखों का सम्बन्ध मध्य प्रदेश तथा मध्यभारत के आदिवासियों से था"|

निष्कर्ष :-

वर्तमान में लोक गायक अधिकांशतः बुजुर्ग वर्ग आते है इस कारण ज्यादातर युवा वर्ग विदेशी फ़िल्मी गीतों की तरफ अधिक आकर्षित होता है, फलस्वरूप लोकगीत क्षीण हो रहे है| इनके घटने का कारण यह है की आज भाषा की अज्ञानता वश यह आसानी से समझ में नहीं आ पाते|लोकगीतों हेतु स्थानीय स्तर पर प्रोत्साहन कम मिलना भी इसकी एक वजह है| न ही ऐसा कोई मंच बच है जो लोकगीतों को पनपने और विकसित होने का साधन प्रदान कर सके| लोकगीत एवं लोक साहित्य को लोग अनपढ़,अशिष्ट अटपटी ज्ञान विहीन कल्पना शून्य की तरह देखा जाता है| इसीलिए आज जब परम्परिक लोकगीत को सुअवसरों पर गाया बजाया जाता है तो यह कौतुहल प्रतीत होता है| तब ज्ञान होता है है की यह चीजे विचित्र सी लगने वाली चीज़े , मजेदार है, इसमें पर्याप्त मनोरंजन है| अतः नए गीतों के साथ पिछले गीत घुलते जाते है| नई पीढ़, नए भाव, यही गीतों की परंपरा है| गीतों में विज्ञानं की तराश नहीं, मानव संस्कृति का सारल्य और व्यापक भावों का उभार होता है| भावों की लड़ियाँ लम्बे - लम्बे खेतों की स्वच्छ पेड़ों की नयी डाली सी 'रफ' और मिटटी की तरह सत्य है"

****

संदर्भ सूची :-

I.डॉ कपिल तिवारी, संपदा (म.प्र. की जनजातीय संस्कृति) पृ 1- 10
II.संपादक – लक्ष्मीनारायण गर्ग – लोक संगीत अंक, पृष्ठ संख्या - 99
III.चौहान, विद्या, लोकगीतों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, प्रगति प्रकाशन, आगरा, पृ ७३
IV.उपाध्याय डॉ कृष्णदेव , भोजपुरी लोक साहित्य का अध्ययन, हिंदी प्रचारक पुस्तकालय वाराणसी, अक्तूबर १९६०
V.चौहान, विद्या, लोकगीतों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, प्रगति प्रकाशन, आगरा, पृ ७४
VI. उपाध्याय डॉ कृष्णदेव , भोजपुरी लोक साहित्य का अध्ययन, हिंदी प्रचारक पुस्तकालय वाराणसी, अक्तूबर१९६०, पेज न.64
VII.हिंदी मंदिर, प्रेस प्रयाग सन १९२९ में प्रकाशित
VIII.हिंदी साहित्य प्रेस, इलाहाबाद, १९५९, पेज न. 6
IX.चौहान, विद्या, लोकगीतों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, प्रगति प्रकाशन, आगरा, पृ ७४
X.पंडित हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिंदी साहित्य की भूमिका, पृ १३८
XI.कविता- कौमुदी, भाग , पृ ४५
XII.चौहान, विद्या, लोकगीतों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, प्रगति प्रकाशन, आगरा, पृ. ९९
XIII.वही पृ १०३-१०५
XIV.अग्रवाल, रामभरोस,गोंड जाति का सामाजिक अध्ययन गोंड, संस्कृति,इतिहास , गोंडी पब्लिक ट्रस्ट, मंडला, पृ.182
XV. वही 183
XVI.वही 184
XVII.वही 187
XVIII.वही 188
XIX.वही 191
XX. वही 191
XXI.डॉ कपिल तिवारी, संपदा (म.प्र. की जनजातीय संस्कृति परम्परा का साक्ष्य) पृ ३७६
XXII.उपाध्याय डॉ कृष्णदेव , भोजपुरी लोक साहित्य का अध्ययन, हिंदी प्रचारक पुस्तकालय वाराणसी, अक्तूबर१९६०
XXIII.Folk song ofMechelHillsintroduction p.16
XXIV.छत्तीसगढ़ी, लोकगीतों का परिचय,श्यामाचरण दुबे की भूमिका से उदत्त
XXV.हिंदी साहित्य प्रेस, इलाहाबाद, १९५९, पेज न. 8
XXVI.वही पेज न 5
XXVII.वही पेज 8
XXVIII.हिंदी साहित्य प्रेस, इलाहाबाद, १९५९, पेज न. 3
XXIX.श्याम परमार : भारतीय लोक साहित्य, पृ. ३३

तुलसी के राम

डॉ. निशा पटेल
(नेट-जे.आर.एफ.) अतिथि विद्वान (हिन्दी विभाग)
अ.प्र. सिंह विष्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

स्वामी रामानंद जी की शिष्य परंपरा के द्वारा एक के बड़े भाग में राम भक्ति की पुष्टि निरंतर होती आ रही थी। भक्त लोग फुटकल पदों में राम की महिमा गाते आ रहे थे, पर हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में इस भक्ति का परमोज्ज्वल प्रकाश17वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में गोस्वामी तुलसीदास जी की वाणी द्वारा स्फुटित हुआ। रामभक्ति का वह परम विषद साहित्यिक संदर्भ इन्हीं भक्ति शिरोमणि द्वारा संगठित हुआ जिसमें हिन्दी काव्य की प्रौढ़ता के युग का आरंभ हुआ।

लोकधर्म और भक्तिसाधना को एक में सम्मिलित करके दिखाया उसी प्रकार कर्म ज्ञान और उपासना के बीच भी सामंजस्य उपस्थित किया। रामचरितमानस में बालकाण्ड में संत समाज का जो लम्बा रूपक है वह इस बात को स्पष्ट रूप में सामने लाता है। भक्ति की चरम सीमा पर पहुँचकर भी लोकपक्ष उन्होंने नहीं छोड़ा। लोकसंग्रह का भाव उनकी भक्ति का एक अंग था। यही कारण है कि इनकी भक्ति रसभरी वाणी जैसी मंगलकारिणी मानी गई वैसी और किसी की नहीं। आज राजा से रंक तक के घर में गोस्वामी जी का रामचरितमानस विराज रहा है। रामचरितमानस में नाम और रूप दोनों को ईश्वर की उपाधि कहकर वे उन्हें उसकी अभिव्यक्ति मानते हैं-

''नाम रूप दई ईस उपाधि। अकथ अनादि सुसामुझि साधी।
नाम रूप गति अकथ कहानी। समुझत सुखद न परति बखानी।।''

रचनाकौशल प्रबंध पटुता, सहृदयता इत्यादि सब गुणों का समाहार हमें रामचरितमानस में मिलता है। कथा के मार्मिक स्थलों की पहचान। अधिक विस्तार हमें ऐसे ही प्रसंगो का मिलता है, जो मनुष्य मात्र के हृदय को स्पर्ष करने वाले हैं- जैसे जनक की वाटिका में राम-सीता का परस्पर दर्शन, राम वन गमन, दशरथ मरण, भरत की आत्मग्लानि, वन के मार्ग में स्त्री-पुरुषों की सहानुभूति युद्ध में लक्ष्मण को शक्ति लगना इत्यादि। जिस धूमधाम से मानस की प्रस्तावना चली है, उसे देखते ही ग्रंथ के महत्व को आवास मिल जाता है। उससे साफ झलकता है कि तुलसीदास जी अपने ही तक दृष्टि रखने वाले भक्त न थे संसार को भी दृष्टि फैलाकर देखने वाले भक्त थे। जिस भक्त जगत् के बीच उन्हें भगवान् के रामरूप की कला का दर्शन कराना था पहले चारो ओर दृष्टि दौड़ाकर अनेक रूपात्मक स्वरूप को उन्होंने सामने रखा है।

राम के प्रामाणिक चरित द्वारा वे जीवन भर बना रहने वाला प्रभाव उत्पन्न करना चाहते थे और काव्यों के समान केवल अल्पस्थायी रसानुभूति मात्र नहीं। सम्पूर्ण विश्व जिस राम की अराधना में लगा हुआ है,वह राम आयोध्या का राजा या राजकुमार नहीं है, मानव का महामानव में परिवर्तन होना एक बहुत बड़े आश्चर्य की बात होती है। राम का जो भव्य और विराट स्वरूप हमें सभी के सामने है, वह उन्हें बनवास अवधि से ही प्राप्त हुआ है। प्रतिकूलता में अनुकूलताएँ खोजना धार के विपरीत तैरकर किनारा प्राप्त करना सर्वस्व त्यागेकर कम में ही अपनी भूख-प्यास बुझाना संघर्ष में ही अपना आराम देखना,ये अद्भुत व्यक्तित्व ही राम को श्रीराम बनाता है। सन्यासी वेश होना,नग्न पाद, शीत, धूप, बरसात में चलते जाना सामने आये भौतिक सौन्दर्य को तिलांजलि देना चरण में आये हुये को शरण देना जो श्रापित है उनका उद्धार करना, जो उनके दर्शन के इच्छुक है उनकी इच्छाएं शांत करना यह मणि कंचन रूप का व्यक्तित्व महिमामई राम का है, जो उन्हें दण्डक वन से मिला है। इसलिए मैथलीशरण गुप्त ने उन्हें ईष्वर होते हुए भी मानव के रूप में देखा है, और कहा है संदेश यहाँ का नहीं, स्वर्ग का लाया इस धरती को ही स्वर्ग बनाने आया। अपने विराट व्यक्तित्व के माध्यम से राम ने स्वयं में मर्यादा, विनम्रता, अनुशासन, दूसरे का सम्मान और शत्रु का नास, मित्र की रक्षा, जंगल में मंगल यनी लोकमंगल अपना विशिष्ट ध्येय बनाया,

जहाँ सत्य है छल नहीं है, जहाँ प्रेम है, कपट नहीं हैं जहाँ तप है लालच नहीं है जहाँ बल है पर अहंकार नहीं है, ऐसा व्यक्तित्व ही इस धरती पर रामराज्य ला सकता है। महिमावान श्रीराम दण्डक वन में स्वयं को प्रतिष्ठित कर चुके थे। यही कारण रहा होगा उनके दर्शन के अभिलाषी अनेकों ऋषि-मुनि रहे हैं मातृभक्ति शबरी रही हैं गिद्ध जटायु उनके आने के इंतजार में रहा है। कुछ काल के पश्चात् राम ने चित्रकूट से प्रेयाण किया तथा वे अत्रि ऋषि के आश्रम में गये, तो उनका आगमन सुनते ही महामुनि हर्षित हो गये। शरीर पुलकित हो गया, अत्रि जी उठकर दौड़े। उन्हें दौड़े आते देखकर श्री रामजी और भी शीघ्रता से चले आये। दण्डवत् करते हुए ही श्री राम जी को मुनि ने हृदय से लगा लिया और प्रेमाश्रुओं के जल से दोनों जनों को नहला दिया।

"पुलकित गात अत्रि उठि धाए। देखि राम आतुर चलि आए।।
करत दंडवत मुनि उर लाए। प्रेम बारि द्वौं जन अन्हवाए।।"

श्री राम जी की छबि देखकर मुनि के नेत्र शीतल हो गये। तब वे उनको आदरपूर्वक अपने आश्रम में ले आये। फिर परम शीलवती और विनम्र श्री सीता जी अनसूया जी के चरण पकड़कर उनसे मिली। ऋषि पत्नी के मन में बड़ा सुख हुआ। उन्होंने आशीष देकर सीता जी को पास बैठा लिया। और उन्हें ऐसे दिव्य वस्त्र और आभूषण पहनाये, जो नित्य नये निर्मल और सुहावने बने रहते हैं। और स्त्रियों के कुछ धर्म बखानकर कहने लगी। जानकी जी ने सुनकर परम सुख पाया और आदरपूर्वक उनके चरणों में सिर नवाया। तब श्री राम जी ने मुनि से कहा आज्ञा हो तो अब दूसरे वन में जाऊँ।

"कठिन काल मल कोस धर्म न ग्यान न जोग जप।
परिहरि सकल भरोस रामहि भजहिं ते चतुर नर।।"

यह कठिन कलिकाल पापों का खजाना है; इसमें न धर्म है, न ज्ञान है और न योग तथा जप ही है। इसमें तो जो लोग सब भरोसों को छोड़कर श्री राम जी को ही भजते हैं, वे ही चतुर है। मुनि के चरण कमलों में सिर नवाकर देवता, मनुष्य और मुनियों के स्वामी श्री राम जी वन को चले। श्रेष्ठ मुनियों के बहुत से समूह उनके साथ हो लिया। हड्डियों का ढेर देखकर श्री रघुनाथ जी को बड़ी दया आयी, उन्होंने मुनियों से पूछा। मुनियों ने कहा-हे स्वामी! आप सर्वदर्शी है। जानते हुए भी हमसे कैसे पूछ रहे हैं? राक्षसों के दलों ने सब मुनियों को खा डाला है। ये सब उन्हीं की हड्डियों के ढेर है। यह सुनते ही राम के नेत्रों में जल छा गया।

"अस्थि समूह देखि रघुराया, पूछी मुनिन्ह लागि अति दाया
निसिचर निकर सकल मुनि, खाये, मुनि रघुवीर नयन जल छाये।"

$$$$

"निसिचर हीन करउँ महि भुज उठाइ पन कीन्ह।
सकल मुनिन्ह के आश्रममन्हि जाई जाई सुख दीन्ह।।"

श्री राम भुजा उठाकर प्रण किया कि मैं पृथ्वी को राक्षसों से रहित कर दूँगा। फिर समस्त मुनियों के आश्रमों में जा जाकर उनको सुख दिया जब से श्री राम जी ने वहाँ निवास किया तबसे मुनि सुखी हो गये, उनका डर जाता रहा। पर्वत, वन, नदी और तालाब शोभा से छा गये। वे दिनों दिन अधिक सुहावने मालूम होने लगे पक्षी और पशुओं के समूह आनन्दित रहते हैं और भौंरे मधुर गुंजार करते हुए शोभा पा रहे हैं। जहाँ प्रत्यक्ष श्री राम जी वियजमान हैं, उस वन का वर्णन सर्वराज शेष जी भी नहीं कर सकते।

"खग मृग वृंद अनंदित रहहीं। मधुप मधुर गुंजत छबि लहहीं।।
सो बन बरनि न सक अहिराजा। जहँ प्रगट रघुबीर बिराजा।।"

शूर्पणखा नामक रावण की बहन थी, जो नागिन समान भयानक और दुष्ट हृदय की थी। वह एक बार पंचवटी में गई, और दोनों राजकुमारों को देखकर विकल हो गई। शूर्पणखा का विवाह प्रस्ताव, दोनों भ्राताओं का विनोद, लक्ष्मण का अविवाहित बतलाया जाना, शूर्पणखा का क्रोधित होकर सीता को खाने के लिए दौड़ना और राम के संकेत से लक्ष्मण द्वारा उसका विरूपण और इस प्रकार रावण को युद्ध की चुनौती दी जाना। शूर्पणखा विरूपण प्रसंग तो भावी राम-रावण युद्ध की भूमिका है, इस रूप में घटनातत्व का विश्लेषण करते हुए तुलसी लिखते हैं-

"लछिमन अति लाघवँ सो नाक कान बिनु कीन्हि।
ताके कर रावन कहँ मनौ चुनौती दीन्हि।।"

शूर्पणखा रावण से कहती हैं- अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र, जो पुरुषों में सिंह के समान हैं, वन में शिकार खेलने आये हैं। मुझे उनकी करनी ऐसी समझ पड़ी है कि वे पृथ्वी को राक्षसों से रहित कर देंगे। मेरी पुकार सुनकर खर-दूषण सहायता करने आये। पर उन्होंने क्षण भर में सारी सेना को मार डाला खर-दूषण और त्रिशिराका वध सुनकर रावण के सारे अंग जल उठे। तुलसी के भक्तिभाव के कारण विशेष रूप से परिवर्तन आ गया है। तुलसी के कथा में सीता के स्थान पर छाया सीता का हरण होता है, और यह भी अपहृण नहीं वरन् हरण की लीला के बहाने पृथ्वी का बोझ उतारने का उपाया होता है और रावण भी सीता का हरण नहीं करता वरन अपनी मुक्ति के लिए सरल उपाय करता है, क्योंकि उसे आभास हो गया है कि खर-दूषण को कारने वाला और कोई नहीं स्वयं ईश्वर है। और सिर्फ इतना ही नहीं राम जब सीता की रक्षा के लिए लक्ष्मण को छोड़ गये और जब लक्ष्मण माया रूपी मारीच की आवाज और सीता के मर्मभेदी वचन सुनकर भी वे सीता को अकेला छोड़ जाने के लिए तत्पर नहीं हुए तो भगवान राम को सीता हरण आयोजन के लिए लक्ष्मण के मन को बदलना पड़ा। उस प्रसंग में तुलसी के मर्यादावाद ने वाल्मीकि के समान लक्ष्मण और सीता में वाद-विवाद न करवाकर उस समस्त वार्तालाप को 'मरम वचन' की पिटारी में रखकर संक्षिप्त कर दिया है।

"सीता परम रूचिर मृग देखा। अंग अंग सुमनोहर वेषा।
सुनहु देव रघुबीर कृपाला। एहि मृग कर अति सुंदर छाला।।"

$$$$

"क्रोधवंत तब रावन लीन्हिसि रथ बैठाइ
चला गगनपथ आतुर भयँ रथ हाँकि न जाइ।।"

श्री राम जी शबरी के आश्रम में पधारे। शबरी ने श्री राम को घर में आये देखा, तब मुनि मतंग जी के वचनों को याद करके उनका मन प्रसन्न हो गया। कमल-सदृश नेत्र और विशाल भुजावाले सिरपर जटाओं का मुमुट और हृदय पर वनमाला धारण किए हुए सुन्दर सांवले और गोरे दोनों भाइयों के चरणों में शबरी जी लिपट पड़ी।

"प्रेम मगन मुख बचन न आवा। पुनि पुनि पद सरोज सिर नावा।।
सादर जल लै चरन पखारे। पुनि सुन्दर आसन बैठारे।।"

$$$$

"कंद मूल फल सुरस अति दिए राम कहँ आनि।
प्रेम सहित प्रभु खाए बारंबार बखानि।।"

शबरी ने कहा हे रघुनाथ जी आप पंपा नामक सरोवर को जाइए, वहाँ आपकी सुग्रीव से मित्रता होगी। इस प्रकार दण्डवन में श्री राम जी का समय गुजरता गया और सीता की खोज में आगे बढ़ते है। प्रेम और श्रद्धा अर्थात् पूज्यवद्धि दोनों के मेल से भक्ति की निष्पत्ति होती है। श्रद्धा धर्म की अनुगामिनी है। जहाँ धर्म का स्फुरण दिखाई पड़ता है वहीं श्रद्धा टिकती है। धर्म ब्रह्म के सत्य स्वरूप की व्यक्त प्रवृत्ति है, उस स्वरूप की क्रियात्मक अभिव्यक्ति है, जिसका आभाश अखिल विश्व की स्थिति में मिलता है।

"रामराज भयो काज सगुन सुभ, राजा राम जगत विजई है।
स्मरय पड़ो सुजान सुसाहब, सुकृत सेन हारत जितई है।।"

अवधपुर, जनकपुर, चित्रकूट के राम में जो एक साम्य है, इन सबका योग दण्डक वन के राम में है।

****

संदर्भ ग्रंथ सूची:-
1. श्री रामचरितमानस, तुलसीदास, पृष्ठ 570
2. श्री रामचरितमानस, तुलसीदास, पृष्ठ 574
3. श्री रामचरितमानस, तुलसीदास, पृष्ठ 577
4. श्री रामचरितमानस, तुलसीदास, पृष्ठ 585
5. श्री रामचरितमानस, तुलसीदास, पृष्ठ 589
6. श्री रामचरितमानस, तुलसीदास, पृष्ठ 599
7. हिन्दी साहित्य का इतिहास, रामचन्द्र शुक्ल, पृष्ठ 122
8. हिन्दी साहित्य का इतिहास, रामचन्द्र शुक्ल, पृष्ठ 115
9. हिन्दी साहित्य का इतिहास, रामचन्द्र शुक्ल, पृष्ठ 117

मलयालम लेखिका कमला सुरैया की कहानियों में मातृत्व की झलक

डॉ. सनोज पी.आर
सहायक आचार्य
हिंदी विभाग
सेंट जोसफ कॉलेज देवगिरी कालीकट - केरल

आज से चार दशक पहले इस विषय पर निर्भीकता के साथ अकेले कलम और अक्षर को औजार बनाकर जूझने वाली लेखिका है मलयालम की कमला सुरैया। कमला सुरैया का अपना एक अलग ही साहित्य संस्कार था जिसे वह नैतिक मूल्यों से आबद्ध रखना चाहती थी। यह वह समय था जब लेखिकाएँ नैतिक मूल्यों को जीवन का आधार मानकर रचना कर्म में लीन रहती थीं। सीमाओं को तोड़ने का जुनून रखने वाली कमला सुरैया के विचार अन्य लेखिकाओं से भिन्न थे 'मेरी कथा' (My story) में उन्होंने लिखा है समाज के द्वारा बनाए नैतिक मूल्यों को नकारने के कई कारण हैं। इन लौकिक मूल्यों को बनाने वाला मनुष्य है। मनुष्य स्वयं नश्वर है तो उसके द्वारा निर्मित मूल्यों का क्या आधार है। समाजशास्त्र की दृष्टि से ऐसा एक विचार समाज में व्याप्त है कि साहित्यिक रचना किसी वैज्ञानिक शोध से कम नहीं है क्योंकि वह नए संस्कार को जन्म देती है। कमला सुरैया द्वारा निर्मित नए साहित्यिक संस्कार का साहित्यिक मंच पर क्या प्रभाव पड़ सकता है यह सोचने की बात है।

कमला सुरैया (कमला दास) के रचना व्यक्तित्व से परिचित होने के बाद भी उनके सर्जक व्यक्तित्व को परखा जा सकता है। लेखिका का घरेलू माहौल पूर्णतः साहित्यिक था। माँ बालामणि अम्मा की कविताएँ और नालाप्पाटु नारायण मेनोन से प्राप्त साहित्यिक ऊर्जा कमला सुरैया के सर्जक व्यक्तित्व की पृष्ठभूमि रही है। 14 साल की आयु से कमला सुरैया के स्वछन्द विचारों से स्पष्ट होता है कि वे किसी विचारधारा से प्रेरित होकर नहीं लिखतीं। लेखन के बारे में उन्होंने कहा है "मेरे लिए लेखन एक व्रत है, एक यज्ञ है। मेरा लेखन वर्तमान की नई पीढ़ी के लिए नहीं है बल्कि कल के लोगों के लिए है।" अर्थात् भविष्य के लिए एक पैतृक सम्पत्ति के समान सुरक्षित रहेगा। वरजीनियाँ वुल्फ ने भी अपनी किताब 'Room of One's Own' में यही बात लिखी है कि वे वर्तमान पीढ़ी के द्वारा:भविष्य में आने वाली पीढ़ी के साथ संवाद स्थापित कर रही है। अर्थात् रचनाकार का रचनात्मक तत्व भविष्य के लिए एक विरासत होनी चाहिए।

जीवन में अनुभवों की सीमाओं का संकट कमला सुरैया के सामने नहीं है।" मलयालम में उनकी कई श्रेष्ठ रचनाएँ हैं जो अपने नए प्रयोग और नूतन विषय वस्तु के कारण विख्यात हैं। उनकी रचनाधर्मिता किसी सीमित दायरे में सिकुड़ने वाली नहीं है और न ही किसी प्रकार के परंपरागत नियम व्यवस्था से जुड़ने वाली है। रचना धर्म के प्रति उनका अपना एक 'विज़न' है। वे मानती हैं कि रचनाकार नियमों, पाठकीय माँगों, आलोचना के सैद्धांतिक तत्वों के आधार पर लेखन कार्य नहीं कर सकते। ऐसा करना साहित्य की प्रकृति के विरुद्ध है। वैयक्तिक स्वतंत्रता के समान ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का भी कमला सुरैया हर एक लेखक के लिए अभिव्यक्ति की स्वाधीनता को अनिवार्य मानती हैं। रचनाकार नई-नई रचनाओं का सृजन इसलिए करता है क्योंकि वह अपने आपको व्यक्त करना चाहता है। सृजन प्रक्रिया के प्रति हिन्दी की मशहूर लेखिका मृदुला गर्ग का भी यही विचार हैं

कमला सुरैया की कहानियों में मातृत्व की झलक -प्राचीन काल से ही भारतवर्ष में स्त्री के मातृत्व भाव का महत्वपूर्ण स्थान है। स्त्री का यह स्वरूप असीम त्याग, सेवा भाव, अनुकंपा, अपार श्रद्धा, सहनशीलता परिपूर्ण है। भारतीय संदर्भ में 'स्त्री' पहले माँ है बाद में पत्नी। भारत वर्ष में स्त्री का ममतामयी रूप ही पूजनीय है जबकि पाश्चात्य देशों में स्त्री पहले प्रेयसी व पत्नी है बाद में माँ है। माँ के रूप में वह पूजित नहीं है। पत्नी और प्रेयसी के रूप में वह भोग्य पहले है, जिसे पुरुष को आकर्षित करने के लिए अपने शरीर पर अत्याचार कर उसे सजाना-संवारना पड़ता है। "प्रेयसी भावना में स्वच्छंद प्रेम की भावना अन्तर्निहित रहती है, उसमें एक प्रकार से जीवन की एक अतृप्त वासना की अभिव्यक्ति होती है। इसके विपरीत पत्नी एक संसकारबद्ध रूप है जिसके पगों में कर्तव्य की पुकार का उत्तर है उसके जीवन की वह वृत्ति है जो मातृत्व का चरम मार्ग है।"1

स्त्री जीवन का आधार ही उसका ममतामयी स्वरूप और वात्सल्य प्रेम है। वात्सल्य उसके जीवन का परम लक्ष्य है। वह वात्सल्य बच्चों के प्रति, बड़ों के प्रति और जीव-जन्तुओं के प्रति उत्सर्ग होता है। गृहलक्ष्मी का ममतामयी रूप प्राचीन काल से ही उदात्तमय है। प्रतिमा के रूप में भारतीय परिवार में स्त्री का सात्विक रूप है। उसकी आज्ञा, उसके विचार, उसके आदेश परिवार में सर्वोपरि माना जाता है।

मातृत्व की भावना स्त्री में शैशवकाल से ही देखी जाती है। वह छोटी बच्ची में एक ममतामयी माँ का मिनियेचर रूप रहता है। इसलिए ही बच्चियाँ गुड्डे-गुड़ियों के खेल में माँ-बाप बनकर गुड़ियों का ब्याह रचाती हैं। घर में खाना बनाती हैं, घर का काम संभालती हैं। अर्थात् मातृत्व की भावना बच्चियों में छुटपुट में ही विद्यमान होती है। यही भावना उसकी यौवनावस्था में माँ बनकर प्रबल होती है। - शास्त्रों में ऐसा माना गया है कि कोई भी स्त्री माँ बने बिना पूरी तरह तृप्त नहीं होती। स्त्री की पूर्णता व्यक्तित्व का विकास पूरा सौन्दर्य उसके ममतामयी स्वभाव में निहित है। इसलिए ही जब लड़की का ब्याह होता है, वह ससुराल जाती है वह अपने देवर और छोटी बहनों के लिए भाभी माँ होती है। मलयालम में भाभी को 'एडती अम्मा' कहा जाता है। ऐडती का अर्थ 'दीदी' है अर्थात् भाभी 'माँ'। कितना विराट है 'माँ' का अस्तित्व।

आज इस उत्तर आधुनिक युग में, जहाँ संबंध शिथिल हो रहे हैं, माता-पिता संतानों के लिए भार स्वरूप हो रहे हैं। सभी रिश्तों की मान्यताएँ बदल रही हैं। इन सबका कारण पश्चिमी संस्कृति का भयानक हस्तक्षेप है। आज का हर एक भारतीय इंसान पाश्चात्य संस्कृति की गिरफ्त में है। पाश्चात्य संस्कृति में माता-पिता को एक उम्र के बाद वृद्ध सदनों में छोड़ दिया जाता है। यही स्थिति आज भारत वर्ष में भर देखी जा रही है। कहने का तात्पर्य यह है कि आज का आम भारतीय पाश्चात्य संस्कार के मक्कड़जाल में बुरी तरह फँस गया है। परिणाम स्वरूप हमारे संस्कार, मान्यताएँ दूषित होकर समाप्त हो रही हैं। संबंधों का स्थायित्व आम भारतीय परिवारों में देखा जा रहा है। समर्पण की भावना कहीं नहीं है। स्त्री जीवन का आधार उसके जननी रूप में है। इसलिए ही कहा गया है कि 'जननी जन्म भूमिश्चस्वर्गाधपि गरियसी' अर्थात् माता मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। सम्पूर्ण विश्व ब्रह्मांड की सूत्रधारिणी माता ही है, इसलिए ही हम धरणी, भूमि, देवी आदि नामों से पृथ्वी को संबोधित करते हैं। माँ के प्रति स्नेह, समर्पण, गौरव की बातें साहित्य की प्रमुख अंतर्धारा बन चुकी हैं विशेषकर कुछ श्रेष्ठ कहानीकारों की रचनाओं माँ

का स्नेह, वात्सल्य भाव का त्याग की भावना विस्तार से चित्रित है। इसलिए ही कुरान जैसे ग्रंथों में कहा गया है कि संसार का स्वर्ग माँ के चरणों में है। माँ के इस विराट स्वरूप को मलयालम की श्रेष्ठ लेखिका ने रूपायित किया है। मलयालम की एक सशक्त लेखिका है कमला सुरैया। कमला सूरैया की कहानियों से गुजरते वक्त हमें ऐसा आभास होता है कि उनकी कहानियाँ कहीं न कहीं हमारे जीवन से जुड़ी हैं अर्थात् उनकी कहानियाँ जीवन की सच्चाइयों से जुड़ी हुई हैं। 'पुनर्जीवित पक्षी' लेखिका की स्वयं की कहानी है। इस कहानी में भी माँ बनने की विचित्र अवस्थाओं का और अपनी सन्तान के प्रति ममता की भावना को दर्शाया है। लेखिका अपने तीसरे प्रसव के लिए अपने घर काषिक्कोड़ आती है। प्रसव पीड़ा में तड़पते समय प्रकृति की अवस्था का वर्णन करती हैं। बाहर ठंडी-ठंडी हवा प्रवाहित हो रही थी जो वर्षा ऋतु के आगमन का संकेत दे रही थी। लेखिका प्रसव पीड़ा को दूर करने के लिए 'गायत्री मंत्र' का जप कर रही थी। मंत्र जपते-जपते तीसरे पुत्र का जन्म होता है। ऐसा माना जाता है कि प्रसव काल स्त्री के लिए पुनर्जीवन होता है क्योंकि दर्दनाक स्थितियों को पार कर सृष्टिकर्म होता है। स्त्री सन्तान प्राप्ति की खुशी के लिए समस्त दर्दों को भूल जाती है। लेखिका का एक प्यारा सा मुन्ना होता है। वह अपने सारे दर्द भूल जाती है। उसे लगता है उसकी अवस्था 'फिनिक्स पक्षी' की तरह हो गई है जो अग्नि की ज्वाला में जलकर गल जाने के बावजूद भी पुनः वहीं कांति और नवजीवन को लेकर जागृत होती है। मैं भी वैसे ही जीवन की संघर्षपूर्ण अवस्थाओं से जागृत हो उठी थी। जीवन के नशे में मैं फिर उत्तम हो उठी।" इस कहानी का सच यह है कि ममता की भावना ही स्त्री के अन्दर 'फिनिक्स पक्षी' को जागृत करती है।

कमला सुरैया की कहानियों में 'ममता' की भावना सिर्फ माँ में ही नहीं, बल्कि नानी माँ, दादी माँ के द्वारा भी दर्शाया गया है। 'मेहमान' कहानी में एक दादी माँ का अपनी पोती के प्रति ममता की भावना, स्नेह प्यार को दिखाया गया है। एक बार कमलाक्षी के घर मेहमान के रूप में एक नवयुवक आता है उसके पिता से मिले। पिता की अनुपस्थिति में दादी मेहमान नवाजी निभाती है। दादी माँ नक्युवक को देखकर अपनी पोती कमलाक्षी से उसका रिश्ता जोड़ना चाहती है। वह अपनी पोती से कहती है, "क्या तुम्हें यही वरन गिला पहनने को। इस गंदे वस्त्र में तुम्हें कैस बाहर निकलने का मन हुआ। जाओ, वस्त्र बदली। लाल ब्लाउज पहन लो।"[8]

दादी सोचती है आगंतुक पोती को पसंद कर ले लेकिन आगंतुक के अंतिम वक्तव्य से वह बेहाल उठती है। वह आगंतुक से कहती है सुबह सोकर आराम से जाना। तब वह कहता है, "कल भोजन तक घर पहुँचना है। बड़े बेटे का जन्मदिन है।" किसका बेटा? "मेरा"

दादी ने सिर हिलाया, फिर कुछ कहे बिना दोनों ने दरवाजा बंद किया। कमलाक्षी ने चिमनी नीचे रख दी। जल्दी ही वह अपने शयन कक्ष की और गई। चटाई में लेटकर वह अपने जीवन की निराशाओं के बारे में सोचकर सिसककर रोने लगी। कमला सुरैया ने अपनी कहानियों में स्त्री के ममत्व को बड़ी खूबी के साथ उभारा है। स्त्री चाहे वह शिक्षित हो या अशिक्षित, सम्पन्न हो या निर्धन ममता की भावना प्रायः सभी स्त्रियों के अन्दर होती है। उसकी जीवंत उदाहरण है 'उण्णी', 'उण्णी' का अर्थ है 'मुन्ना'। इस कहानी का मुन्ना एक अनाथ लड़का है जो एक बार लेखिका के घर आता है। लेखिका उसका नाम पूछती है। तब वह कहता है मेरा नाम उन्नि है, मेरा कोई भी नहीं है। लड़के की निस्सहायावस्था को देखकर उसके अन्दर ममता की भावना जागृत हो जाती है। वह कहती है 'अन्दर आओ'। कुछ खाकर जल्दी-जल्दी चले जाना वह अन्दर आकर कालीन पर बैठ जाता है। बच्चे की विनम्रता को देखकर वह उसे सोफे पर बैठने को कहती है। मेरे घर में गरीब सम्पन्न सब एक समान हैं।

वह एक गिलास ठंडा दूध और मिठाई लेकर बैठक में आती है और कहती है यह सब खाकर जाना होगा। आज मद्रास से हवाई जहाज मेरे पति अपने दौरे के बाद लौट रहे हैं। दो घंटे में यहाँ पहुँच जाएँगे। तुम्हें देखकर उन्हें गुस्सा आ जाएगा। वे तुम पर नाराज़ होंगे, नाराज तो मुझ पर भी होंगे और कहेंगे क्यों दूसरों के बच्चों को घर पर बुलाती हो।

यहाँ एक स्त्री की विवशता है एक और पति का नियंत्रण और अंकुश है, दूसरी और स्त्री सहज ममता की भावना। वह लड़के को जबरदस्ती घर से निकाल देती है ऐसा करने पर उसका माँ हृदय मन ही मन रोने लगता है। कमला सुरैया की उक्त कहानियों में मातृत्व की भावना को सूक्ष्म और मनोवैज्ञानिक ढंग से उभारा गया है। इन कहिानियों को पढ़ने के बाद हमें ऐसा लगता है कि उन कहानियों का यथार्थ कहीं न कहीं हमारे जीवन से जुड़ा हुआ है। इन कहानियों के पात्र कहीं न कहीं हमारे चारों और कहीं घूम रहे हैं। ऐसा लगने का प्रमुख कारण कमला सुरैया की रचना धर्मिता है। भाषा में उनकी पकड़ अनूठी है। सीधी-सरल भाषा में मन की भावनाओं को स्पर्श करने, सहलाने व कुरेदने में कमला सुरैया सक्षम हैं। कहीं उनकी भाषा आक्रामक भी होती है। कहीं तीखी धार से वह अन्यान्य अत्याचार करने वालों पर प्रहार करती हैं।

****

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. उपन्यासकार चतुरसेन शास्त्री के नारी पात्र डॉ. सुखदेव हंस, पृ. 25
2. विभ्रान्ति - कमला सुरैया पृ. 14
3. वही
4. बकरा - कमला सुरैया पृ. 21
5. अंधकार का दूसरा अध्याय कमला सुरैया पृ. 23
6. पुनर्जीवित पक्षी कमला सुरैया पृ. 49
7. मेहमान कमला सुरैया 7 पृ. 33
8. वही - पृ. 34

Role of tourism development schemes like VCSGPSY in tourism development in the state of Uttarakhand

Rohit Joshi
Research Scholar,
Department of Commerce DSB Campus,
Kumaun University, Nainital, India

Prof. B. D. Kavidayal
Ex. Dean & Head, Department of Commerce
DSB Campus
Kumaun University, Nainital, India

Abstract
Tourism is an industry that has helped in creation of wealth for masses directly and indirectly throughout the world. Uttarakhand being a tourist hotspot is enviably dependent on tourism related activities for generation of income and employment in the state. In the current paper an attempt was made to critically evaluate of one such tourism development scheme (VCSGPSY). The study was based on the list of 598 beneficiaries of the Nainital district of the Kumaun region, to which subsidy under various heads under the tourism development scheme were provided on the loan taken by them. The collected data is tabulated, frequency tables are prepared and charts are drawn and presented. The following were the important observations; the scheme has helped in employment generation but is concentrated towards disbursement of vehicular loans only. The study also reflects that major beneficiaries are of the upper caste and majority of them are male applicants. Further the distribution of loans is observed to be done more in urban blocks. Reverse migration can be assured by making the scheme focused more on skilled workers working in tourism sector outside the state.

Keywords: Tourism development, Employment, Subsidy, Reverse Migration

Introduction
Tourism in Uttarakhand has played a vital role in shaping up the landscape of the state and has also helped the state in attaining widespread growth and economic development for all. These have been many efforts made from time to time by the government to give a boost to the tourism industry in the state. One such attempt to promote tourism in the state was done through introduction of the Veer Chandra Singh Garhwali Paryatan Swarojgar Yojna with the objective of providing employment opportunities to the youth for development of various tourism facilities in the state. Under the scheme various opportunities for development of Hotels, Guest houses, Tourist Information Centres, & purchase of Vehicle, Trek equipment etc. were given by the government. Loans were given to the beneficiaries under various heads along with a subsidy of 20%, 25% and 33% depending on the times and the head that one applied for.

Objective of the study
- To evaluate the level of quality, accessibility, and sustainability of the infrastructure and amenities for tourism created under the scheme.
- To provide the detailed analysis of the benefit derived under the scheme
- To know about employment generation done under the scheme
- To analyse the disbursement of loan under various heads under the scheme

Review of Literature
Tourism has been one of the most fascinating topics for the researcher's worldwide. It contributes not only in employment generation but also helps in economic development through empowerment of man and resources in the areas that tourism activities takes place. Tourism has long been recognized as a key driver of economic growth, particularly in developing countries (Ardahaey, 2011). The tourism industry can create new jobs, both directly and indirectly, while also generating foreign exchange income and increasing tax revenues. Additionally, tourism can lead to the development of infrastructure

and have positive spill over effects on other sectors of the economy (Castro et al., 2020). However, the relationship between tourism and economic growth is not always straightforward. Empirical studies have found inconsistent results, with some studies demonstrating a positive impact of tourism on growth, while others have found either a negative or unclear effect (Castro et al., 2020). One review of 346 papers found that around 69% confirmed a positive impact, 9% a negative impact, and 11% a weak or unclear impact, with the results varying across different income groups (Castro et al., 2020). Some of the potential negative economic impacts of tourism development include the crowding out of local businesses, the leakage of tourism-related expenditure out of the host country, the high costs of tourism-related infrastructure, and the instability of tourism-related employment (Dwyer et al., 2009). Furthermore, tourism can sometimes lead to inflation and the prioritization of tourism over other economic activities (Ardahaey, 2011) (Dwyer et al., 2009). Tourism is recognized as a significant driver of economic growth and development, with its ability to generate employment opportunities and alleviate poverty (Odhiambo & Nyasha, 2019). According to the United Nations World Tourism Organization, tourism can account for up to 40% of the GDP and jobs in the least developed countries and more than 70% of their total service trade revenue (Wang & Liu, 2020).

The development of the tourism industry can be particularly important for less developed countries facing high unemployment rates, foreign exchange resource constraints, and a single-product economy (Godara et al., 2020). Tourism can create job opportunities for both unskilled and skilled workers, with estimates suggesting that every six tourists entering a country creates one job opportunity (Godara et al., 2020).

In India, for instance, it is estimated that every one million dollars invested in tourism creates 47.5 jobs directly and around 85–90 jobs indirectly (Agrawal, 2016). Tourism is not only a growth engine but also an employment generator, with the capacity to create large-scale employment both directly and indirectly through the multiplier effect (Agrawal, 2016).

Moreover, tourism development is seen as a key to many countries' economies and livelihoods, as well as a poverty alleviation agent (Odhiambo & Nyasha, 2019). Tourism features in three of the 17 Sustainable Development Goals, which set the tone for global development until 2030, underscoring its importance in promoting economic growth, decent employment, and sustainable production and consumption (Odhiambo & Nyasha, 2019).

Given the significance of tourism for economic and social development, many developing countries have utilized their resource advantages to enhance tourism's competitiveness and boost economic growth (Wang & Liu, 2020). Tourism development has the potential to translate to poverty reduction through the promotion of sustainable economic growth and development, decent employment, and the sustainable use of natural resources (Odhiambo & Nyasha, 2019).

